आज का मौसम
धूप खिली रहेगी, आसमान साफ़ रहेगा।
28° अधिकतम तापमान | 14° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:29 | सूर्यास्त 05:14
RNI.No. UPHIN/2019/79073
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, सोमवार, 20 नवंबर 2023
वर्ष 05, अंक 53, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

महिला दीवान के कारनामों की चर्चा चाहु ओर जिम्मेदार मौन...06

ट्रेन से कटकर अज्ञात अधेड़ की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस...07

## अयोध्या 'इतिहास के सबसे बड़े परिवर्तन' के लिए तैयार

**अयोध्या,** प्रभु श्री राम की जन्म भूमि आज देश के सबसे बड़े रेनोवेशन से गुजर रही है। 2024 तक, उत्तर प्रदेश का मंदिर शहर अयोध्या "प्राचीन शहर के इतिहास में सबसे बड़ा परिवर्तन" का गवाह बन सकता है, क्योंकि राम मंदिर के चल रहे निर्माण के अलावा, 30,923 करोड़ रुपये की 200 से अधिक विकासात्मक परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। अयोध्या के जिला मजिस्ट्रेट, नीतीश कुमार ने सौंदर्यीकरण परियोजनाओं की एक श्रृंखला पर चर्चा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह अयोध्या को "2024 तक दुनिया का सबसे सुंदर शहर बना देगा वर्तमान में, अयोध्या में 30,923 करोड़ रुपये की 200 से अधिक विकास परियोजनाएं प्रगति पर हैं। कुमार ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं कि अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बनाने का लक्ष्य रखने वाली सभी चल रही परियोजनाएं 2024 तक पूरी हो जाएं।

**हवाई अड्डे का विकास एक चुनौतीपूर्ण कार्य**

कुमार ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास सबसे महत्वपूर्ण था। हवाई अड्डे का काम लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना के तहत, हमने लगभग 821 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। रनवे का निर्माण, सीएटी-1 और आरईएसए सुविधाओं की स्थापना, जो रात में लैंडिंग या अत्यधिक मौसम की स्थिति में लैंडिंग की सुविधा प्रदान करती है, का काम किया जाता है। एटीसी टावर का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

कुमार ने आगे कहा कि भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) उड़ान संचालन के लिए अंतिम मंजूरी देने से पहले इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस), लोकलाइजर ग्लाइड पाथ आदि सहित कई कारकों की जांच करेगा। टर्मिनल भवन में कुछ अंतिम स्पर्श और शेष कार्य को छोड़कर, जिसके 22 जनवरी, 2024 को भगवान राम की मूर्ति के अभिषेक समारोह के समय तक पूरा होने की उम्मीद है, बाकी काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में 60 यात्रियों की बैठने की क्षमता वाले छोटे विमान हवाई अड्डे पर उतरेंगे, लेकिन 2025 तक, जब हवाई अड्डे का अंतिम चरण पूरा हो जाएगा, तो यह बोइंग हवाई जहाजों के लिए तैयार हो जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, अयोध्या जंक्शन का कायाकल्प, जिसे लगभग 620 करोड़ रुपये की कुल लागत पर किया गया सबसे बड़ा बदलाव कहा जाता है, अयोध्या के विकास के लिए एक और महत्वपूर्ण परियोजना थी। परियोजना के तहत, जो न केवल जंक्शन के विस्तार को सुनिश्चित करता है बल्कि इसके सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं की शुरूआत को भी सुनिश्चित करता है, यात्री टर्मिनल भवन के बाहरी हिस्से को राम मंदिर के समान रूप दिया गया था।

2019 में जंक्शन के विस्तार कार्य में तेजी आई। हालाँकि, एक विशाल कार्य होने के कारण, पूरे प्रोजेक्ट को दो चरणों में विभाजित किया गया था। पहले चरण में एक नई स्टेशन इमारत का निर्माण शामिल था। "चरण एक के तहत, 140 मीटर × 32.6 मीटर की एक तीन मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है, जो 3,645 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है, जिसमें ड्रॉप-ऑफ क्षेत्र प्रदान करने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए 140 मीटर × 12 मीटर का एक अतिरिक्त फ्रंट पोर्च है। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों में दो छह मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), आवासीय आवास परिसर, प्लेटफार्म नंबर 1, 2 और 3 का नया रूप और सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, लाउंज का निर्माण शामिल है। शयनगृह और टिकट कार्यालय का काम पूरा हो गया है, " डीएम ने कहा।उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे का निर्माण और रेलवे जंक्शन का विस्तार दोनों बहुत महत्वपूर्ण थे, क्योंकि राम मंदिर के जनता के लिए खुलने के बाद पर्यटकों



और भक्तों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। राम मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर अब खचाखच भरी गलियां, उपनगर और ट्रैफिक जाम बाधा नहीं बनेंगे। परियोजना के तहत, जिसके लिए यूपी सरकार ने लगभग 797 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है, राम मंदिर तक जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण की भी परिकल्पना की गई है। निर्माण और विस्तार कार्य के लिए तीन रास्तों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 2 किलोमीटर लंबा राम जन्मभूमि पथ शामिल है जो सुग्रीव क़िला को राम मंदिर से जोड़ता है।

दूसरा भक्ति पथ है, जो 850 मीटर का मार्ग है जो श्रृंगार हाट को राम जन्मभूमि से जोड़ता है। और तीसरा है राम पथ गलियारा, सहादतगंज से नया घाट तक 13 किलोमीटर लंबा। डीएम ने कहा, "जनवरी 2024 तक सभी तीन मार्गों को पूरा करने के लिए 1,000 से अधिक श्रमिकों को सेवा में लगाया गया है।" उन्होंने कहा कि राम पथ पर विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण के बाद 800 से अधिक प्रतिष्ठानों को हटाया गया है। इसके अलावा, यूपी सरकार ने अयोध्या शहर से होकर गुजरने वाली पंच कोसी और शहर के बाहरी इलाके को कवर करने वाले 14-कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण को भी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए लगभग 2,600 घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को ध्वस्त किया जाएगा।

## सतीश सिंह मर्डर मामले में बड़ा खुलासा, पुलिसकर्मी की हत्या को भाई-बहन ने दिया था अंजाम



**लखनऊ** में पीएसी इंस्पेक्टर सतीश सिंह की दिवाली की रात गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी। सतीश कुमार सिंह की हत्या के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। सतीश की हत्या के पीछे उसका साला देवेंद्र और उसकी पत्नी भावना सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सतीश की हत्या को अंजाम देने के लिए पत्नी और साले ने मिलकर प्लानिंग की थी। जब इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह को गोलियां लगी उसे समय उसकी पत्नी भावना और बेटी गाड़ी में ही बैठे हुए थे।

मामले की जांच में जुटी पुलिस का कहना है की पत्नी को ही पति की हत्या की पूरी जानकारी थी। पुलिस ने नहर से 32 बोर की पिस्टल भी बरामद की है जिससे सतीश को उसके साले ने ही गोलियों से भून दिया था। सतीश सिंह का कई महिलाओं के साथ अवैध संबंध था इस कारण उसकी हत्या को अंजाम दिया गया। सतीश के अवैध रिश्तों के कारण भावना के साथ उसके संबंध अच्छे नहीं थे और दोनों के बीच कई बार झगड़ा होते थे। अपनी बहन को परेशान देखकर भाई देवेंद्र ने इंस्पेक्टर की हत्या की साजिश रची। इस घटना की रात इंस्पेक्टर की लोकेशन को ट्रैक करने के लिए आरोपी ने पहले इंस्पेक्टर की गाड़ी में जीपीएस ट्रैकर लगाया।

वहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए साले ने पहले साइकिल खरीदी और टीशर्ट पहनकर इस घटना को अंजाम दिया। आरोपी सतीश को गोलियां मरने के बाद फरार हो गया। फरार होने के बाद उसने राशि में साइकिल और कपड़ों को भी ठिकाने लगाया। पुलिस जांच में सर्विलांस से बचने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ दिया था ताकि उसकी लोकेशन घर पर ही मिले।

**पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले**

इंस्पेक्टर की हत्या के मामले में जुटी पुलिस की पार्टी में लगातार छानबीन करने में जुटी थी। पुलिस की टीमों ने 10 किलोमीटर के दायरे में 400 सीसीटीवी खंगाले। सीसीटीवी फुटेज खंगाल आने के बाद आरोपी को ट्रैक किया गया।

## उत्तर प्रदेश में हलाल सर्टिफिकेट वाले उत्पादों पर लगा प्रतिबंध

स्वतंत्र प्रभात

**उत्तर प्रदेश** की योगी आदित्यनाथ सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट वाले खाद्य उत्पादों के निर्माण, भण्डारण, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार का मानना है कि हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अवैध कारोबार हो रहा है। यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लगाया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को डेयरी उत्पाद, चीनी, बेकरी उत्पाद, पेपरमिंट ऑयल, खाने के लिए तैयार नमकीन और खाद्य तेल सहित खाद्य उत्पादों पर जारी हलाल प्रमाणीकरण पर प्रतिबंध लगा दिया।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिबंध लगने की घोषणा से पहले ही शनिवार को एक आधिकारिक प्रवक्ता ने दावा किया था कि इस टैग का इस्तेमाल ÷प्रचार÷ फैलाने और धार्मिक भावना का शोषण÷ करने के लिए किया जा रहा है।

सरकार के प्रवक्ता ने कहा था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उचित अधिकार के बिना खाद्य और कॉस्मेटिक उत्पादों को हलाल प्रमाणपत्र जारी करने की अवैध प्रथा पर रोक लगाने के लिए तैयार हैं।धर्म की आड़ में एक विशेष वर्ग के बीच अनर्गल प्रचार किया जा रहा है।

यह घटनाक्रम लखनऊ में पुलिस द्वारा राज्य में बेचे जाने वाले खुदरा उत्पादों को अवैध हलाल प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए एक कंपनी और तीन संगठनों पर एफआईआर दर्ज करने के बाद आया है।

शुक्रवार 17 नवंबर को लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में इसको लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कुछ कंपनियों ने एक समुदाय के बीच अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए उत्पादों को हलाल के रूप में प्रमाणित करना शुरू कर दिया है और यह प्रथा जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

हलाल एक अरबी शब्द है जिसका मतलब वैध या जायज है। इस्लाम धर्म में जिन चीजों को हलाल माना गया है इसे ही मुस्लिम खा सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक यह शब्द विशेष रूप से इस्लामी आहार संबंधी कानूनों से जुड़ा है, जिसका तात्पर्य उस भोजन से है जो इस्लामी विश्वास के अनुपालन में खरीदा, संसाधित और व्यापार किया जाता है। हलाल का विपरित हराम होता है। हराम का मतलब ऐसी चीजें जिन्हें खाना या इस्तेमाल करना वर्जित है।

भोजन की दो वस्तुएं जिन्हें आमतौर पर हराम (गैर-हलाल) माना जाता है, वे हैं सूअर का मांस और नशीला पदार्थ (शराब)। यहां तक ? कि अन्य जानवरों के मांस को भी हलाल के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए अपने स्त्रोत, जिस तरह से जानवर को मारा गया था, और इसे कैसे संसाधित किया गया था, से संबंधित विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक हलाल सर्टिफिकेट उपभोक्ता को बस यह बताता है कि कोई उत्पाद हलाल माने जाने की आवश्यकताओं को पूरा करता है या नहीं। वे मांस की उपस्थिति का संकेत नहीं देते हैं, या स्वयं में, उनका मांस से कोई लेना-देना नहीं है।

भारत में हलाल उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए कोई आधिकारिक नियामक संस्था नहीं है। बल्कि, विभिन्न हलाल प्रमाणन एजेंसियां ??हैं जो कंपनियों, उत्पादों या खाद्य प्रतिष्ठानों को हलाल सर्टिफिकेट देती हैं। उनकी वैधता मुस्लिम उपभोक्ताओं के बीच उनके नाम-पहचान के साथ-साथ इस्लामी देशों में नियामकों से मान्यता में निहित है।

## वाह रे निघासन थाना पुलिस

- ●बेलहा डीह मामले में 48 घंटे तक दोनों पक्षों को थाने में बैठाये रखने के बाद भारी चढ़ावा चढ़ाने के बाद बिना कार्रवाई कर दिया मामले को रफा दफा
- ●तुम मेरा ध्यान रखो मैं तुम्हारा ख्याल रखूंगा की तर्ज पर काम कर रहे एसआई साहब
- ●पीड़ित को ही नसीहत दे रहे साहब क्यों झगड़ा करते हो मुकदमा लिखकर जेल भेज दूंगा

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी-** कोतवाली निघासन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलहा डीह मामले में एक वरिष्ठ दरोगा जी का तानाशाही पूर्ण रवैया क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। दरोगा जी का अजब गजब खेल विवाद हुए काफी समय बाद भी मामले में कोई कार्यवाही न होने की बात जन चर्चा का विषय बनी है। तानाशाह वरिष्ठ एस आई साहब द्वारा भारी चढ़ावा लेकर मामले को रफा-दफा कर दिए जाने की बात प्रकाश में आई है। इन वरिष्ठ एस आई साहब द्वारा कड़क भाषा में कहा क्यों झगड़ा करते हो मुकदमा लिख दूंगा अंदर चले जाओगे और नजराना पेश होने के बाद साहब के सुर बदल गए और कहां आगे से कोई विवाद मत करना। डरते काहे हो मामला कोई भी हो हम संभाल लेंगे। अरे यार फिर तुम हम वरिष्ठ दरोगा हैं कोतवाली में वही होता है जो हम चाहते हैं ।ऐसा लोगों का मानना है एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री महिलाओं को लेकर बेहद संजीदा हैं ।साथ ही महिला सशक्तिकरण के तहत थाना कोतवाली में महिलाओं की तैनाती करने के जारी आदेश के बाद कोतवाली में तेज तर्रार मानी जाने वाली महिला प्रभारी की तैनाती की गई। कार्यभार संभालने के बाद इनसे कोतवाली की जिम्मेदारी संभालती नजर नहीं आ रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम बेलहा डीह मेहुए आपसी विवाद का मामला है ।जिसमें दोनों पक्षों को 48 घंटे तक थाने में बैठाये रहने के बाद भी कार्यवाही न होने की बात सामने आई है। कार्यवाही की बजाय भारी चढ़ावा मिलने के बाद मामले को रफा दफा कर दिया गया। ऐसा लोगों का आरोप है और कार्यवाही नहीं की गई। सबसे मजेदार बात तो यह है की बड़ी कड़क भाषा में बोलने वाले तानाशाह यही एस आई साहब भारी चढ़ावा मिलने के बाद इस्माइल फेस के साथ आगे से लड़ाई ना करने की सीख देते हुए कहा सब अपने भाई हो। वहीं दूसरे पक्ष को समझा दिया परेशान मत होना ज्यादा समस्या हो तो बताना मुकदमा ठोक दूंगा। महीना के लिए अंदर हो जाएंगे ।बस आप हमारा यूं ही ध्यान रखो । यह है साहब का ला एण्ड ऑर्डर। एस आई साहब के इन कारनामों के चलते ईमानदार तेज तर्रार व ईमानदार महिला थाना प्रभारी की भी छवि पर गहरा असर पड़ रहा है। साहब का स्पष्ट कहना है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।साहब के कार्य व्यवहार से इनका स्टाफ भी इसे संतुष्ट नजर नहीं आता है। ऐसी जानकारी विभागीय कर्मी द्वारा नाम खुलासा न करने की शर्त पर दी गई है।

**आठ माह पूर्व स्थानांतरण होने के बावजूद अभी भी निघासन थाने में जमे हुए यह एस आई साहब**

निघासन थाने में तैनात इन एस आई साहब का आठ माह पूर्व स्थानांतरण हो चुका है। लेकिन ऊपर तक पहुंच के चलते आज तक इनकी रवानगी नहीं हो सकी है ।थाने में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक की तैनाती भले ही हो लेकिन संपूर्ण थाने का संचालन इन्हीं साहब के द्वारा किया जाता है। इनके बगैर थाने में एक पत्ता तक नहीं हिल सकता है ।ऐसा ग्रामीणों का आरोप है ।ग्रामीणों की जुबानी सत्य माने तो अब तक पांच प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन से स्थानांतरित हो चुके हैं लेकिन यह साहब लगातार निघासन थाने में ही जमे हुए हैं ।इससे उनकी ऊपर तक पहुंच का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। शायद यही कारण है की साहब के लिए नियम कानून कोई मायने नहीं रखते हैं। उनकी तानाशाही पूर्ण रवैया ही इनका नियम व कानून है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा दौरे से 10 मौतों को इंसाफ मिलेगा!

- ● जिंदगी मौत से मथुरा जूझ रहा है प्रशासन नृत्य में झूम रहा है
- ●जिम्मेदार और पीड़ित की सीएम दौरे पर नजर



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा** राया थाना क्षेत्र में पटाखा बाजार में अग्निकांड हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। लोग मुख्यमंत्री से इन 10 मौतों के लिए इंसाफ की उम्मीद लगाए हैं। मामले में प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

तीर्थनगरी मथुरा के राया थाना क्षेत्र में पटाखा बाजार में दिवाली के दिन अग्निकांड हो गया। अग्निकांड में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। मगर, हैरानी इस बात की है कि इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी इसमें एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा दौरे करने पर अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करते हैं ऐसे में जिले की जनता और 10 मृतकों के परिजन इंसाफ की गुहार लगाते हुए उनकी ओर देख रहे हैं।

दरअसल, इस हादसे के पीछे लापरवाही को लेकर शुरुआत से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में लापरवाही की बात सामने आ रही है। ऐसे में सवाल खड़ा हो गया है कि क्या लापरवाही को छुपाने के लिए ही अभी तक इस बड़ी घटना में मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है।

दरअसल, इस हादसे के पीछे लापरवाही को लेकर शुरुआत से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में लापरवाही की बात सामने आ रही है। ऐसे में सवाल खड़ा हो गया है कि क्या लापरवाही को छुपाने के लिए ही अभी तक इस बड़ी घटना में मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है।

**विधायक ने परिजन को बंधाया ढांढस**

शनिवार को सत्ता पक्ष के विधायक ठाकुर मेघश्याम मृतक खुशी के परिजन को सांत्वना देने पहुंचे। वहां उन्होंने घटना के लिए सीधे तौर पर सीओ और एसडीएम को जिम्मेदार ठहराया है। उनके इस बयान के बाद बवाल मच गया है। मगर, सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर वो कौन था, वो क्या कारण थे, किसकी लापरवाही थी, किसने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई जो मौत इस तरह का तांडव मचा रही है।

**25-25 लाख मुआवजा दे सरकार**

पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा हादसे में मृतकों के परिजनों मिलने नौहझील पहुंचे। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार जो मुआवजा दे रही है, वो बहुत कम है। प्रदेश सरकार से अग्निकांड में मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग उठाई। साथ ही घायलों को पांच-पांच लाख रुपए आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।

**जांच में यह आया सामने**

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने इस मामले में सीओ महावन और एसडीएम मांट को जांच सौंपी थी। बाद में जांच एसपी देहात और एडीएम प्रशासन को दी गई। मगर, प्रथम दृष्टया जांच के बाद सीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह अपनी रिपोर्ट सौंप चुके हैं। उनका कहना है कि पटाखा बाजार में देशी आतिशबाजी थी। बाजार के पास ही किसी ने आतिशबाजी दागी। इसका सुलगता हुआ कुछ हिस्सा देशी आतिशबाजी में लगा।

यह भी बात सामने आई कि किसी ने वहां धूम्रपान किया था। हालांकि अभी इस मामले में कोई ठोस सबूत नहीं सामने आए हैं। सवाल यह भी खड़े हो गए हैं कि आखिर किसकी निगरानी में चूक हुई तो बाजार में देशी बारूद आ गया। क्यों जिम्मेदारों ने लापरवाही बरती और नाबालिगों को भी बिक्री करने से नहीं रोका। क्यों दुकानों को सजाने के लिए पर्दे का इस्तेमाल करने दिया गया।

## थाना सासनीगेट पुलिस लिख रही धड़ाधड़ झूठे मुकद्दमें, पत्रकारों के आक्रोश

- ●पत्रकार के खिलाफ बिना कोई घटना के ही लिख दिया झूठा मुकद्दमाःराष्ट्रीय पत्रकार महासंघ
- ●एसपी सिटी से मुलाकात कर डीआईजी को सौंपेगें ज्ञापन आज

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की एक आवश्यक बैठक तस्वीर महल चौराहा स्थित राजा महेन्द्र प्रताप सिंहपार्क में आहत की गई। बैठक में पत्रकारों को फर्जी तरीके से आरोपी बनाए जाने से जिलाभर के पत्रकारों में रोष है। रिपोर्टरों पर एफआईआर की की निंदा करते हुए पत्रकारों ने कहा है कि पुलिस अपनी विफलता को दबाने के लिए पत्रकारों के खिलाफ दमन की कार्रवाई कर रही है। इसके खिलाफ पत्रकार एकजुट होकर इसका विरोध करेंगे और पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकदमा पुलिस वापस नहीं लेती है तो चरणबद्ध आंदोलन चलाने को बाध्य होंगे। पत्रकार धर्मेन्द्र राघव के खिलाफ दर्ज किये गये झूठे मुकद्दमें के सबंध में राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी एसपी सिटी मृगांक शेखर से मुलाकात करेगें और उसके बाद डीआईजी अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ शलभ माथुर को एक ज्ञापन सौंपकर थाना सासनीगेट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगें।

जिला संयोजक पत्रकार अनवर खांन ने कहा कि चौथा स्तंभ जनता की जानकारी पुलिस और प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन को पत्रकारों का शुक्रगुजार होना चाहिए था लेकिन अलीगढ़ में इसके विपरीत हुआ है। पत्रकारों पर फर्जी मामले दर्ज किए जा रहे हैं। सिर्फ़ अभी नहीं, बल्कि पिछले काफ़ी वक़्त से पत्रकार इस तरह के मामले अपने ऊपर झेल रहे हैं।

संगठन मंत्री वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र सिंह अरोरा ने कहा कि थाना सासनीगेट पुलिस द्वारा बिना कोई घटना के ही पत्रकारिता के माध्यम से समाजसेवा करने वाले 25 वर्ष पुराने पत्रकार की साफ-स्वच्छ छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से थाना सासनीगेट प्रभारी निरीक्षक और पुलिस चौकी प्रभारी पला साहिबाबाद द्वारा पैसे की सांठ-गांठ कर दबंग आरोपियों से मनगढ़त कहानी रचकर घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने का झूठा मुकद्दमा अपराध संख्या 0689/2023 आईपी सी की धारा 452,354 ख,323,504,506 दर्ज कर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। सभी पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की गई है।

धर्मेन्द्र राघव पत्रकार निवासी गौरी शंकर मंदिर के पास आजाद हिंद नगर भदेशी रोड़ पला साहिबाबाद थाना सासनीगेट का



शांतिप्रिय एक्सप्रेस मीडिया सर्विस भोपाल की न्यूज एजेन्सी में 18 वर्ष से बतौर जिला संवाददाता कार्य कर समाचार लिखकर समाज सेवा करता चला आ रहा है।

9 नवम्बर की शाम धर्मेन्द्र राघव अपने अखवार के कार्यालय में कार्य कर रहा था कि अचानक पड़ोस के रने वाले दबंग अजीत पुत्र नामालूम व उसकी पत्नी के साथ आधा दर्जन लोगों ने घर में घसकर मारपीट कर दी थी जिसके सबंध में तीन दिन बाद 12 नवम्बर को पुलिस ने मुकद्दमा संख्या 0684/2023 आईपीसी की धारा 147,452,354 ख,323,504,506 के तहत दर्ज पुलिस द्वारा डाक्टरी परीक्षण कराकर पंजीकृत किया गया था। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही तो की नहीं और पैसे का लेन-देन कर थाना सासनीगेट में पकड़े गये तीन दबंग आरोपियों को रात्रि में छोड़ दिया गया और 15 नवम्बर को पत्रकार की साफ-स्वच्छ छवि धूमिल करने के उद्देश्य से उल्टा मुकद्दमा थाना सासनीगेट प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल शर्मा और पला साहिबाबाद चौकी इंचार्ज संदीप द्वारा दबंग आरोपियों से पैसे की सांठ-गांठ कर उल्टा मुकद्दमा अपराध संख्या 0689 आईपीसी की धारा 452,354 ख,323,504,506 के तहत दर्ज किया गया है। जबकि जिस समय की घटना पुलिस द्वारा दिखाई जा रही है उस समय पत्रकार धर्मेन्द्र राघव अपने समाचार पत्र के कार्यालय में समाचार लिख रहे थे। पुलिस द्वारा झूठा मुकद्दमा दर्ज कर पत्रकार की छवि धूमिल कर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है, इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की सभी पत्रकारों ने मांग की है। बैठक में पत्रकार अहोराम सिंह राजोरिया,पुष्पेन्द्र सिंह,सत्यवीर सिंह यादव,वीरेन्द्र सिंह अरोरा,नौशाद अब्बासी,गौरव रावत, मौ.राशिद, कमल सिंह,बबलू खान,रोहित कुमार,राजेन्द्र कुमार,रॉकी आलोक आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बहन ने भाई और पति पर लगाया मारपीट का आरोप




**अंबेडकरनगर।** बहन की तहरीर पर अहिरौली पुलिस ने बहन के भाई व पति के खिलाफ मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी की धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापपुर चमुर्खा के मडियवा निवासिनी विनीता यादव पुत्री श्री राम यादव की शादी थाना सम्मनपुर माझियारी के कुर्की बरियावन निवासी अंगद यादव पुत्र मंगरु यादव के साथ हुई है उसके गोद में सात वर्ष की पुत्री आराध्या है। शनिवार को रोजी-रोटी के लिए काम करने दोपहर करीब 12 बजे गोसाईगंज बाजार जा रही थी। आरोप है तभी उसका भाई अशोक यादव उसके पति को फोन करके बुलाया। उसके भाई और पति ने कटेहरी बाजार में रोक कर उसे अनायास गाली देते हुए जान से मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। वहीं अहिरौली पुलिस ने भाई व पति के खिलाफ मारपीट गाली गलौच जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चार जुआरी दबोचे

**ऑपरेशन** प्रहार के तहत थाना दादों पुलिस टीम ने चार जुआरी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश पत्ते व रुपये बरामद किये हैं। ऑपरेशन प्रहार के तहत एवन पुत्र रिशाल की ट्यूबवैल ग्राम रामनगर से मन्जेश पुत्र नवाब सिंह, मनवीर पुत्र पदम सिंह, रामजीलाल पुत्र कुमरपाल सिंह, रामरहीश पुत्र अनार सिंह समस्त निवासीगण ग्राम रामनगर थाना दादो जनपद अलीगढ़ को 1120 रुपये व 52 पत्ते ताश के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी की स्कूटी सहित पकड़ा चोर



**अलीगढ़,।** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना गांधीपार्क पुलिस टीम ने शातिर चोर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की है। थाना गांधीपार्क पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मामू भांजा तिराहे से हिरदेश पुत्र रामनाथ निवासी मौ. जय गंज थाना सासनी गेट को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है।

### अपराध नियंत्रण के लिए सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जरूरीः एसपी

#### पुलिस लाइन में आयोजित हुई अपराध नियंत्रण संगोष्ठी



**बांदा।** अपराध निरोधक संगोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि अपराध नियंत्रण कैसे हो इसके लिए सामाजिक संस्थाओ व अपराध निरोधक कमेटियों का सहयोग जरूरी है। शहर के पुलिस लाइन सभागार में अपराध निरोधक कमेटी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने की। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी ग्राम सुरक्षा समितियों के पुनर्गठन कराएं अपराध नियंत्रण में हर थाने में पुलिस का सहयोग मिलेगा। जेल से मुक्त होकर बंदी पुनः अपराध की दिशा में सक्रिय हो जाते हैं। इन पर निगरानी रखी जानी जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यासागर द्विवेदी समेत एक दर्जन सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कमेटी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए। सभी सदस्यों का पुलिस अधीक्षक को परिचय कराया गया। बैठक में पूर्व डीआईजी बीएसएफ एके त्रिपाठी, राजकिशोर शुक्ला, मंत्री वीपी पांडेय, जेपी तिवारी, राकेश कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे। संचालन विद्यासागर द्विवेदी ने किया।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के अजीत पारा गांव निवासी फूलचंद (21) ने शनिवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जव वह कमरे से बाहर नही निकला तो कमरे के अंदर पहुंचे घवालो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गरीबो के रोजगार पर प्रधान व सचिव की मिली भगत से हो रहा बड़ा खेल

**● 2011 में बने जॉब कार्ड पर अब तक नही पात्र परिवार को दिया गया कोई कार्य**

स्वतंत्र प्रभात





**बलरामपुर।** सरकार जहां ग्राम पंचायतो में तमाम तरह की योजनाएं चलाकर ग्रामीणों के उत्थान और उनको लाभ देने की बात करती है तो वही ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार का खेल लगातार होने के बात भी सामने आ रही है। जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत गरीब पात्रो को कार्य नहीं दिया जा रहा है और तमाम अपात्र और अपने चहेतों को कार्य देकर ग्राम प्रधान अपनी मनमानी करने पर उतारू है जिसमें ग्राम पंचायत सचिव की संलिप्ता की बात भी आ रही है। मामला विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुखरामपुर का है जहां प्रधानमंत्री ग्राम रोजगार योजना के अंतर्गत इस गांव के रहने वाले आबिद हुसैन ने बताया है कि ग्राम पंचायत सुखरामपुर में ग्राम प्रधान के द्वारा पात्र होने के बावजूद भी 2011 से अब तक कोई कार्य नहीं दिया गया है जिससे हमारे परिवार को काफी समस्याओं का सामना है जबकि मेरा जॉब कार्ड 2011 में बनाया गया है और उसके बाद 2022 ,23 तक कि वैधता के साथ मौजूद है इसमें मुझे 2011 में मात्र कुछ दिन ही काम करवा कर उसके बाद आज तक कोई कार्य नहीं दिया और न ही जॉब कार्ड में उसकी एंट्री की गई है और ना मेरा कोई भुगतान किया गया है की बात करते हुए अपनी पीड़ा बताया है। जिसको लेकर जब ग्राम पंचायत अधिकारी सुखरामपुर से बात की जाती है तो उनका फोन तक नहीं उठाता है। वही इस सम्बन्ध में जब विकासखंड अधिकारी तुलसीपुर से बात की जाती है उन का कहना है प्रार्थी को मेरे पास प्रार्थनापत्र के साथ कार्यालय भेजिए मैं उसे कार्य दिलवाता हूँ और यह समस्या कोई बड़ी नहीं है हल हो जाएगा की बात करते हुए दिखाई देते हैं। जबकि सुखराम पुर में अन्य कई ऐसे ग्रामीण पात्र है जिनकी भी यही समस्या है जो जांच का विषय है कि कितने पात्र गरीबो को रोजगार मिला य सिर्फ कागजो में ही रोजगार देकर प्रधानमंत्री रोजगार मिशन का संचालन हो रहा है अब देखना यह होगा कि क्या प्रधानमंत्री ग्राम रोजगार योजना में कितने पात्रो को कार्य दिया गया और कितने की सिर्फ खानापूर्ति कर गरीबो के संग मजाक किया जा रहा जो जांच का विषय है।

## अपना दल एस की समीक्षा बैठक यूपीटी होटल में हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** अपना दल एस जनपद बलरामपुर मे कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष शिवकुमार पटेल की अध्यक्षता मे यूपीटी होटल बलरामपुर सदर में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आशीष पटेल उपस्थित रहे इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर पार्टी को बूथ स्तर तक पहुंचाने का निर्देश दिया और साथ ही कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पर उनकी नजर रहती है जो जितना संघर्ष करेगी पार्टी उसी हिसाब से उसका कद और सम्मान बढ़ाएगी उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का मूल मंत्र दिया।उन्होंने कहा कि हमें तीसरे नंबर पर संतोष नहीं करना है पार्टी को पहले नंबर पर लाना है जिस दिन आप लोगों ने यह करके दिखा दिया मैं




विश्वास दिलाकर जा रहा हूं कि आप सबको सम्मान मिल जाएगा।

इस अवसर पर सुनील राधेश्याम वर्मा ,डॉक्टर सुरेश पटेल, विजय कुमार पटेल, चौधरी अजीत सिंह, ताजुदद्दीन खां, फिरोज अहमद ,निजाम खां चंद्रिका प्रसाद चौहान ,पहलवान चौधरी, डॉ अनु प्रसाद वर्मा, विनोद कुमार उर्फ पप्पू वर्मा, विक्रम पटेल ,राजेश पटेल , पुजारी लाल वर्मा ,सुभाष चौधरी ,भरत लाल चौधरी, अनीशा वर्मा, धनीराम पटेल ,डॉक्टर जुबेर सूरी , डॉक्टर उस्मान खान, डॉक्टर श्रेया खान ,कुलदीप चौधरी, हेमंत कुमार वर्मा, पवन कुमार श्रीवास्तव हैदर अली अंसारी, राजेश कुमार मौर्य, शशि चंद्र वर्मा, रवि कुमार वर्मा, अजय कुमार कश्यप ,विनोद कुमार पासवान, राजेश कुमार पासवान, रमेश कुमार गौतम, संजय कुमार गौतम ,गंगाराम वर्मा , विनोद कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार वर्मा, मंसाराम वर्मा, धर्मेंद्र कुमार वर्मा ,प्रमोद कुमार वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, फायरिंग

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** दो पक्षो के बीच भूमि विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान एक पक्ष के द्वारा फायरिंग भी की गई। घटना महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरामदपुर लोहार गांव का है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने महिला समेत एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रथम पक्ष जगदीश पुत्र भोलानाथ का आरोप है

शनिवार की शाम करीब 5=30 बजे गांव के फूलचंद पुत्र रामचंद्र से मुकदमे बाजी की रंजिश चल रही है। खेत में धान की कटाई पीड़ित व उसके पिता कर रहे थे।

विपक्षी फूलचंद, तेज बहादुर का लड़का, मुकेश लाठी डंडा और बंदूक लेकर रास्ते में बैठे थे। खेत से वापस आते समय पिता पुत्र पर हत्या के उद्देश्य से हमलावर हो गये।लाठी डंडा से मारने पीटने लगे हल्ला गोहार सुनकर बृजमा देवी पत्नी भोलानाथ सुमित्रा पत्नी जगदीश क्रांति पुत्री भोलानाथ मौके पर पहुंची तो मार डालने के उद्देश्य से पीड़ित के ऊपर बंदूक से फायर किया लेकिन वह बाल-




बाल बच गया। उसके पिता मौके पर बेहोश हो गए।जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर गया जहां से उन्हें मेडिकल कालेज सद्दरपुर रेफर कर दिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष फूलचंद निषाद पुत्र रामचंद्र निषाद का आरोप है विपक्षी जगदीश, भोलानाथ, क्रांति, सुमित्रा, भगवान, मग्गू पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज देते हुए उसकी पत्नी उषा देवी को घेर कर घर में घुसकर जान से करने के नियत से लाठी डंडा से सिर पर वार कर दिया। जिससे सिर पूरी तरह से फट गया बीच बचाव के लिए पीड़ित आया तो आरोप है कि विपक्षीगणो ने उसे भी मारा पीटा। एंबुलेंस के माध्यम से अपनी पत्नी व खुद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। विपक्षीगणो ने जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## देश को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र बनाकर देश को मजबूती प्रदान की- कांग्रेस

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** आज विश्व पटल पर भारत एक सशक्त परमाणु संपन्न देश के तौर पर मजबूती से खड़ा है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित वर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर इंदिरा गांधी के जयंती के कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा आयरन लेडी कही जाने वाली देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पोखरन परमाणु परीक्षण 1974 में करके देश को मजबूती प्रदान की जिससे भारत विरोधियों के हौसले पस्त हो गये। पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, अफरोज आलम वेग, विशाल वर्मा, विकल्प मिश्र ने कहा लौह महिला इंदिरा गांधी ही ने एशिया का भूगोल बदल दिया, पाकिस्तान के सिर्फ 11 दिनो में दो टुकड़े किए। भारत को परमाणु संपन्न देश बनाने के साथ साथ ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत खालिस्तान की कमर तोड़ दी।




जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, नगर अध्यक्ष अकबरपुर राजेश प्रजापति, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखीलाल वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उदयभान मिश्र राजबहादुर, किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव अमित कुमार यादव संजय ने कहा बाल्यावस्था में भारतीय स्वाधीनता संग्राम का हिस्सा बनकर स्वाधीनता के उपरांत देश के निर्माण में और साहसिक फैसलों के कारण इंदिरा जी लौह महिला कही जाने लगी। इनके साहसिक फैसलों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण भी है।

लौहमहिला पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय अम्बेडकरनगर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा जितेंद्र की अध्यक्षता और जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू के संचालन में एक गोष्ठी हुई। जिसमें इंदिरा गाँधी के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## बेटे ने किया बेदखल, पिता भीख मांग कर जीवन यापन करने को मजबूर

**अम्बेडकरनगर।** बेटे ने पिता को घर से बेदखल कर दिया है। दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर पिता भीख मांग जीवन यापन करने को मजबूर हो गया है। मामला भीटी थानाक्षेत्र अंतर्गत समंथा गाँव का है। गाँव निवासी रामतीरथ पुत्र दुखी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है उसका बड़ा पुत्र रमाकांत सारी जमीन को अपने कब्जे में कर लिया है। उसके दो पुत्र अभी नबालिग है। पीड़ित को उसका लड़का मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। जान से मारने की धमकी देता है। घर से बेदखल कर दिया है। इधर उधर भटक भटककर भीख मांग कर गुजर बसरकर रहा है।धान की फसल को काटकर घर के अंदर रखकर ताला लगा दिया है। जबरन खेत की बुवाई भी करा लिया है। पीड़ित अपना खर्च किस तरह चलाये भीटी थाने में शिकायती पत्र दिया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई मजबूर होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर गुहार लगाने के लिए मजबूर हो गया है।

# वारंट आड़ में जेल भेजना की धमकी देकर सिपाहियों ने वसूले 3 हजार

**● पीड़ित ने एसपी को शिकायत पत्र देकर लगाही कार्रवाई की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या** इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी में तैनात दो बेअंदाज सिपाहियों द्वारा मुकदमे के सम्मन तामीला कराए जाने तथा न्यायालय द्वारा जारी किए गए वारंट में जेल भेजे जाने की धमकी देकर अधेड़ से अवैध वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। धमकी देकर रुपए ऐंठ लिए जाने के मामले में दोनों सिपाहियों के खिलाफ पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार की है। के मुताबिक हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी रामबरन साहू पुत्र छोटेलाल का न्यायालय में एक मारपीट का मुकदमा विचाराधीन है। जिसमें वह मुकदमा वादी है। जिनकी गवाही के लिए न्यायालय से सम्मन आया था। जिसको लेकर हैरिंग्टनगंज चौकी के दो सिपाही उसके घर पहुंच गए और उनको घर से पकड़ कर चौकी पर उठा लाए और कहा कि तुम्हारे खिलाफ वारंट है, अब तुम्हें जेल जाना पड़ेगा। सिपाहियों ने शिकायतकर्ता के साथ जमकर अभद्रता भी किया। सिपाहियों ने पहले तो धौंस जमाई, फिर पैसे की मांग शुरू




कर दी। डरे सहमे साहू ने पुलिस के चंगुल से बचने के लिए 3 हजार रुपए सिपाहियों को दिया। पीड़ित ने चौकी के दो सिपाही अनित यादव व एक अन्य के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आपबीती बताई है। पीड़ित की व्यथा सुनने के बाद एसएसपी राजकरण नयर ने इस मामले में जांच करवाकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## भांग की दुकान पर गाँजा बेच रहे दुकानदार को मिला क्लीन चिट

**● छापेमारी के दौरान दुकान पर गाँजा न मिलना लोगों में बना चर्चा का विषय**

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** बीते दिनों भाँग की दुकान पर गांजा बेचते हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हुआ था। जिस पर विभागीय कार्रवाई शिफ़र रह गई। वायरल वीडियो अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अरिया चौकी के नहर किनारे स्थित भांग की दुकान की बताई जा रही थी। आबकारी विभाग और पुलिस की ज्वाइन्ट टीम के द्वारा उक्त दुकान पर छापेमारी करने की बात सामने आई है। लेकिन छापेमारी के दौरान दुकान पर गांजा नहीं मिल सका। जिसके बाद दुकानदार को क्लीन चिट दे दिया गया। आखिर बड़ी बात यह है कि जब उक्त दुकानदार के द्वारा स्वयं वायरल वीडियो में कहा जा रहा है की उसके द्वारा तीन साल से गाँजा की बिक्री की जा रही है। जिसमें पच्चास रुपये से लेकर के दो सौ रुपये कीमत का गांजा की पुड़िया बेची जा रही है। दुकानदार के द्वारा वायरल वीडियो में कहा जा रहा जाकर पहले पीकर आईये फिर देखिए नशा करता है की नहीं अगर नशा नहीं हुआ तो हम दोगुना पैसा देंगे। साथ ही उक्त दुकानदार की दुकान पर गांजा पीने की चिलम भी उपलब्ध वायरल वीडियो में बड़ी मात्रा में दिखाई दे रही है। लंबे समय से गांजे की बिक्री की बात भी दुकानदार के द्वारा किए जाने पर भी सवाल खड़े हो रहे है। आखिर क्या विभाग की मिलीभगत से यह कार्य किया जा रहा था। जिस पर अब तक विभाग की निगाहें नही पड़ सकी। लगातार नशीला धुँआ बेचकर लोगो कि जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग और स्थानीय पुलिस ने छापेमारी किया और दुकान से गाँजा बरामद नही हो सका। यह बात किसी के गले से नीचे नहीं उतर रही है।

## बड़े धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा कार्यक्रम

**● महिलाओ ने नदी में श्रद्धा से भगवान को दिया पहला अर्घ्य**

स्वतंत्र प्रभात





**अम्बेडकरनगर।** सूर्य की उपासना के पर्व छठ पूजा के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों पर छठ पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। अकबरपुर में तमसा नदी के शिवालय घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ए बी एन प्लस समाचार के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

लोक गायिका प्रतिमा यादव अपने कलाकारों के साथ मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमे हजारों महिलाओं ने छठ पर्व को बड़े घूमधाम से मनाया। भीटी थानाक्षेत्र के बॉर्डर पर सेमरी भीटी मार्ग पर स्थित मझुई नदी के तट पर छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सैकड़ों महिलाओ ने मझुई नदी में श्रद्धा से भगवान को पहला अर्घ्य दिया। इस दौरान व्रतधारी महिलाओ ने नदी में वेदी बनाकर भगवान सूर्य की विधि विधान से उपासना कर पूजा की और कमरभर पानी में डूब कर डूबते सूरज को अर्घ्य दिया।

मालूम हो की, छठ पर्व सुख-समृद्धि और संतान की कामना व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए महिलाएं यह उपवास रखती हैं। इस दिन वे विशेष श्रृंगार कर हाथों में मेहंदी कर भगवान सूर्य की उपासना करती हैं। एक कथा के अनुसार प्रथम देवासुर संग्राम में जब असुरों के हाथों देवता हार गये थे, तब देव माता अदिति ने तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। तब प्रसन्न होकर छठी मैया ने उन्हें सर्वगुण संपन्न तेजस्वी पुत्र होने का वरदान दिया था। इसके बाद अदिति के पुत्र हुए त्रिदेव रूप आदित्य भगवान, जिन्होंने असुरों पर देवताओं को विजय दिलायी। कहते हैं कि उसी समय से देव सेना षष्ठी देवी के नाम पर छठ का चलन शुरू हो गया।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना- मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन

**● विकसित भारत संकल्प यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सीडीओ ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी**

**●रूट प्लान के अनुसार किए जाएंगे कार्यक्रम संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** प्रधानमंत्री जी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2022को लाल किले से पंच प्रण की शपथ का आहान किया था ,जिससे की अगले 25 वर्षों के अमृत काल में 2047 तक भारत विकसित देश बन सके ।उन्होंने पंच प्रण में पहला प्रण भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, दूसरा प्रण गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे,तीसरा प्रण देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, चौथा प्रण भारत कि एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश कि रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे पांचवा प्रण नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। जिसके क्रम में माश्र प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य है 2047 तक भारत को विकसित बनाना है उसी के क्रम में देश में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ निकाली जा रही है।जिसके क्रम में योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 नवंबर, 2023 से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के सम्बन्ध में आज लोक भवन लखनऊ से मुख्य संचिव महोदय उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश के सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।जिसके क्रम में जनपद भदोही के एन0आई0सी0 सेन्टर में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य सहित संबंधित विभागीय अधिकारी वर्चुअली जुड़ें रहें।




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो पात्र केंद्र व राज्य सरकार की योजना से वंचित है उन्हें लाभ नहीं मिला है ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाएगा जिसके लिए एलईडी वैन का रूट प्लान तैयार किया गया है। कार्यक्रम 10:00 बजे से 12:30 बजे तक व 2 बजे से 4:30 तक आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी स्कूल/सासाहिक हाट/प्रमुख सार्वजनिक स्थलो पर भी लगा सकते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा में माननीय प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रारंभिक फ़िल्म प्रसारण,

मेरी कहानी मेरी जुबानी योजनाओं के सफल लाभार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे ,सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा,महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत, आदि,ऑन स्पॉट क्विज़ (स्थानीय प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा

उपलब्धी हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाडियों आदि का अभिनंदन और पुरस्कार,ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि,ऑन-स्पॉट सेवाएं - स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, कार्यक्रम के सम्पूर्ण पीएम उज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, केसीसी, पीएम किसान योजना में नया अवधि में। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को भी जोड़ा जाएगा उनसे विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में या अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी ली जाएगी जो अच्छे प्रश्नों का उत्तर देंगे उन्हें यात्रा के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में कमेटी का गठन करते हुए सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ले अधिकारी। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर पांच स्टाल लगाए जाएं जिसमें पेंशन योजना, कृषि, बैंकिंग, स्वास्थ्य, स्वयं सहायता समूहों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अधिकतम प्राथमिकता दी जानी चाहिए और चयनित ग्राम पंचायतों में ग्रामीण संवाद यात्रा रथ पर इनके स्टॉल लगाना सुनिश्चित करें उन्होंने उन्होंने कहा जो योजना से वंचित है उसे योजना से जोड़ा जाए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना से जोड़ा जाए और उसे लाभ दिया जाए।

इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ अश्वनी सिंह ,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शारदा मिश्र, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, जिला सहकारिता अधिकारी,अधिशासी अधिकारी भदोही, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक मिश्र सहित आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### छठ को लेकर पुलिस आयुक्त ने समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त डॉ0 आर0के0 स्वर्णकार द्वारा जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों, सभी एस.एच.ओ. के साथ जूमएप के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी आयोजित की। पुलिस आयुक्त श्री स्वर्णकार ने छठ्ठपूजा त्योहार पर घाटों की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की। और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ज्ञात हो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाए जाने वाले त्योहार छठ को कानपुर में भी बहुत से लोग बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाते हैं।

### टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर महाना ने पुरुस्कार वितरण किए



**कानपुर।** साउथ क्रिकेट क्लब ग्राउण्ड,किदवई नगर कानपुर में खेले गए चतुर्वेदी कप ञ्20 के समापन समारोह के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने पुरुस्कार वितरण किया। माथुर चतुर्वेदी सभा द्वारा खेलो को प्रोत्साहन देने के लिए चतुर्वेदी कप ञ्20 आल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन साउथ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर किया गया था। समापन समारोह के अवसर पर श्री सतीश महाना ने प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित कर उत्साहवर्द्धन किया।

### नारायण सेवा समूह ने जरूरतमंदों को बांटे स्वेटर



**हरदोई** नारायण सेवा समूह द्वारा सर्दी से राहत देने हेतु 60 जरूरतमंद महिलाओं पुरुषों को विभिन्न क्षेत्रों से चयनित करके उनको स्वेटर वितरित किए गये। डॉ जय राम गुप्ता व प्रियम मिश्रा ने बताया कि सर्दी के पहले विभिन्न गांवों से चयनित जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किये गए आगे भी हर माह इसी तरह से नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे और वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान अरुण सिंह संदीप अग्रवाल प्रभुदयाल गुप्ता रामस्नेही द्विवेदी सुमेर सिंह नितिन मिश्रा जय शंकर मिश्रा संजय मिश्रा रमेश गुप्ता मनमोहन सिंह पतिराज गुप्ता तारकनाथ शर्मा एम ए प्रसाद गोपी कृष्ण आदि लोग मौजूद रहे।

### एसीपी ने छठ पूजा को लेकर घाटों का निरीक्षण किया



**कानपुर।** छठ पर्व के दृष्टिगत एसीपी छावनी ने जाजमऊ स्थिति घाटों का निरीक्षण किया। और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसीपी छावनी श्री वृज नारायण सिंह के साथ प्रभारी निरीक्षक छावनी, प्रभारी निरीक्षक जाजमऊ के साथ विभिन्न घाटों पर लगातार भ्रमणशील रहकर छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस ने बड़े ही चुस्त दुरुस्त तरीके से सभी घाटों पर अपनी पैनी नजर रखी।

### महाना ने छठ पर दी शुभकामनाएं



**कानपुर।** आज सूर्य देव जी की उपासना एवं लोक आस्था के पावन पर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर आज कानपुर के विभिन्न स्थानों (शेरशाह सूरी तालाब,विमान नगर,आवास विकास)कार्यक्रम में सम्मिलित विधानसभा अध्यक्ष और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री सतीश महाना ने शिरकत की श्री महाना ने कहा कि सबके ऊपर छठी मइया के किरपा बनल रहे। परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता आ बहिन लोगन के हमरे तरफ से विशेष मंगलकामना।

# युवा मोर्चा क्षत्रिय महासभा हरदोई ने सभी ब्लाक अध्यक्ष किए मनोनीत

**● - महासभा के विस्तार में प्रत्येक घर के स्वजातीय बंधु को जोड़गें- योगेन्द्र सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई।** युवा मोर्चा क्षत्रिय महासभा की ओर से रविवार को धर्मशाला मार्ग स्थित क्षत्रिय भवन हरदोई में महासभा का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह व महामंत्री राजेश सिंह की मौजूदगी में जनपद के सभी विकास खंड से ब्लाक अध्यक्षों को मनोनीत किया गया।युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे महासभा के लिए बृहद रूप से सहयोग की अपेक्षा की।

जनपद के सभी विकास से मनोनीत किए गए ब्लाक अध्यक्षों के विषय में योगेन्द्र सिंह कसरावां ने बताया की आज के समय समाज में पिछड़े और जरूरत मंद लोगों की आवाज उठाने के लिए संगठन व संगठित होने की महती आवश्यकता है।जिसके लिए ही क्षत्रिय महासभा हरदोई की युवा मोर्चा टीम का विस्तार करते हुए जनपद के सभी ब्लाक अध्यक्षों को मनोनीत किया गया है।जिसमें रोहित सिंह मदारा को पिहानी से सतेंद्र सिंह कोटरा बउठा को टड़ियावां से नीरज सिंह बम्टापुर को सांडी से ज्ञानेंद्र सिंह परचल रसूल पुर को बिलग्राम से अनुज प्रताप सिंह रूदामऊ को माधौगंज से श्यामू सिंह सिकंदरपुर को सुरसा से धर्मवीर सिंह मझिया को हरियांवा से विक्रम सिंह इमलीपुर को कछौना से नागेश्वर सिंह सुमेरपुर को मल्लावा सें वैभव प्रताप सिंह शर्मा को शाहाबाद से अभय सिंह महसूलपुर को हरपालपुर से ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है,इसी तरह अन्य ब्लाकों के अध्यक्ष मनोनीत किए गए।वहीं बिलग्राम से संतोष सिंह को मीडिया प्रभारी विजय भान सिंह राणा को तहसील प्रभारी मनोनीत किया गया है।इस मौके पर महासभा के उपाध्यक्ष शिवशरण सिंह कार्यालय प्रभारी बीएस चौहान युवा मोर्चा महामंत्री दीपू सिंह, उपाध्यक्ष अमित सिंह चढ़िया पवन सिंह जोगीपुर दीपक सिंह मनीष सिंह कंडौहना सुनील सिंह तोमर अजय सिंह एडवोकेट शैलेन्द्र कुमार सिंह अखिलेश सिंह सिकरवार आदि लोग मौजूद रहे।

## के. बी. हिंदी सेवा न्यास द्वारा 9 वे अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह 2023 में लखनऊ से आधा दर्जन साहित्यकार सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**बदायूं,लखनऊ।** के बी हिंदी सेवा न्यास(पंजी)द्वारा 9वे अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन आर के इंटरनेशनल कालेज आंवला रोड बिसौली में डॉक्टर मिथलेश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंच पर आयोजक डॉक्टर सतीश चंद्र सुधांशु, डॉक्टर ओ पी सिंह,श्री देवी सिंह नेपाल,श्री इंद्रजीत शर्मा अमेरिका, श्री महेश दिवाकर उपस्थित थे। वाणी वंदना श्रीमती रमा वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। कुशल संचालन श्री अतुल द्वारा किया गया। एक दर्जन पुस्तको का लोकार्पण भी हुआ ,जिसमे केबी न्यास की त्रैमासिक पत्रिका, व लखनऊ की सचिवालय दर्पण भी सामिल है।इस अवसर पर विभिन्न प्रांतो यूएसए,नेपाल जापान आदि से आए करीब एक सौ साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में लखनऊ से वरिष्ठ साहित्यकार/शायरा उपमा आर्य सहर को गजल श्री,।सम्मान से सम्मानित किया गया है,जिनकी एक गजल संग्रह तुम्हारे लिए तथा 35 साझा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। अब तक राधा कृष्णन सम्मान सहित 37 सम्मान प्राप्त हुए हैं। सचिवालय दर्पण के संपादक श्री अखिलेश श्रीवास्तव को निबंध भूषण , चेतना स्रोत के संपादक गोपाल शर्मा मृदुल, श्री दीनबंधु आर्य, श्री प्रवीण जी, रामराज भारती, डॉक्टर मिथलेश दीक्षित को साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री ओ पी सिंह ने नवगीत, देवी सिंह ने चारू काव्य , श्री महेश दिवाकर ने सजल के बारे में प्रकाश डाला। डॉक्टर मिथलेश दीक्षित ने कहा की साहित्य जोड़ने का काम करता है,उन्होंने साहित्यकारों को मानव चेतना,संवेदना,भाव बोध के धरातल पर साहित्य सेवा करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर सतीश चंद्र सुधांसु ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## "बहादुर बेटियां फाउण्डेशन" ने मनाया अपना वार्षिकोत्सव "शक्ति स्वरुपा" हार नहीं मानूंगी

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** एसिड अटैक हेलो किसी लड़की के न केवल शरीर को विकृत करता है बल्कि मानसिक रूप से भी विकसित कर देता है और घर परिवार के सारे रिश्ते नाते भी दूरी बनाने लगते हैं ऐसी परिस्थितियों में आपको न केवल स्वयं से बल्कि समाज से भी लड़ना पड़ता है उक्त उद्गार एसिड अटैक का दंश झेल चुकी रूपाली विश्वकर्मा तथा खुशबू प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। बहादुर बेटियां फाउंडेशन आज अपना पंचम वर्षिकोत्सव "शक्ति स्वरूपा" हार नहीं मानूंगी शीर्षक कवयित्री सम्मेलन के साथ धूमधाम से मना? रहा था। रुपाली जी ने अपने अनुभव शेयर करते हुए आज कहा कि आज भी एसिड अटैक की घटनाएं लगातार हो रही है इसके लिए सरकार को कठोर कानून के साथ कठोरतम कार्यवाही करनी चाहिए।

इससे पूर्व रूपाली विश्वकर्मा तथा खुशबू प्रसाद ने मां शक्ति स्वरूपा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सरस्वती वंदना खुशबू गुप्ता तथा स्वागत गीत विनीता पांडे व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्षा श्रीमती कुसुम लता गुप्ता ने कहा कि बहादुर बेटियां फाउंडेशन लगातार बेटियों को सशक्त, सुयोग्य और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और आज इसी क्रम में 'शक्ति स्वरूपा' हार नहीं मानूंगी उद्घोष के साथ वार्षिकोत्सव में एसिड अटैक का दंश झेल चुकी बेटियों रूपाली विश्वकर्मा और खुशबू प्रसाद से उनके अनुभव तथा सभी कवित्रियों की उत्कृष्ट रचनाओं को हम सुनेंगे। फाउंडेशन की सदस्यों नीतू गुप्ता, स्नेह लता गीता गुप्ता, आशा बाजपेयी, शैलेंद्री पाल, नूपुर गुप्ता, नलिनी तथा माधवी श्रीवास्तव ने कवित्रियों का माला पहनकर तथा साल बढ़कर स्वागत किया।

कवयित्री सम्मेलन में श्रीमती चंद्र किरण अग्रवाल, प्रतिमा शैलेंद्र, नीतू मिश्रा, मीरा द्विवेदी, आरती मेहरा, आकृति श्रीवास्तव, गीता गुप्ता 'मन' तथा भावना गुप्ता ने अपने उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं के मन को छू लिया। श्रेया गुप्ता ने फाउंडेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं को भी रेखांकित किया फाउंडेशन की संरक्षिका डॉक्टर चित्रा मिश्रा ने दोनों बेटियों रूपाली विश्वकर्मा और खुशबू प्रसाद को स्मृति चिन्ह देकर तथा शाल उढ़ाकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आकृति श्रीवास्तव तथा अनिल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अनुराधा मिश्रा, परिषा तिवारी, पूर्णिमा गुप्ता, शिव प्रकाश त्रिवेदी, मृदुल श्रीवास्तव, आमिर किरमानी, कल्पना मेहरोत्रा,सीमा मिश्रा, अंजली सिंह, महेश मिश्रा नवल किशोर सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एपीसी की अध्यक्षता में होगी अलीगढ़, आगरा एवं बरेली मण्डल की संयुक्त मण्डलीय गोष्ठी

**● - मण्डलायुक्त ने निर्धारित रूपरेखा के अनुसार समस्त जिलाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन की अध्यकता में रबी अभियान 2023-24 के अन्तर्गत अधिक फसलोत्पादन के लिये 23 नवम्बर को को पूर्वान्ह 10:30 बजे से ÷आईवीआरआई, प्रशासनिक भवन इज्जत नगर, बरेली के प्रेक्षाग्रह में अलीगढ़, आगरा एवं बरेली मण्डल की संयुक्त मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2023 का आयोजन किया जाएगा।

मण्डलायुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ रविन्द्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि उपरोक्त के क्रम में जिस मण्डल मुख्यालय में रबी गोष्ठी आयोजित हो रही है, उस मण्डल के आयुक्त, जनपदों के जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित अन्य मण्डलों के आयुक्त एवं उक्त मण्डलों के अन्तर्गत आने वाले समस्त जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा भौतिक रूप में जबकि गोष्ठी से सम्बन्धित समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों (आयोजन करने वाले जनपदों को छोड़कर) द्वारा गोष्ठी में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया जायेगा।



उन्होंने मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों से अपेक्षा की है कि 23 नवम्बर गुरूवार को पूर्वान्ह 10:30 बजे से आयोजित होने वाली मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में अपने जनपद के मुख्य विकास अधिकारी और कृषि व कृषि से सम्बद्ध विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रतिभाग करने एवं जनपद से 20-20 प्रगतिशील कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में निर्धारित एजेण्डानुसार विभिन्न विषयों एवं जनपदों में रबी के लिये तैयार की गयी रणनीति पर समीक्षा की जायेगी।

# पीआरवी ने कराया बस में छूटा यात्री का पर्स

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** थाना बन्नादेवी की पीआरवी पर नियुक्त कर्मियों ने बस में छूटा यात्री का पर्स (जिसमें रुपये व जरूरी कागजात) वापस कराया है। पीआरवी 0730 को फिरदौस पुत्री इस्लाम द्वारा अवगत कराया गया कि वह अपने भाई इमरान के साथ आगरा से अलीगढ़ मेरठ डिपो में आई थी, बस से उतरने के बाद मुझे याद आया कि मेरा पर्स जिसमें पैसे व कागजात है, वह बस में ही छुट गया, बस मेरठ जा रही है । बस को रुकवाकर हमारा पर्स दिलवा दें । पीआरवी टीम में हे0का. राजेन्द्र सिंह,कां0 लोकेश कुमार ,आरक्षी चालक कृष्णकान्त गौतम द्वारा बस में पर्स छूट जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बस को ट्रेस किया गया



एवं बस का पीछे करते हुए घटनास्थल से रवाना होकर बस को रुकवाकर यात्री के छुटे हुए पर्स को सकुशल बरामद कर आवेदक को सुपुर्द किया गया। आवेदक द्वारा अपना पर्स को सकुशल पाकर अलीगढ़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।

# सप्त दिवसीय बाल्मीकि कृत रामकथा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** कार्तिक मास में श्री गोपेश्वर गौशाला परिवार धूमधाम के साथ गोपाष्टमी पर्व मनाता है इसी क्रम में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन गोपेश्वर महादेव के प्रांगण में किया जा रहा है।कार्यक्रम के तीसरे दिवस कथा वाचक ने राम चरित्र की मार्मिक चर्चा करते हुए कथा का रसपान करवाया।गौ पूजन के साथ कथा वाचक वृंदावन से पधारी डाक्टर लवी मैत्रेयी शर्मा ने सप्त दिवसीय श्रीमद बाल्मीकीय कथा का वाचन किया। जिसमे हजारों लोग कथा का आनंद ले रहे है। डॉक्टर लवी मैत्रीय जी ने बताया कि राम धर्म का पर्याय है धर्म का ही विग्रह है बिना राम के परिकल्पना करना असंभव है।राम राज्य की परिकल्पना प्रत्येक व्यक्ति को धर्म मार्ग अपनाना होगा और राम का चरित्र बंदनीय होने के साथ साथ अनुकरणीय है।संवाद सुन उपस्थित भक्त भावविभोर हो गए। रामकथा में जिला गौ सेवा प्रभारी उमाकांत गुप्ता जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता अभिषेक शिवानी गुप्ता विश्वनाथ रुपेश मिश्र शैलेंद्र पांडे



संजय साहू सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित हो रामकथा का रसपान किया।

## धूमधाम से निकाली गई श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**पाली,हरदोई।** तृतीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की रविवार को नगर पाली में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ो हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए सर्वप्रथम आए हुए विनोद कुमार दीक्षित तथा अन्य यज्ञाचार्यो के माध्यम से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कार्यक्रम हुआ। उसके उपरांत यज्ञ समिति के महासंरक्षक सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, यजमानों व नगर वासियों के साथ हजारों की संख्या में मौजूद होकर कलश यात्रा की शुरुआत हुई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर मुख्य चौराहा,बैरियर चौराहा,बैरिया चौराहा, कालीमंदिर, जोशियाना मंदिर, सुलहसराय, बिरहाना, दुर्गा मंदिर, डाकघर, जूनियर हाइस्कूल, थाना चौराहा विभिन्न मार्गो से होते हुए अंत में कलश यात्रा माता पंथवारी देवी मंदिर में समापन हुई। आपको बता दे कि गत दो वर्षो से पाली नगर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का कार्यक्रम हो रहा है। कार्यक्रम त्रिदंडी स्वामी श्री श्री 1008 श्री उदयनारायणचार्य के सानिध्य में हो रहा है। जानकारी देते हुए स्वामी जी ने बताया कि यज्ञ कार्यक्रम 20 नवंबर से शुरू होकर 24 नवंबर तक चलेगा। कथा व्यास खुशीराम के द्वारा तथा प्रवचन कर्ता लक्ष्मनाचार्य के माध्यम से प्रवचन होंगे। यज्ञ सुबह 6ञ्30 से 11 बजे तक होगा।

## आस्था के साथ महिलाओं ने मनाया छठ पर्व डूबते हुए सूर्य की पूजा

स्वतंत्र प्रभात



**गोण्डा।** छठ का पर्व पूरे चार दिन तक चलता है। नहाए-खाए से इसकी शुरुआत होती है, जो डूबते और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होती है। ये पर्व साल में दो बार मनाया जाता है। पहली बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक में। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को 'चैती छठ' और कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले पर्व को 'कार्तिकी छठ' कहा जाता है। बभनजोत क्षेत्र की कई महिलाओं ने खरही भारी मानसरोवर तालाब में छठी मैया और सूर्य देव की पूजा की द्य यह पर्व लोक आस्था के साथ पारिवारिक सुख-समृद्धि और मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए ये मनाया जाता है। इसमें पारिवारिक सुख समृद्धि और बच्चों की सुरक्षा के लिए 36 घंटे का व्रत रखा जाता है द्य छठ पूजा में महिलाएं पति व बच्चों की लंबी आयु की कामना की जाती है और नाक से लेकर मांग तक सिंदूर भरती हैं इसके अलावा छठ के पर्व पर डूबते हुए सूर्य की भी पूजा की जाती है द्य ग्राम पंचायत बुक्कनपूर के प्रधान कन्हैया बक्श सिंह ने आरोप लगाया कि मानसरोवर तालाब में न तो साफ सफाई का कोई व्यवस्था किया गया और न ही वहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई पुलिस बल तैनात था द्य उन्होंने आगामी छठ पर ग्राम पंचायत बुक्कनपूर में



मानसरोवर तालाब पर छठ मनाने की लोगों से अपील की है।

## प्रीतियोगिताओ से छात्रो की निखरती है प्रतिभा- मानवेंद्र प्रताप सिंह रानू

स्वतंत्र प्रभात

**बावन- हरदोई** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बावन नगर इकाई द्वारा रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सवाजपुर विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह रानू जी रहे रानू ने कहा प्रतियोगिताओ से निखरती है प्रतिभा छात्रो को मंच तक पहुँचने का कार्य कर रहा है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह एक येसा छात्र संगठन है जो विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है रानू जी ने कार्यक्रम के बाद पौधा रोपण किया और पर्यावरण को लेकर कहा जीवन में पाँच पौधे अवश्य लगायें कार्यक्रम में प्रांत सह मंत्री रोहित जी ज़िला संघठन मंत्री अभिषेक जी विभाग सहयोजक ओमवीर सिंह नगर अध्यक्ष रघुवीर जी नगर उपाध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी और राम जी शुक्ला संजीव सिंह सतेंद्र शुक्ला देवेंद्र सिंह संजू सिंह बाल्टर यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम का आयोजक पुनीत सिंह भोलू ने किया कार्यक्रम सफल होने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी अकेला कोई कुछ नहीं कर सकता सभी को साथ में आना चाहिय और सहयोग करना



एकता में बल होता है चित्रकला में प्रथम अन्यया द्वितीय सुहानी तृतीय अर्पिता सामान्य ज्ञान प्रथम सोनू द्वितीय बंदना तृतीय हर्षित आदि तमाम छात्रो को सम्मानित किया सभी लोगो ने छात्रो के उज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस कर्मियों को निर्देश कि हर फरियादी को सम्मान दें, उनकी पीड़ा सुनें और यथोचित समाधान प्रदान करें- कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** पिहानी कोतवाली के नवांगतुक कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने कोतवाली पिहानी परिसर में 13 फरियादियों की शिकायतें सुन, तुरंत निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने पांच शिकायतें खुद निस्तारित की। अब्दुल्ला नगर जमीनी विवाद, सहादत नगर बैंक विवाद , मजदूरो को पंजाब में मजदूरी के रुपए न देने का विवाद, नगर के पूर्व सभासद संजीव शर्मा की शिकायतों पर गलत रिपोर्ट लगाकर प्रेषित करने का मामला, समेत अन्य कई मामलों को कोतवाल धर्मदास ने बड़ी गंभीरता के साथ सुना व कार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाल महिला उत्पीड़न के मामलों में बहुत ही सख्त दिखे उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में क्षेत्र में महिला उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस दौरान कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने पुलिस कर्मियों को अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कठोरतापूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनता का हित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती।

हर घटना की गम्भीरता को समझें और व स्वयं मौके पर पहुंचे। कोतवाल धर्मदास सिद्धार्थ ने कहा कि हर फरियादी को सम्मान दें। उनकी पीड़ा सुनें और यथोचित समाधान प्रदान करें। बाइक सवार स्टंटबाज, धार्मिक प्रतीक अंकित वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए कोतवाल ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतत् पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। कोतवाल ने कहा कि नारी सुरक्षा, सम्मान और



स्वावलम्बन की दृष्टि से 'मिशन शक्ति' अभियान को गांव गांव जागरूकता लाने की बात कही। अतिरिक्त इंस्पेक्टर इख्तियार हुसैन , कस्बा इंचार्ज राजनीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अरविंद यादव, रिंकू, ओमवीर, दिलीप कुमार समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा, दिलीप मिश्रा ,प्रधान राभा बबलू लूंगी, विमलेश तिवारी, दीनदयाल वर्मा, ऋषि प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समीक्षा बैठक की

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई,** आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ली जाए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाए। नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी तरह से निर्वहन सुनिश्चित करें। कुल 11 एलईडी वैन में से प्रत्येक वैन एक दिन में दो ग्रामों में जाएगी। प्रधानों व कोटेदारों व अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के साथ बैठक कर ली जाए। वैन के रूट के अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल पर राजस्व, सहकारिता, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, बैंक, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, आपूर्ति एवं विपणन, नेहरू युवा केन्द्र आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। एलईडी वैन रुट वाले ग्रामों में बैठक कर ली जाए। ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम के संबंध में होर्डिंग लगवाई जाए। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर टेन्ट आदि की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायें। अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानमंत्री के संदेश को प्रसारित किया जाए। लाभार्थियों से उनके अनुभवों के बारे में जाना जाए। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों व नैनो यूरिया का प्रचार-प्रसार किया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालयों के बच्चो की प्रभात फेरी निकालेगा। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल में बच्चों से सरस्वती वंदना करायी जाए। दो सांस्कृतिक कराए जाएं। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर गरिमामयी ढंग से तिरंगा झंडा लगवाया जाए। बैंक प्रत्येक ग्राम में संबंधित बैंक का स्टॉल लगवाएं। बैको के स्टॉल से कृषकों की ईकेवाईसी आदि समस्याओं का समाधान कराया जाए। रोजगार व व्यवसाय के लिए ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को भी कार्यक्रम में भागीदार बनाया जाए। किसान सम्मान निधि के कम से कम 50 लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पाँच प्रगतिशील किसानों



को कार्यक्रम में बुलाया जाए। मृदा परीक्षण की व्यवस्था की जाए। एफपीओ के द्वारा प्रदर्शनी लगायी जाए। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल लगवाये जाएं। स्टॉल पर चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था की जाए। गाँव मे सैनिटरी पैड का वितरण कराया जाए। आयुष्मान कार्ड के वितरण की व्यवस्था की जाए। लाभार्थियों के अनुभवों को आमजन के साथ साझा किया जाए। पशुपालन विभाग व अन्य महत्वपूर्ण विभागों के स्टॉल भी लगवाये जाएं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हाथियों ने बर्बाद की चार किसानों की फसल



**पूरनपुर।** मैलानी के जंगल से निकलकर हाथियों के खेतों में घुसकर फसल बर्बाद करने का सिलसिला पिछले डेढ़ महीने से जारी है। शुक्रवार रात को हाथियों ने गांव जोगराजपुर निवासी बिल्लू के खेत में घुसकर गन्ना की फसल खाई और खराब की। उनके पंपिंग सेट के इंजन को तोड़ दिया। इसके अलावा गांव निवासी गुड्डू, बलराम, सचिन के खेतों में घुसे हाथियों ने गन्ना और केला की फसल खाई और खराब की। हाथियों की क्षेत्र में आवाजाही न रुकने से क्षेत्र के किसानों में रोष है

### पोल से गिरकर लाइनमैन की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**लालगंज(रायबरेली)** सरेनी थाना क्षेत्र।बीती रात शाम को हरीपुर गांव में फाल्ट ठीक कर रहे बिजली कर्मी की करंट की चपेट में आने से बिजली के खंभे से गिरकर मौत हो गई। इससे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है।सरेनी थाना क्षेत्र के रनापुर गांव का रहने वाला संतोष कुमार उम्र 42 वर्षीय पुत्र मानबहादुर रनापुर पावर हाउस में कार्यरत है। बीती शाम करीब 6 बजे वह शटडाउन लेकर हरीपुर के कामेश्वर मंदिर के पास खम्भे में चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा था तभी बिजली आ गई। इससे करंट की चपेट में आने से संतोष कुमार खंभे से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए।जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है। घटना से मृतक की पत्नी मंशा व बेटे अभिषेक 21वर्षीय व आदर्श 10वर्षीय व बेटी दिव्यांशी 16वर्षीय का रो रोकर बुरा हाल है।इस संबंध में अवर अभियंता अजय कुमार का कहना है कि संतोष कुमार पावर हाउस का कर्मचारी नहीं था।

### योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रस्तावित रेलवे मैदान का किया दौरा



**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृंदावन में दर्शन करने के पश्चात हेलीकॉप्टर से सीधे पुलिस लाइन हेलीपेड पर उतरे यहां से वह कार द्वारा धोली प्याऊ के रेलवे मैदान पर चल रहे ब्रजरज उत्सव मेले में पहुंचे। वहा उनका स्वागत सांसद हेमामालिनी उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी मथुरा के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह पूर्व सांसद तेजवीर सिंह आदि द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि प्रधानमंत्री का हेलीपैड कहां पर बना है तो उनको बताया कि कैंटोनमेंट एरिया में उनके लिए हेलीपेड बनाया गया है। उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप ने उन्हें बुकलेट के माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए की गई व्यवस्थाओं की संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने समूचे मैदान में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा। मुख्यमंत्री के साथ लखनऊ से गृह सचिव संजय प्रसाद भी आए हैं। मैदान में भ्रमण दौरान जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने योगी को 23 नवम्बर को प्रधानमंत्री के आगमन पर की जा रही तैयारियों के बारे में बताया।

### चोरी के आभूषणों सहित दो चोर पकड़े



**अलीगढ़।** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने दो शातिर चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद किये हैं। थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा विहार बाईपास की तरफ से हसीन पुत्र छोटे खां निवासी चुहरपुर थाना बन्नादेवी ,बबलू पुत्र मुनीर निवासी मारहरा दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद एटा को मय चोरी के 05 जोडी 10 पायल सफेद धातु, 01 कोधनी सफेद धातु, 04 बीछिया सफेद धातु, 01 जंजीर पीली धातु, 01 अंगुठी मर्दाना पीली धातु, 05 अंगुठी जनाना पीली धातु, 02 झुमकी पीली धातु, के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट,चार घायल

**● घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल किया रेफर**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली )** सरेनी थाना क्षेत्र बीती शाम को जमीनी विवाद में थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने दो महिलाओं समेत दो पुरुषों पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया इससे चार घायल हो गए सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी भेजा जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया थाना क्षेत्र के गजियापुर मजरे सैरापुर गांव के रहने वाली गोल्डी सिंह पुत्री देशराज सिंह ने बताया गांव के कुछ लोगों से अर्से से जमीन का विवाद चल रहा था बीती सायं समय करीब 4 बजे गोल्डी की बहन रूपा सिंह अपने प्लाट पर थी तभी गांव के चार लोग आ गए और रूपा सिंह को माँ बहन की गालियां देकर मारने लगे सूचना पर मौके पर पहुंची गोल्डी की बहन प्रिया सिंह पिता देशराज सिंह और भाई राहुल सिंह पर भी दबंगों ने लाठी डंडों व धार दार हथियार से हमला कर दिया इससे चारों घायल हो गए ग्रामीणों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया तो पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा जहां की चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ सभी का इलाज चल रहा है इस संबंध में थाना प्रभारी सरेनी संजय कुमार का कहना है कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा। मारपीट की घटना की जानकारी मिली है।

## कान्हा के दरबार में योगी आदित्यनाथ ने टेका माथा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उ.प्र. के मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने आज रविवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हरिःनाम संकीर्तन के मध्य श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किये। इस अवसर पर श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने योगी आदित्यनाथ का स्वागत प्रसादी-पटुका ओढ़ाकर एवं पूजाचार्यों ने मंगलार्चन-स्वास्तिवाचन के साथ योगी का स्वागत किया।

वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मृदंग-मजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य अष्टभुजा माँ योगमायाजी का पूजन-अर्चन किया। तदोपरान्त भगवान श्रीकृष्ण की पुण्य



प्राकट्य भूमि 'श्रीगर्भ-गृहजी' में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का पंचोपचार पूजन कर पूजाचार्यों ने योगीजी को प्रसादी के रूप में पटका, प्रसाद एवं पगड़ी प्रदान की। श्रीकृष्ण-जन्मभूमि परिसर में उपस्थित हजारों श्रद्धालु पूज्य योगीजी को श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर देखकर अभिभूत हो उठे, वह सहज भाव से 'जय श्रीराम' के जयघोष कर उठे।

योगीजी ने भी श्रद्धालुओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार करते हुऐ आशीर्वाद दिया।

## फाइनल मैच में कक्षा 11 ने कक्षा 10 को पराजित कर कप पर जमाया कब्जा

**● विद्यापीठ द्वारा आयोजित 2 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न**

**● विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर, ब्रोंज मेडल देकर किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के मैदान में आयोजित 2 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में स्वाती ने प्रथम, शिल्पी ने द्वितीय, शुभी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यापीठ के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने स्वाति को गोल्ड मेडल, शिल्पी को सिल्वर मेडल,शुभी को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया। 200 मीटर दौड़ के पश्चात आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच कक्षा 9 और 10 के मध्य खेला गया जिसमें कक्षा 10 की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। कक्षा 9 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए वहीं जवाब में उतरी कक्षा 10 की टीम ने 6 वें ओवर में 3 विकेट खोकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। 19 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले मयंक को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं दूसरा मैच कक्षा 11 और 12 के मध्य खेला गया, जिसमें कक्षा 12 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। कक्षा 11 ने पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 3 विकेट खोकर 103 रन बनाए,वहीं जवाब में उतरी कक्षा 12 की टीम 101 रनों के स्कोर पर सिमट गई। इस प्रकार से कक्षा 11 ने 3 रनों से मैच जीत लिया, 2 विकेट लेने के साथ ही 36 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले मनोज को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। तीसरा मैच कक्षा 10 और 11 के मध्य खेला गया। कक्षा 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में एक विकेट खोकर 66 रन बनाए वहीं जवाब में उतरी कक्षा 10 की टीम 37 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट हो गई। इस प्रकार से कक्षा 11 की टीम ने 30 रनों से फाइनल मैच जीत लिया,मैन ऑफ द मैच विवेक रहे। चौथा मैच -शो मैच के रुप में फाइनल मैच में विजई रही कक्षा 11 और विद्यापीठ के शिक्षकों के मध्य खेला गया जिसमें शिक्षकों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 और में 146 रन बनाए, वहीं जवाब में उतरी कक्षा 11 की टीम ने 147 बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया।

प्रतियोगिता में मंच संचालन शैलेंद्र सिंह द्वारा किया गया। क्रिकेट मैच में एपायरिंग पवन सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश श्रीवास्तव ने की। स्कोरिंग आनंद ने और रोमांचक कमेन्ट्री अनुराग श्रीवास्तव द्वारा की गई। इस मौके पर शिक्षक लक्ष्मी नारायण, ओम प्रकाश सिंह, हरि बहादुर सिंह, अभयराज सरोज, अभय सिंह,डॉ.बृजेश सिंह, क्रीडा अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, सुशील शुक्ला, अविनाश, सत्येंद्र सिंह,रामसजीवन पटेल, दिग्विजय सिंह, प्रमोद सिंह, जयजीत, पवन, अरुण सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, भूपेंद्र कुमार, राजबहादुर सिंह,विकास वर्मा, प्रधान लिपिक राज बहादुर सिंह, अरुण त्रिवेदी, विजय कुमार आदि शिक्षक, विद्यालय स्टाफ एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा आकस्मिक रूप से थाना गौरीगंज पहुंचकर की गयी जनसुनवाई

**● लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त रखने तथा लगातार भ्रमण शील रहकर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाते हैं एसपी अमेठी**

स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज अमेठी।** शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा आकस्मिक रूप से थाना गौरीगंज पहुंचकर थाने पर आये हुए फरियादियों से वार्ता की गयी एवं उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश,निर्देश दिये गये । तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना कार्यालय में अभिलेखों का रखरखाव व परिसर में साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया एवं माल निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश,निर्देश दिये गये । बताते चले एसपी अमेठी लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त रखने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर जनपद के विभिन्न थानों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में मौजूद रहने वाले फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण हेतु मातहत अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हैं। अपने कुशल कार्यशैली से जनपद में



कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने वाले अमेठी एसपी आम जनमानस को 24 घंटे उनकी सुरक्षा का एहसास दिलाते हैं। यही नहीं फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करते हुए फरियादियों को पूरी तथा गुणवत्तापूर्ण न्याय उपलब्ध कराने में अमेठी एसपी का कोई जोड़ नहीं ऐसा फरियादियों का कहना है।

## इस शहर में पहले होगी मुनादी, फिर सर्वे और जुर्माना, नहीं हटाया अतिक्रमण तो चलेगा बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** मंडी समिति में रोड की ओर बनी दुकानों को लेकर घपलेबाजी की आशंका जताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि दुकानें आवंटित किसी को हैं और उस पर काबिज कोई और है। इससे राजस्व की क्षति हो रही है। मंडी समिति के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट ने सचिव से दुकानों के आवंटन से संबंधित पत्रावलियां तलब की हैं। बोले- दुकानों का मौके पर पहुंचकर सत्यापन भी कराया जाएगा। मंडी समिति की दुकानें आवंटित की जाती हैं। इसमें जो दुकान लेता है उसी का कब्जा होता है। पीलीभीत मंडी में मिलीभगत से खेल और ही चल रहा है। यहां पर दुकान तो किसी और के नाम पर आवंटित है, लेकिन काबिज कोई और है। इससे राजस्व विभाग को भी हर माह नुकसान हो रहा है।

यही नहीं प्रशासन के पास ऐसा मामला भी पहुंचा कि दुकान अपने नाम कराने के बाद उसकी बिक्री कर दी गई। यह खेल मंडी के बाहर रोड किनारे की दुकानों पर किया गया है। अब तक इसको लेकर कोई भी अधिकारी जांच नहीं करा सका है। मामला संज्ञान में आने के बाद मंडी के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट ने अब इसको लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने दुकानों से संबंधित पूरी पत्रावली सचिव से मांगी है। उन्होंने मंडी में कितनी दुकानें हैं, कितनों का कब-कब किसे आवंटन किया गया, यह सभी जानकारी मांगी है। सभापति की ओर से पत्रावली मांगे जाने से मंडी के कर्मचारियों व अधिकारियों में खलबली है। बताया जा रहा है कि इस खेल में कहीं न कहीं मंडी के लोगों की भी मिलीभगत हो सकती है।

**मंडी में हैं 531 दुकानें**

पीलीभीत मंडी परिसर के अंदर श्रेणी ए की 39, श्रेणी बी की 98, श्रेणी सी की 113, श्रेणी डी की 20, गोदाम 51 व किसान बाजार



की दुकानें 208 दुकानें हैं। इनके अलावा एक दुकान में कृषक सेवा केंद्र संचालित है। दूसरी में इंडियन बैंक की ब्रांच चल रही है। कुल दुकानों की बात करें तो 531 दुकानें मंडी समिति पीलीभीत की चल रहीं हैं और इनका मासिक राजस्व करीब तीन से चार लाख होता है। मंडी की दुकानों को बिक्री करना और अवैध रूप से कब्जा कराने का मामला संज्ञान में आया है। इसको लेकर पत्रावली तलब की गई हैं। पत्रावली मिलने के बाद मौके पर जाकर सत्यापन कराया जाएगा। - सुनील कुमार सिंह, सभापति, मंडी समिति।

# जनपद को आज प्राप्त हुई 2721.5 मैट्रिक टन इफको डीएपी

**● डीएम व सीडीओ ने गौरीगंज रेलवे स्टेशन स्थित रैक पॉइंट का किया स्थलीय निरीक्षण**

**● किसानों को जोत बही के अनुसार उर्वरक वितरण करने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने उप कृषि निदेशक डा. लाल बहादुर यादव, एआर कोआपरेटिव मित्र सेन वर्मा, जिला प्रबंधक पीसीएफ तथा इफको प्रबंधक शिशु पाल की उपस्थिति में गौरीगंज रेलवे स्टेशन स्थित रैक पॉइंट का स्थलीय निरीक्षण किया तथा जोत बही के अनुसार किसानों को उर्वरक वितरण करने के निर्देश दिए। आज जनपद में 2721.5 मैट्रिक टन इफको डीएपी रैक प्राप्त हुई है जिसमें से करीब 500 मैट्रिक टन डीएपी 30 सहकारी समितियों पर सीधे रैक बिंदु से प्रेषण किया जाएगा, करीब 500 मैट्रिक टन डीएपी इफको के किसान सेवा केंद्रों, उपभोक्ता सहकारी समिति, संघ व अन्य इफको केंद्रों को प्रेषित किया जाएगा तथा 1721.5 मैट्रिक टन बफर गोदाम में रखा जाएगा जो मांग अनुसार समितियों व अन्य केंद्रों पर प्रेषित किया जाएगा। सहकारी समिति भादर, चंदौकी, ढेमा, दरपीपुर, दुलापुर कल्याण, गोरखापुर, जगदीशपुर, कोटवा नैखेड़ा, खरगपुर, महराजपुर, माधवपुर, निहालगढ़, पुरबगांव, पाली, रस्तामऊ, थौरी, टीकरमाफी, सेमरौता, फूला, ओदारी, ब्राह्मणी, इन्हौन, अलाईपुर, मुहैया केसरिया, सराय महेसा इन समितियों पर रैक बिंदु से प्रेषण किया जाएगा। इसके साथ-साथ जनपद की प्रत्येक समिति, इफको किसान सेवा केंद्र व इफको के अन्य केंद्रों पर नैनो डीएपी व नैनो यूरिया भी उपलब्ध है, नैनो डीएपी खरीद दर रुपये 600, व नैनो यूरिया 225 रुपये में किसान भाइयों के लिए उपलब्ध है, किसान भाई नैनो उर्वरकों का भी प्रयोग करें। सहकारी क्षेत्र में करीब 6200 मैट्रिक टन डीएपी रबी सीजन 2023 में बिक्री कराने का लक्ष्य है।

## यातायात माह के दृष्टिगत कस्बा बाजार शुकुल पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल अवनीश कुमार चौहान के नेतृत्व में शुकुल बाजार पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन करने हेतु आम जनमानस को जागरूक किया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि इस अभियान में हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना बीमा वाहन न चलाने जैसे नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया । पूरे कस्बे में घूम-घूम कर लोगों को जागरुक करते हुए थाना अध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान ने कहा कि पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी जान की रक्षा एवं अपनों के सपनों को साकार करने हेतु हेलमेट का प्रयोग अवश्य



करें जिससे आप सुरक्षित अपने घर पहुंच सके।

क्योंकि आपके घर पर आपके परिजन आपके इंतजार में रहते हैं ऐसे में हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करें। यातायात के नियमों का पालन करें जिसे स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रख सके। उन्होंने आम जनमानत से अपील की की नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें तथा शराब के नशे में वाहन कतई ना चलाएं तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कतई ना करें उन्होंने कहा कि प्रायः देखा गया है कि लोग वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं ऐसे में दुर्घटना की आशंका रहती है इसलिए वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कतई ना करें।

## भारत संकल्प यात्रा को लेकर शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़(रायबरेली)** भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर शिवगढ़ ब्लाक सभागार में ग्राम स्तरीय समिति का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यात्रा का लक्ष्य लोगों तक पहुंचने, जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित होगा।

यात्रा के दौरान तैयार किए गए विवरण के माध्यम से संभावित लाभार्थियों का नामांकन किया जाएगा। 20 नवम्बर से यात्रा शुरुआत शुरू होगी और 25 जनवरी 2024 के मध्य सभी ग्राम पंचायतों में किया जाना है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शासन द्वारा गठित ग्राम स्तरीय समिति के सभी सदस्यों को शासन द्वारा दिये गये निर्देशों की जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर



खण्ड विकास अधिकारी साबिर अनवर, पशु चिकित्सा अधिकारी इंद्रजीत वर्मा ,शिक्षा विभाग से धर्मेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत सीताराम सहित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांधी स्टेडियम में आज बड़े पर्दे पर देखा जाएगा भारत-आस्ट्रेलिया का मुकाबला

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को होने वाले वर्ल्डकप फाइनल क्रिकेट को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़े पर्दे पर फाइनल मुकाबला देखने के लिए गांधी स्टेडियम के प्रेक्षागृह में एलईडी वॉल की व्यवस्था कराई है।

भारत व आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को होने वाले क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमी बेहद उत्साहित हैं। भारत मैच जीते, इसको लेकर शनिवार को कई लोगों ने पूजा-पाठ किया। मैच देखने के लिए लोग अपने-अपने तरीकों से तैयारियां कर रहे हैं। सामूहिक रूप से बैठकर मैच देखने के लिए कई मोहल्लों में तो एलईडी स्क्रीन किराए पर ली गई हैं। गांधी स्टेडियम के प्रेक्षागृह में ईएलडी वॉल को लगवाने की व्यवस्था गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने की है। गन्ना मंत्रियों ने क्रिकेट प्रेमियों गांधी प्रेक्षागृह में आकर मैच देखने की अपील भी की। इसके अलावा शहर में कई जगह सार्वजनिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर मैच का प्रसारण दिखाया जाएगा। शहर ही नहीं, बल्कि जिले की अधिकांश फोटो स्टूडियो की एलईडी वॉल एडवांस में बुक हो चुकी हैं। मुकाबले में भारत की जीत तय मानते हुए कई लोगों ने आतिशबाजी व लड्डू के ऑर्डर तक दे दिए।

**भारत की जीत के लिए युवाओं ने निकाला मशाल जुलूस**

भारत-आस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मुकाबले में भारत की जीत के लिए शनिवार शाम को गांधी स्टेडियम में युवाओं ने गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के साथ मशाल जुलूस निकाला। गांधी स्टेडियम में शाम करीब छह बजे काफी संख्या में युवा एकत्र



हुए और मंत्री के साथ मशाल जुलूस लेकर पूरे मैदान में घूमे। साथ ही भारत माता के जयकारे लगाए। राज्य मंत्री ने कहा कि इस महामुकाबले में भारत ही जीतेगा। सभी लोगों ने इसके लिए ईश्वर से कामना की है।

**पूरनपुर में भी चेयरमैन ने मैच देखने के लिए लगवाई स्क्रीन**

पूरनपुर। विश्व कप के फाइनल मुकाबले को देखने के लिए नगर पालिका चेयरमैन की ओर से अमोल बरात घर में मैच का लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाने के इंतजाम किए गए हैं।

## मंडी की दुकानों में फर्जीवाड़े की आशंका, पत्रावली तलब

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** मंडी समिति में रोड की ओर बनी दुकानों को लेकर घपलेबाजी की आशंका जताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि दुकानें आवंटित किसी को हैं और उस पर काबिज कोई और है। इससे राजस्व की क्षति हो रही है। मंडी समिति के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट ने सचिव से दुकानों के आवंटन से संबंधित पत्रावलियां तलब की हैं। बोले- दुकानों का मौके पर पहुंचकर सत्यापन भी कराया जाएगा। मंडी समिति की दुकानें आवंटित की जाती हैं। इसमें जो दुकान लेता है उसी का कब्जा होता है। पीलीभीत मंडी में मिलीभगत से खेल और ही चल रहा है। यहां पर दुकान तो किसी और के नाम पर आवंटित है, लेकिन काबिज कोई और है। इससे राजस्व विभाग को भी हर माह नुकसान हो रहा है।

यही नहीं प्रशासन के पास ऐसा मामला भी पहुंचा कि दुकान अपने नाम कराने के बाद उसकी बिक्री कर दी गई। यह खेल मंडी के बाहर रोड किनारे की दुकानों पर किया गया है। अब तक इसको लेकर कोई भी अधिकारी जांच नहीं करा सका है। मामला संज्ञान में आने के बाद मंडी के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट ने अब इसको लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने दुकानों



से संबंधित पूरी पत्रावली सचिव से मांगी है। उन्होंने मंडी में कितनी दुकानें हैं, कितनों का कब-कब किसे आवंटन किया गया, यह सभी जानकारी मांगी है। सभापति की ओर से पत्रावली मांगे जाने से मंडी के कर्मचारियों व अधिकारियों में खलबली है। बताया जा रहा है कि इस खेल में कहीं न कहीं मंडी के लोगों की भी मिलीभगत हो सकती है।

**मंडी में हैं 531 दुकानें**

पीलीभीत मंडी परिसर के अंदर श्रेणी ए की 39, श्रेणी बी की 98, श्रेणी सी की 113, श्रेणी डी की 20, गोदाम 51 व किसान बाजार की दुकानें 208 दुकानें हैं। इनके अलावा एक दुकान में कृषक सेवा केंद्र संचालित है। दूसरी में इंडियन बैंक की ब्रांच चल रही है। कुल दुकानों की बात करें तो 531 दुकानें मंडी समिति पीलीभीत की चल रहीं हैं और इनका मासिक राजस्व करीब तीन से चार लाख होता है। मंडी की दुकानों को बिक्री करना और अवैध रूप से कब्जा कराने का मामला संज्ञान में आया है। इसको लेकर पत्रावली तलब की गई हैं। पत्रावली मिलने के बाद मौके पर जाकर सत्यापन कराया जाएगा। - सुनील कुमार सिंह, सभापति, मंडी समिति

# सफीपुर में हत्या की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, गांव के ही रहने वाले युवक ने दिया था घटना को अंजाम

**स्वतंत्र प्रभात**

**उन्नाव।** उन्नाव थाना सफीपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बह्मना में 12/13 नवंबर की रात्रि को हत्या की घटना का खुलासा करते हुए घटना कारित करने वाले अभियुक्त को मय आलाक्तल ईट का टुकड़ा (खून लगा) बरामद कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दे की 12/13 नवंबर की रात्रि में थाना सफीपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हना में छन्नू सिंह (52) पुत्र स्व0 चन्द्रभान सिंह निवासी जरगाँव थाना अचलगंज जनपद उन्नाव की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई थी। जिसके संदर्भ में प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अज्ञात पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना अभियुक्त कुलदीप सिंह चौहान उर्फ आकाश सिंह (21) पुत्र स्व0 जीत बाहदुर सिंह उर्फ लाला निवासी ग्राम बम्हना थाना सफीपुर जनपद उन्नाव का नाम प्रकाश में आया। जिसको शनिवार को प्रभारी निरीक्षक श्याम नरायण सिंह थाना सफीपुर ने मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कुलदीप सिंह उपरोक्त को ग्राम बम्हना के बाहर बडा देव रेलवे लाइन अण्डर से हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दीपावली की रात वह अपने घर वापस लौट रहा था तभी छन्नू सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रभान सिंह नि0 जरगांव थाना अचलगंज जनपद उन्नाव जो फतेहबहादुर के निर्माणाधीन मकान के बने बरामदे में चारपाई पर लेटे नशे की हालत में लोगो को गाली दे रहे थे। मेरे द्वारा मना करने पर मुझे भी गालियां देने लगा, जिससे आक्रोश में आकर मैने वही पर पड़े ईट के टुकड़े से छन्नू



उपरोक्त माथे पर जान से मारने की नियत से दो-तीन वार किये और वहाँ से भाग कर उस खून लगे ईट के टुकड़े को रामेन्द्र सिंह पुत्र जय राम सिंह के बने शौचालय के पास झाडी में छिपा दिया। अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त को गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त की निशांदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगे ईट के टुकडे को भी बरामद कर लिया गया।

# दूसरी महिला के दस्तावेज उपयोग में लाकर किसान दुर्घटना बीमा तथा किसान सम्मान निधि की राशि फर्जी तरीके से ली

**स्वतंत्र प्रभात**



**उन्नाव।** उन्नाव क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से एक महिला द्वारा गांव निवासी दूसरी महिला के दस्तावेज उपयोग में लाकर किसान दुर्घटना बीमा तथा किसान सम्मान निधि की राशि फर्जी तरीके से प्राप्त कर ली गई पीड़ित ने समाधान दिवस के अवसर पर शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव कुंशी निवासी ललित कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसके गांव निवासी हरिशंकर पुत्र सुब्बा की मौत राजस्थान प्रांत में आग से जलकर हो गई थी जिसके बाद आकस्मिक दुर्घटना बीमा का लाभ लेने में क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से गांव की ही मंजू देवी नामक महिला ने उसकी पत्नी के दस्तावेज उपयोग में लाकर पांच लांख की सहायता राशि प्राप्त कर ली जिसके बाद किसान सम्मान निधि की राशि भी प्राप्त कर ली गई। पीड़ित ने गांव निवासी महिला मंजू देवी तथा तत्कालीन लेखपाल राजेश कुमार को नामित करते हुए कार्यवाही की मांग की है। वही पीड़ित के अनुसार जब सरकार की तरफ से आधार द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि खाते में डाली गई तो उसकी पत्नी का आधार जालसाज महिला के खाते में लिंक होने से राशि उसके खाते में पहुंच गई जिसके बाद बैंक पहुंचने पर सच्चाई पता चल सकी।

# जलशक्ति मंत्रालय ने वाटर हीरो रामबाबू को जल-योद्धा जल-प्रहरी अवार्ड 2023 के लिये चुना

**● - 13 दिसंबर को दिल्ली मे जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत देंगे आवार्ड**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** बबेरू तहलील के अंधाव गांव निवासी रामबाबू तिवारी को 2023 के जल प्रहरी अवार्ड से हेतु चुना गया। यह अवार्ड जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार व सरकारी टेल संस्था प्रति वर्ष देश भर में जल संचयन के क्षेत्र में कार्य कर रहे जल योद्धा को जल प्रहरी अवार्ड से सम्मानित करतीं है। इस वर्ष का अवार्ड 13 दिसंबर 2023 को जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत देंगे। बांदा जनपद के अंधाव गांव निवासी वाटर हीरो रामबाबू तिवारी को जल संचयन में अच्छा कार्य करने हेतु किया जल प्रहरी अवार्ड से किया जायेगा सम्मानित आपको बताते चलें कि रामबाबू तिवारी बुंदेलखंड क्षेत्र के तालाब एवं जल संचयन में कार्य कर रहे है। उन्होंने गांव-गांव जाकर पानी चौपाल, पानी पंचायत लगाकर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से 74 से अधिक तालाबों का जीर्णोद्धार कराया है। बांदा जनपद के अंधाव गांव में अभियान ष्खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव मेंष् मिशन के तहत गांव में बरसात के पानी को रोकने का खेतों में मेड बंदी कराकर किसानों के साथ बारिश की एक एक बूंद को सहजने का कार्य किया।इस अभियान की सराहना भी 27 जून 2021 को भारत के प्रधानमंत्री ने अपने ष्मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कर चुके हैं। और इनके शोध का विषय भी बुंदेलखंड के तालाबों का सामाजिक सांस्कृतिक अध्ययन है।

# जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में आज शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**उन्नाव।** उन्नाव बांगरमऊ स्थानीय तहसील कार्यालय स्थित जन सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में आज शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर थाना फतेहपुर 84 अंतर्गत ग्राम ग्राम परशुरामपुर निवासी राजेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी गांव के एक हिस्ट्रीशीटर व गुंडा किस्म के व्यक्ति ने उसके खेत में खड़े बबूल के पेड़ को जबरन कटवा लिया। विरोध करने पर हिस्ट्री सीटर ने उसे जान से मार डालने की धमकी दी। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर आज ग्राम तमोरिया बुजुर्ग निवासी शिव बालक पुत्र महावीर ने जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे के समक्ष शिकायत दर्ज कराई कि उसके खेत की पैमाइश बेहटा पुलिस के साथ हल्का लेखपाल और कानूनगो कर चुके हैं। किंतु दबंगों ने खेत की मेढ़ जोतकर फिर जबरन कब्जा कर लिया। इसके अलावा थाना फतेहपुर 84 के ग्राम खैरी गुरदासपुर निवासी मिश्रीलाल पुत्र परशुराम ने अपने सगे भाई देवी प्रसाद पर उसके हिस्से की





सात विश्वा खेती बांट कर न देने और जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलमपुर रेतवा निवासी देवी चरन पुत्र खगेश्वर ने शिकायत दर्ज कराई की ग्राम मऊ निवासी रामस्वरूप ने गिरवीनामा कराने के बहाने धोखा देकर उसकी जमीन का बैनामा करा लिया। ग्राम माढ़ापुर के मजरा मुंडेरा निवासिनी विधवा शीला पत्नी रामनरेश की शिकायत थी कि उसकी निराश्रित विधवा पेंशन अज्ञात कारणों से रोक दी गई है। जिससे उसके समक्ष भरण-पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। आज समाधान दिवस में राजस्व 64, पुलिस 2, विकास 12, नगर विकास 02, खाद्य एवं रसद 05, समाज कल्याण 06, विद्युत 03 तथा अन्य विभागों से संबंधित 05 सहित कुल 125 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें राजस्व की 12 और खाद्य एवं रसद की एक शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। बाकी शिकायती पत्र निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारित करने हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार भी मौजूद रहे। उन्होंने उज्जवला योजना के कुल नौ लाभार्थियों को निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर भी आवंटित किए। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक एस एस मीना, उप जिलाधिकारी शुभम यादव, पुलिस उप अधीक्षक विजय आनंद, तहसीलदार साक्षी राय,नायब तहसीलदार दीपककुमार कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह व बेहटा मुजावर थाना प्रभारी फूल चंद, चिकित्साधीक्षक डॉ मुकेश व पालिका अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चुनाव व ग्रामीण परिवेश पर आधारित है फ़िल्म शिसतमगरश

**● - जाने माने एक्टर मनोज पंडित की खलनायकी ने फ़िल्म में डाल दी जान**

**● - फ़िल्म की प्रोजेक्ट मैनेजर हैं अनिता पंडित, सभी कलाकारों ने अपने अभिनय को जीवंत करने की किया कोशिश**





**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** भूमिका फ़िल्म बैनर तले बनी फ़िल्म शिसतमगरश् किसान आत्म हत्या के साथ चुनाव व ग्रामीण परिवेश पर आधारित फ़िल्म है। फ़िल्म की प्रोजेक्ट मैनेजर अनिता पंडित हैं और इसमें जाने माने एक्टर मनोज पंडित ने खलनायनी का बेहतरीन रोल किया है। फ़िल्म रिलीज हो चुकी है और अब कहा जा रहा है कि खलनायकी देखनी है तो फ़िल्म सितमगर देखो।

किसानों की समस्याओं पर आधारित इस फ़िल्म का निर्देशन जोरदार तरीके से हुआ है। निर्देशन में साथ निभाया है सहायक निदेशक रजनीश रंजन ने (जिनकी पहले भी कई फ़िल्म रिलीज हो चुकी हैं ) फ़िल्म की मुख्य भूमिका में यानी हीरो कमल रंजीत हैं। अच्छे एक्शन के साथ खलनायकी जाने माने फ़िल्म एक्टर मनोज पंडित ने की है। खलनायक की भूमिका में इन्होने तो कहर ही ढा दिया है। मुनीम के करेक्टर को सुधीर मिश्रा ने बखूबी निभाया। युगन्तर पाण्डेय ने पिता का रोल किया। मंद बुद्धि बेटे का अनिल चौधरी ने शानदार अभिनय किया है। फ़िल्म की हीरोइन रागनी चौरसिया, सहायक हीरोइन प्रियंका राजहंस हैं। बलराम झा ने हीरो के साथ अच्छा अभिनय किया। हमीद ने सैनिक व किसान की भूमिका मे कलाकार प्रसिद्ध ने जीवंत अभिनय किया है। यह फ़िल्म बेहतर गीत व संगीत से सजी फ़िल्म है। डांस को बहुत ही शानदार तरीके से फिल्माया गया है जो फ़िल्म के आकर्षण को और बढ़ा रहा है। सितमगर दर्शकों के बीच आ चुकी है जो लोगो को बहुत ही पसंद आ रही है। यह फ़िल्म समाजिक राजनैतिक व ग्रामीण परिवेश पर आधारित है गावों में चुनाव किस तरह से होते हैं, और वहां की राजनीति कैसे होती है, आखिर कैसे लोकल के बदमाश व तानाशाह किस्म के व्यक्ति चुनाव जीत जाते हैं। फ़िल्म में यह सब दिखाया गया है इस भूमिका को मनोज पंडित ने बखूबी निभाते हुए अपने अभिनय में जान डालने का काम किया है। अभिनय में इनका साथ दिया है उमा शंकर मिश्रा व देवेंदर ठाकुर ने जिन्होंने फ़िल्म में पूरा जलवा बिखेर दिया है। फ़िल्म को तैयार करने में दया शंकर गुप्ता का अहम रोल है। सितमगर में कई ऐसे कलाकार हैं जिनकी पहले भी कई फ़िल्म रिलीज हो चुकी हैं और यह भी धांसू तरीके से बनाई गई मनोरंजन से भरपूर फ़िल्म है।

# एसडीएम ने लिया मौनी बाबा मेले की तैयारियों का जायजा

**● - समय से सभी तैयारियों को पूरा करने का दिया निर्देश**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बबेरू (बांदा)।** स्वामी अवधूत महाराज के सानिध्य में पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाले तीन दिवसीय विशाल भंडारा, मेला-प्रदर्शनी की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। शनिवार को देर शाम मेला प्रभारी एसडीएम बबेरू ने मौके में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और सभी संबंधित विभागों को समय से अपना कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव की तैयारियों को लेकर 20 नवंबर, सोमवार को लखनऊ में होने वाली शासन स्तर की बैठक के पहले शनिवार को मेरा प्रभारी एसडीएम बबेरू मौनी बाबा धाम पहुंचे और भंडारा स्थल, मेला मैदान, श्रमदानी निवास स्थल तथा पर्यटन परिसर आदि सभी जगह घूम कर मौके में तैयारियों का जायजा लिया। मौके में उपस्थित बी डि ओ बबेरू सहित विद्युत विभाग तथा जल संस्थान के उपस्थित कर्मचारियों को समय से अपना काम पूरा करने के निर्देश देते हुए बिजली, पानी तथा सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मेला मैदान का समतलीकरण का कार्य भी देखा जहां मेला मार्ग को चौड़ा करने के निर्देश दिए। मेला में समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था पर संबंधित विभागों से चर्चा की। गौर तलब है कि पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव अंतर्गत 15, 16, 17 दिसंबर को मौनी बाबा धाम में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय विशाल भंडारा तथा पांच दिवसीय राष्ट्रीय मेला प्रदर्शनी आयोजित होती है। जहां देश विदेश से श्रद्धालु तथा विख्यात हस्तियों सहित तमाम राजनेता यहां आकर माथा टेकते हैं तथा प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव, विद्युत विभाग के जे ई,लेखपाल, चौकी प्रभारी पांडेय,जल संस्थान से धनंजय श्रीवास्तव तथा आश्रम के सेवक उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

**● - जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ आयोजन**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड, बांदा में आज भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी एवं महारानी लक्ष्मी बाई की जयन्ती राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर शामेए कवियों ने अपनी अपनी रचना से दोनो महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए । जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने दोनो विभूतियों को माल्यार्पण किया तथा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बैठक एवं मुशायरा कवि गोष्ठी का संचालन शिवबली सिंह बशर ने किया सभी शायरों कवियों को जिलाध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया। रईश अब्बा बादवी ने अपने अशआर पेश किए रू- जरिए तुम्हारी की गई खिदमत में नाज है, हमको तुम्हारी शोहरतो इज्जत पे नाज है, मरते हैं यूँ तो देश में नेता बहुत मगर, इन्दिरा हमें तुम्हारी शहादत पे नाज है। शायर कवि डा. इजहार खालिद, नवाब असर, सुधीर खरे, कमल रईश अब्बा, राजेश तिवारी, शिवबली बशर, डा.शिवप्रसाद, अज़ीज तारिक, रामप्रताप शुक्ला, ठाकुरदीन पक्षी को सम्मानित किया गया। सभी शायरों व कवियों ने इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई पर अपने विचार शेर और कविता में पेशबंदी की और अनुरोध किया कि ऐसी महान विभूतियों पर कार्यक्रम होते रहना चाहिए। उधर बांदा नगरपालिका क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित दोनों पार्को में इन्दिरा की प्रतिमा की सफाई कर मल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की, गुलरनाका स्थित इंदिरा गांधी पार्क में डा. के पी सेन और इंदिरा नगर स्थित पार्क पर सत्यप्रकाश द्विवेदी ऐडवोकेट देखरेख में कार्यक्रम हुआ।कार्यक्रम में अखिलेश शुक्ला, बी लाल,सीमा खान, अफसाना शाह, सन्तोष कुमार द्विवेदी, राजेश गुप्ता पप्पू, धीरेन्द्र पांडेय, सत्यप्रकाश द्विवेदी, द्वारिकेश यादव मंडेला, जगदीश तिवारी,अशरफ उल्ला रम्पा, धीरेन्द्र पटेल, के पी सेन, राजबहादुर गुप्ता, जिलानी दुर्रानी, शब्बीर सौदागर, मुन्ना खान, रफत खान, अशोक वर्धन कर्ण, शिवनारायण, वीरेंद्र कुमार धुरिया, नाथूराम सेन, नत्थू शाह, कमलेश दीक्षित, हरिश्चंद्र बाजपेयी, सुलेमान, लाला, शाहिद, इस्लाम, सुखदेव गांधी आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बांदा के लिए संजीवनी

**● - चिकित्सा के क्षेत्र में बांदा में रविवार को एक उपलब्धि और जुड़ गई**





**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** रविवार को बांदा के नरैनी रोड स्थित नर्सरी के गेट के सामने आयुष्मान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गुर्दा, मूत्र रोग एवं सर्जरी सेंटर का शुभारंभ हो गया है रविवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पांडे, और डाक्टर सुनील कौशल प्राचार्य रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा और पूर्व विधायक नरैनी राज करण कबीर ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

इस हास्पिटल की डायरेक्टर डाक्टर प्रिया दीक्षित त्रिपाठी एनेस्थीसिया एन्ड क्रेटकल केयर एक्सपर्ट ने बताया कि हमारे हास्पिटल में गुर्दा, एवं मूत्र रोग के रोगियों को अब दूसरे जनपदों में भटकना नहीं पड़ेगा।इस हॉस्पिटल में मूत्र मार्ग की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना,मूत्र नलिका सम्बन्धी रोग, पेशाब नली से खून आना, सेक्स से सम्बंधित बीमारियां, किडनी एवं मूत्र मार्ग के कैंसर, किडनी फेल, डायलेसिस, हर्नियां,ब्रेस्ट गांठ, व शरीर के अन्य हिस्सों की गांठों का उपचार, पित्त की थैली का दूरबीन विधि से ऑपरेशन आदि की सुविधा मिलेगी ।आधुनिक मशीनों के द्वारा यूरोलॉजी के सभी ऑपरेशन होंगे ।मर्ज के इलाज के साथ साथ इस हॉस्पिटल में लगभग सभी प्रकार की जांचों की भी सुविधा उपलब्ध है, गुर्दा, एवं मूत्र रोग (यूरोलजी ) के अलावा ह्रदय रोग के रोगियों का उपचार जनपद के जाने माने वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर के एल पांडे द्वारा किया जाएगा ।सघन्य रोग के उपचार हेतु डाक्टर प्रिया एनेस्थीसिया एवं आईसीयू विशेषग्य उपस्थित रहेंगी। 24 घण्टे इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी ।उद्घाटन समारोह में आये मुख्य अतिथि पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने कहा कि बांदा जनपद के लिए ये हॉस्पिटल संजीवनी साबित होगा ।रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर एस के कौशल ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में इस तरह के हॉस्पिटल बढ़ने से कम्पीटीशन होगा जिससे काम मे गुडवत्ता बढ़ेगी ।पूर्व विधायक राज कारण कबीर ने हास्पिटल के संचालाकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु,अनिल श्रीवास्तव सीएमओ बांदा, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, डाक्टर सऊद उज़ जमा सादी भाई, पुष्कर द्विवेदी, सहित जनपद के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जीआईसी मैदान के समीप मिली नवजात बच्ची

**बांदा।** शहर के जीआईसी इंटर कालेज के समीप स्थित निर्माणाधीन प्राइमरी विद्यालय के पास रविवार को दोपहर झोले में एक माह की बच्ची को फेक कर चला गया। वहां से गुजर रहे लोडर चालक जसवंत कुशवाहा निवासी गायत्री नगर ने रोने की आवाज सुनी तो वह मौके पर पहुंच गया। उसने झोला उठाकर देखा तो बच्ची रो रही थी।

उसने बच्ची को गोद में उठा लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर आस पास की महिलाएं भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्ची को महिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिर हाल बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। महिला सीएमएस डाक्टर सुनीता सिंह ने बताया कि बच्ची एक माह के अंदर की है। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नशे की हालत में निर्वस्त्र होकर महिलाओ के साथ गाली गलौज व अभद्रता की गई



**उन्नाव।** उन्नाव एक ग्रामीण के घर में घुसकर नशेड़ी द्वारा हजारों की नगदी निकाल ली गई तथा नशे की हालत में निर्वस्त्र होकर महिलाओ के साथ गाली गलौज व अभद्रता की गई पीड़ित ने समाधान दिवस के मौके पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ के गांव रबरी निवासी सुनील पुत्र मुंशीलाल ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि बीते 13 नवंबर को गांव निवासी एक युवक उसके घर में घुस आया तथा धान बिक्री के 22000 रुपए उठा लिए खटपट की आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंचा तो आरोपी रुपए लेकर भाग गया जिसके बाद शाम पहर शराब के नशे में घर पहुंचा तथा अपनी छत पर पहुंचकर निर्वस्त्र होकर पत्थर बाजी की तथा तीन महिलाओ के साथ गाली गलौज व अभद्रता की पीड़ित ने आरोपी को नामजद करते हुए जानमाल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## भारतीय क्रिकेट टीम को विश्वकप में जीत सुनिश्चित होने हेतु विमल द्विवेदी ने किया हवन पूजन



**उन्नाव।** उन्नाव 19 नवम्बर को ऐतिहासिक विश्वकप फाइनल का आयोजन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना हैं 12 साल बाद भारतीय टीम एकबार फिर फाइनल में पहुँची हैं और 20 साल बाद एकबार फिर। ऑस्ट्रेलिया और भारत की टीम आमने सामने होंगी ऐसे में भारतीय दर्शक पूजा पाठ से लेकर हर सभी कुछ अपनाकर टीम को अपना समर्थन दे रहे। वही नगर में नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी ने नगर के बड़े हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर विमल द्विवेदी ने कहा भारतीय क्रिकेट टीम निश्चित ही ये मुकाबला जीतेगी करोड़ो भारतीय इसके लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। इसी क्रम में उनके द्वारा ये धार्मिक अनुष्ठान किया गया हैं। क्रिकेट अनिश्चितता का खेल हैं लेकिन इसबार विश्वकप में भारतीय टीम अभीतक अजेय रही हैं इसलिए उम्मीदें बढ़ गई हैं।

## खेत गये किसान का शव छह दिन बाद तालाब में मिला



**उन्नाव।** उन्नाव खेत के लिए निकला वृद्ध का शव छह दिन बाद तालाब में उतराता मिला। तालाब में शव देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कर कार्रवाई की जायेगी। पुरवा कोतवाली क्षेत्र भूपतिपुर निवासी गंगासागर लोधी ( 67 वर्ष पुत्र स्व बिल्लेश्वर किसानी करता था। उसके बेटे सन्तोष ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि 12 नवंबर की रात पिता घर से खाना खाकर खेत की रखवाली करने के लिए निकले थे तभी से वह लापता हो गये प। 15 नवंबर को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। शनिवार 18 नवम्बर को मंझगवा गांव स्थित बसहा झील में उसका शव उतराता मिला। खेत थे किसानों में शव देख सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाल कर वीडियो व फोटोग्राफी कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## डीसीए उन्नाव ने डीसीए जालौन को दी 44 रनों से मात

**उन्नाव।** उन्नाव, उरई में खेले जा रहे प्रथम स्वर्गीय श्री यशोदा नंदन सिरोथिया राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में डीसीए उन्नाव ने डीसीए जालौन को 44 रनों से दी मात। डीसीए उन्नाव ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में आठ विकेट खोकर 163 रन बनाए जिसमें अभिषेक यादव ने 61 रन, अंकित यादव ने 30 रन, आयुष ने 20 रन व अर्पित ने 18 रन बनाएं। जालौन की ओर से बॉलिंग करते हुए ऋषभ सक्सेना व आयुष त्रिवेदी ने दो-दो विकेट तथा शिवम राजपूत, अर्पित व हर्षवर्धन शर्मा ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। जवाब में उतरी डीसीए जालौन 18.4 ओवर खेलते हुए 119 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें मुजम्मिल ने 43 रन, हर्षवर्धन शर्मा ने 22 रन व आयुष त्रिवेदी ने 15 रन बनाएं। डी सी ए उन्नाव की तरफ से बॉलिंग करते हुए स्पर्श गुप्ता ने तीन विकेट, अर्पित कुशवाहा व मोहम्मद गाजी ने दो-दो विकेट तथा रोहित, अभिषेक यादव व प्रत्यूष ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। स्पर्श गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। डीसीए महामंत्री पीके मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगे के मैच के लिए शुभकामनाएं दी। डीसीए सदस्य ओम मिश्रा ने बताया डीसीए उन्नाव का अगला मैच कल दिनांक 19 नवंबर 2023 को डीसीए बहराइच से हैं।

## प्राथमिक विद्यालय नंदवारा के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मारी बाजी



**बांदा।** 68वीं भारत स्काउट एवं गाइड की तीन दिवसीय जनपदीय रैली आदर्श इंटर कालेज बिसंडा जनपद बांदा में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सुनील पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा विजयपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली प्राथमिक विद्यालय नंदवारा ,महुआ की बुलबुल टीम पलक, निधि, सेजल, शिवांशी राशि, क्रांति ,नैंसी ,अंजलि ने अपनी टीम लीडर सुधा सिंह राजपूत प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय नंदवारा ,जिला आयुक्त बुलबुल बांदा, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ बांदा के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और मार्च पास्ट, कैंप फायर ,वर्दी , मीनार प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुतीकरण करके प्रथम स्थान प्राप्त किया आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डाक्टर योगेंद्र कुमार ने बच्चों की शानदार प्रस्तुति के लिए बच्चों सहित टीम लीडर को भी मंच पर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पटेरिया जी ने बच्चों और टीम लीडर को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## सियार के हमले से महिला हुई घायल

**बांदा।** खेत से चारा लेकर घर आ रही महिला के ऊपर सियार ने हमला कर दिया।उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मर्का थाना क्षेत्र के बैरफ गांव निवासी देवरतिया (47) पत्नी रामदास शनिवार शाम खेत से सिर पर चारा लेकर घर आ रही थी। उसपर सियार ने पीछे से हमला कर दिया। उसका पैर पकड़ कर गिरा दिया और नोंचने लगा। महिला के चिल्लाने का शोर सुनकर गांव के लोग लाठी लेकर दौड़ पड़े। सियार को घेरकर मार डाला, तब जाकर महिला की जान बची। उसे गभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मानसिक रूप से परेशान युवती फांसी पर झूली

**बांदा।** इलाज के रूपए न होने से मानसिक रूप से परेशान युवती ने कमरे के अंदर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के कांजीपुर गांव निवासी मैना देवी (18)पुत्री बच्चा निषाद ने शनिवार की शाम कमरे के अंदर बास की बल्ली में दुपटटा से फांसी लगाकर खुकदुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई गोरेलाल ने शव फंदे पर लटकता देखा तो खेत में काम कर रहे माता पिता को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन घर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतका के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करता है। मैना का मानसिक संतुलन ठीक नही था। इलाज के लिए रूपए नही थे। आठ बीघा जमीन थी। वह भी बंधक है। घटना के समय वह अपनी पत्नी के साथ खेत में काम करने चला गया। तभी सूना मौका पाकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

## जहर खाने से दो की हालत बिगड़ी

**बांदा।** शहर के कालूकुआ मोहल्ला निवासी कुसला देवी (45)पत्नी सूर्यपाल का रविवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तहर बिंसडा थाना क्षेत्र के पिपरी खेरवा गांव निवासी दिव्याशी (22)पत्नी अच्छे लाल ने रविवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ससुर लाला ने बताया कि अच्छेलाल सूरत में काम करता है। दीपावली में गांव आया है। वह सूरत जाने की तैयार कर रहा था। दिव्याशी में साथ जाने को तैयार थी। पति ने साथ ले जाने से मना कर दिया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## छठ महापर्व के दृष्टिगत विभिन्न घाटों पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



**मीरजापुर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा छठ महापर्व को सकुशल एवं निर्बाध रुप सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के विभिन्न घाटों यथा-बरिया घाट, नारघाट आदि का भ्रमण, निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न घाटों, जलाशयों, आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगाकर आयोजन स्थल से लिंक मार्गो पर सतत् रुप से पेट्रोलिंग तथा यातायात, आवागमन को सुगम रखते हुए पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त भ्रमण, निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक को0शहर सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित छठां अभियुक्त गिरफ्तार



**विन्ध्याचल।** जनपद मीरजापुर वादी रोहित बिन्द पुत्र कल्लू बिन्द निवासी अमरावती थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की माता को जान से मारने की नियत से फायर करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-201/2023 धारा 147, 148, 149, 323, 307, 506, 427 भादवि व 07 दण्डविधि अधिनियम पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 05 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रविवार को उप-निरीक्षक दयाशंकर ओझा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित छठें अभियुक्त कमलेश बिन्द पुत्र स्व0भुँवर बिन्द निवासी छोटकी महुवरिया थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद चापड़ बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**विंध्याचल।** जनपद मीरजापुर थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत निवासी एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपनी(वादिनी की) नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-160/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए। रविवार को प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल अरविन्द कुमार मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद अभियुक्त आरिफ पुत्र लियाकत अली निवासी पकरी थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया ।

थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत मु0अ0सं0-160/2023 धारा 363, 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

# दो कछुओं के साथ पिता-पुत्र चढ़े वन विभाग के हत्थे, सात फरार

स्वतंत्र प्रभात



**मितौली खीरी।** मैगलगंज वन रेंज की बेहजम वन बीट चौकी के अंतर्गत बेहटा गांव में दो शिकारियों को कछुओं का शिकार करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए शिकारी बाप-बेटा हैं उनके पास जमा तलाशी से दो मृत कछुए भी बरामद हुए कछुओं का पोस्टमार्टम कराया गया है शिकारियों के अन्य सात साथी मौके से वन विभाग की टीम को चकमा देकर फरार हो गए फरार शिकारियों की तलाश की जा रही है।

विगत शुक्रवार की देर शाम नीमगांव थाने क्षेत्र के अंतर्गत बेहटा गांव के उत्तर दिशा में स्थित तालाब में कुछ लोग कछुओं का शिकार कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर डिप्टी रेंजर रविकांत वर्मा, फारेस्टर उमेश वर्मा वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। शिकार कर रहे महेश और उसके पुत्र मोहित निवासी परसेहरा कला को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो मृत कछुए बरामद हुए। भाला, रस्सी और अन्य सामान भी मिला। बताया जा रहा कि कछुओं का शिकार कर रहे सात आरोपी भाग गए। डिप्टी रेंजर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है फरार आरोपियों की पहचान की जा रही है जल्द ही उन्हें भी पकड़ा जाएगा।

# नीमगांव थाना प्रभारी निरीक्षक कौशल किशोर के लिए अवैध शराब बनी बड़ी चुनौती

स्वतंत्र प्रभात

**बेहजम खीरी।** नीमगांव थाना के थाना प्रभारी निरीक्षक कौशल किशोर से क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीदे है, यह उम्मीद भी इसलिए जताई जा रही है क्योकि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या अवैध शराब की बिक्री है जिस पर रोक लगाने की बड़ी जिम्मेदारी थाना प्रभारी निरीक्षक कौशल किशोर के समक्ष है

थाना क्षेत्र के अधिकांश गावों में अवैध कच्ची शराब बिक्री जरो पर है ग्राम पैला, लालहनपुर, लोनपुरवा,बिलरिया, रामपुर सुतेहरा,रामनगर, मुड़िया,सीताराम पुरवा,व्यासपुर,मालीपुर, जम्होरा आदि जगहों पर बेधड़क शराब की बिक्री की जा रही है, इन सभी ग्राम के चिन्हित और अवैध कच्ची शराब में संलिप्त लोगों को पुलिस कई बार अवैध शराब बिक्री के मामले में गिरफ्तार भी कर चुकी है ,लेकिन फिर भी अवैध शराब बिक्री करने से से लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

नीमगांव थाना क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के नवयुवक नशे की आदि हो रहें हैं गांव में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर हैं अवैध शराब बिक्री के कारण ही गांव में असामाजिक तत्वों के द्वारा हमेशा लड़ाई झगड़े जैसी घटनाएं आए दिन होती ही रहती है थाना क्षेत्र नीमगांव में ग्राम पंचायतो में शांति व्यवस्था भंग होते दिखाई दे रही है जिससे ग्रामवासी बहुत ही परेशान है परेशान ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की है लेकिन कड़ी और दंडात्मक करवाही नहीं होने की वजह से इनके हौसले बुलंद हैं अवैध शराब बिक्री से त्रस्त ग्रामीणों ने शासन- प्रशासन स्तर के उच्च अधिकारियों को लिखित में शिकायत करने की बात कही है।

# गोपास्टमी महोत्सव के दौरान संत सम्मेलन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**गोला** गोकर्णनाथ खीरी धर्मादा समिति गौशाला गोला के 15 वें गोपाष्टमी महोत्सव के छठवें दिन भारत विकास परिषद एवं रोट्रेक्ट क्लब के आयोजन में संत सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम हुआ। जिसमें नगर के 40 संतों का तिलक वंदन ,अंगवस्त्र एवं दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वहिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आन्नद त्रिवेदी एवं सम्मेलन की अध्यक्षता सुरेश शुक्ल संदेश रहे, तथा राष्ट्रीय कथावाचक अंजनी शरण जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जो समर्थवान है।

उन्हें कम से कम एक गाय की जीवन पर्यन्त पालन एवं सेवा करना चाहिए क्योंकि गाय इस लोकमें हमें लाभ देती है, और परलोक में स्वर्ण का मार्ग देती है। चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने सभी संतजनों का आभार व्यक्त किया।रोट्रेक्ट सचिव सुमित शाह,प्रशान्त मिश्रा, त्रिनेन राजपूत, रविसुत,पवन गुप्ता, मुनीष अवस्थी, पवन प्रजापति, अभिषेक वर्मा भारत विकास परिषद अध्यक्ष राम सागर वर्मा, सचिव आदर्श दीक्षित संरक्षक सौरभ दीक्षित,उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, पीयूष पंकज बाजपेई, रामेन्द्र शुक्ला, बी डी वर्मा, अतुल त्रिवेदी, रवि सक्सेना, संजय शुक्ला , विकास मिश्रा रमाशंकर कटियार ,अमित शुक्ला पिंटू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आखिर किसकी शह पर लेखपाल रखें है प्राइवेट मुंशी

स्वतंत्र प्रभात

● शासन के शासनादेश का मज़ाक़ उड़ानें वाले कर्मियों पर कार्यवाही करने से कतराते नजर आ रहे जिम्मेदार

गत 15वर्षो से तहसील में बतौर ●प्राइवेट मुंशी काम कर रहे राजकुमार इस समय अजीत कुमार लेखपाल का संभाल रहे बस्ता

**लखीमपुर खीरी** एक तरफ सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के साथ-साथ भ्रष्टाचार का समूल सफाया करने को खासा संजीदा लग रहे हैं ।पर उनके ही मातहतो द्वारा सीएम साहब के प्रयासों पर खुलेआम पानी फेरा जा रहा है ।सीएम के आदेशों का असर जनपद खीरी की लखीमपुर तहसील के जिम्मेदारों पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण तहसील लखीमपुर सदर में देखा जा सकता है। शासन का स्पष्ट आदेश है कि कोई भी प्राइवेट कर्मी नहीं रखा जा सकता बतौर मुंशी पर तहसील सदर में हर एक लेखपाल के पास एक से लेकर दो तक मुंशी सरकारी अभिलेखों व सरकारी फाइलों का मुआयना करने के साथ-साथ जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र सहित आइजीआरएस निस्तारण रिपोर्ट के साथ पैमाइश व शासन को प्रेषित अधिकांश रिपोर्ट इन्हीं प्राइवेट मुंशीयों द्वारा तैयार कर प्रेषित किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है ।रिपोर्ट इन्हीं प्राइवेट मुंशीयों द्वारा तैयार की जाती है ।और लेखपाल साहब महज साइन करके अपनी औपचारिकता पूर्ण कर लेते हैं। आम नागरिक भले ही लेखपाल को न पहचानता हो पर इन दलाल रूपी कथित मुंशीयों को ही अपना लेखपाल मान लेते हैं। कोई भी डील हो इन्हीं के द्वारा फाइनल की जाती है। ऐसा ग्रामीणों का आरोप है।लेखपाल साहब मात्र चिड़िया बैठाने का काम करते देखे जा सकते हैं।यह सब राजस्व विभाग व तहसील के जिम्मेदार अफसर को दिखाई ही नहीं पड़ रहा है या फिर जानबूझकर देखना नहीं चाहते हैं। आखिर क्यों इन पर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है? यह एक अहम सवाल बना हुआ है ।यदि किसी भी लेखपाल की प्रेषित रिपोर्ट या आईजीआरएस आख्या से राइटिंग का कराया जाए मिलान तो मामला खुलकर आएगा सामने और तहसील के जिम्मेदारों की लापरवाही व उदासीन रवैया का होगा पर्दाफाश। न्यायालय में लंबित पत्रावलियों में लगी रिपोर्ट से भी किया जा सकता है खुलासा ।जनहित एवं न्याय हित तथा शासन द्वारा जारी आदेश का प्रभावी अनुपालन कराए जाने हेतु प्राइवेट मुंशीयों के कार्य करने पर रोक लगाया जाना नितांत आवश्यक प्रतीत होता है। जिससे कि विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है ।और आम जनमानस को राहत मिल सकती है। देखना अब यह है की जिम्मेदार क्या कार्यवाही करते हैं।

# केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने रपटा पुल का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन-खीरी** केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को मटहिया के पूर्व प्रधान सीताराम यादव समेत काफी लोगों द्वारा तेहरह फरवरी लखीमपुर संसदीय कार्यालय पर जाकर केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं को अवगत कराया गया जिससे केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री संज्ञान में लेकर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत प्रस्ताव भेज कर स्वीकृति कराया गया जिसका आज शिलान्यास विद्वानों द्वारा पूजा पाठ करके अजय मिश्र के करकमलों द्वारा किया गया रपटा पुल बनने से मटहिया,लओखन्दरपुर,बीरेन्द्रपुरवा,बैलहा डीह,कोदीपुरवा,ग्रांट नम्बर बारह के कई मजरे दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने कहा 2024 से पहले एक भी गांव विकास से दूर नही रहेगा साथ हीं सभी गाँव में पानी की स्वच्छ पेयजल टंकी प्राप्त होगी आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत सभी के पाँच लाख तक भयंकर बीमारी है तो आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है किसान सम्मान निधि आवास शौचालय का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है पूर्व की सरकार में बिजली का हफ्ता चलता था एक सप्ताह रात को बिजली आती थी एक सप्ताह दिन को बिजली आती थी अब पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल रही है महिलाएं लकड़ी को छोड़कर गैस से खाना बना रही हैं 2014 से पहले आप की स्थिति कैसी थी माहौल कैसा था साढ़े नौ वर्ष में काफी बदलाव हुआ है कार्यक्रम का संबोधन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मीनार,के.पी. राणा, दयाशंकर मौर्य व महेश गुप्ता आदि कई लोगों ने संबोधन भी किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता नागेन्द्र सिंह सेंगर ने किया इस दौरान लक्ष्मण यादव,अशोक तिवारी,के. के. तिवारी, हरिशंकर शर्मा,गुड्डू गुप्ता,प्रधान प्रतिनिधि सद्दाम हुसैन,सीताराम यादव,कौशल शुक्ला अवधेश द्विवेदी उत्तम तिवारी रमाकांत पूर्व प्रधान रमेश प्रधान आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दोहरी मार झेल रहे मितौली तहसील क्षेत्र किसान सरकार से नहीं बना पा रही बात, आवारा पशु कर रहे फसलें बर्बाद

स्वतंत्र प्रभात



**मितौली खीरी।** इस कड़कड़ाती सर्दी में किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। एक तरफ किसान अपने हकों के लिए सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन सरकार से बात नहीं बन पा रही है तो वहीं दूसरी तरफ आवारा पशुओं ने किसानों के खेतों में धावा बोला हुआ है। ये नजारा लखीमपुर खीरी जिले के तहसील क्षेत्र मितौली में देखने को मिला है जहां यूपी सरकार गोवंशीय पशु और आवारा पशुओं के लिए गौशालाए बनाने का दावा कर रही है, लेकिन दावों की पोल खोलते यह आवारा पशु खुलेआम सड़कों पर घूम रहे हैं और किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं।

वहीं रवि तिवारी कैमां बुजुर्ग किसान नेता ने बताया कि सबसे ज्यादा जानवरों से परेशानी आ रही है। जानवरों ने फसलें खराब कर दी हैं। बहुत बड़ी दिक्कत हो रही है और इनको हम कब तक इनकी रखवाली करें, सारे दिन खेत पर तो बैठे नहीं रहेंगे और भी काम देखना है। घर परिवार को भी देखना है।

वहीं दूसरे किसान पंकज मिश्रा ने बातचीत में कहा कि मैं छोटा सा किसान हूं और किसान होने के नाते मेरा सरकार से एक छोटा सा अनुरोध है, इन आवारा पशुओ जो जगह जगह छोड़ रखे हैं। इनको चिन्हित करके इनको प्रतिबंधित किया जाए। उनको गौशालाओं में रखा जाए। अभी मेरे गांव का एक बच्चा जानवर आने से एक्सीडेंट होने से मर गया। 20 से 25 जानवर रोड पर आ गए और एक्सीडेंट होने से बच्चा मर गया। गन्ने में 20 से 40 पशु घुस जाते हैं और फसल को बर्बाद कर देते हैं और अगर किसान उनको कुछ कहता है तो वह किसान पर हमलावर हो जाते हैं। बहुत दिक्कत आ रही है और सरकार इस बारे में सोचें।

# भारतीय भाषा महोत्सव 2023 की तहसील स्तरीय प्रतियोगिता हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**मितौली खीरी।** भारतीय भाषा महोत्सव 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत राजा लोने सिंह इंटर कालेज मितौली मे तहसील स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें तहसील मितौली के राजा लोने सिंह इंटर कालेज मितौली, के.एस.एम.इंटर कालेज मितौली, जिला पंचायत इंटर कालेज कस्ता, जिला पंचायत इंटर कालेज औरंगाबाद, भारतीय इंटर कालेज मैगलगंज, राजकीय हाईस्कूल भीखमपुर आदि कॉलेज के बच्चो ने निर्धारित प्रतियोगिताओं मे प्रतिभाग किया। तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, भाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न की गई। सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम तीन सदस्यीय समिति ने घोषित किया।

जिसके अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा निधि गुप्ता व द्वितीय स्थान जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता की छात्रा कु.नैना को प्राप्त हुआ।

भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा अक्षरा सिंह को प्रथम स्थान व जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता खीरी के छात्र शिवांक को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

हिंदी भाषा प्रश्नोत्तरी के अंतर्गत भारतीय इंटर कॉलेज मैगलगंज के छात्र देवांश शुक्ला को प्रथम स्थान एवं राजकीय हाई स्कूल भीखमपुर खीरी के सत्येंद्र यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। स्लोगन प्रतियोगिता मे केदार सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज मितौली खीरी के छात्र सत्यम पाल को प्रथम स्थान व जिला पंचायत इंटर कॉलेज औरंगाबाद खीरी के देवेश सिंह को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल में प्रथम निर्णायक जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता खीरी के हिंदी भाषा के अध्यापक लाल चंद्र मौर्य तथा द्वितीय निर्णायक राजकीय हाई स्कूल भीखमपुर के सुनील कुमार यादव एवं तृतीय निर्णायक के रूप में राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज की अध्यापिका कु. नेहा जी के अतिरिक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश शुक्ला, वीर प्रताप सिंह, जितेंद्र वर्मा,कामेश सिंह आदि शिक्षक शामिल रहे।

# महिला दीवान के कारनामों की चर्चा चाहु ओर जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात

● महिला दीवान बेअंत कौर क्षेत्राधिकारी दफ्तर में नियुक्ति के दौरान बनायी करोड़ों की प्रॉपर्टी साथ ही प्रेम प्रसंग कर क्षेत्र के युवक से की शादी पुलिस विभाग की सारी गोपनीयताये हो रही भंग।

**लखीमपुर-** खीरी खाकी के कई चेहरे होते हैं चाहे वह इंसानियत का हो या रक्षक का जब वही रक्षक भक्षक बन जाता है तब पुलिस महकमे के लिए कई सवाल खड़े हो जाते है जैसा कि एक महिला आरक्षी निघासन क्षेत्राधिकारी दफ्तर में दस वर्ष तैनाती होती है इसी दौरान एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग होता है वह युवक क्षेत्र का ही होता है वरन कुछ माह के बाद दोनों की शादी हो जाती है चलिए आपको बता दें कि महिला आरक्षी बेअंत कौर जो की तकरीबन दस वर्ष निघासन क्षेत्राधिकारी दफ्तर में तैनात की गई थी तैनाती के दौरान एक नवयुवक से उसका प्रेम प्रसंग हुआ इस दौरान दोनों का विवाह हो गया विवाह होने के कुछ माह के बाद बेअंत कौर का रवैय्या बदलना चालू हो गया विवाह के बाद उसको क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ज्ञात हुई जिससे वह धीरे-धीरे कस्बे में पलिया रोड पर एक बड़ा प्लाट खरीदा साथ ही उसी प्लाट पर एक आलीशान मकान व कपड़े की दुकान बनाई जैसा कि क्षेत्रीय युवक से हुई शादी से महिला आरक्षी काफी दबंग प्रवत्ति की हो गई साथ ही उसका उठना बैठना अपराधिक किस्म के लोगों के साथ हो गया इसी दौरान पुलिस विभाग की सारी गोपनीयताएं भंग कर सरकारी कार्यो के दौरान जनता से दुर्व्यवहार करती थी इनका इस जनपद में नियुक्त रहना आम जनमानस के लिए खतरे से खाली नहीं है यदि समय रहते इसका गैर जनपद में तबादला न हुआ तो भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है जैसा की बेअंत कौर निघासन क्षेत्राधिकारी दफ्तर में तकरीबन दस साल तैनात रही उसके बाद महिला आरक्षी बेअंत कौर पदोन्नति होकर वह दीवान बनी इसी दौरान उनका तबादला तीस किलोमीटर की दूरी पर पलिया क्षेत्राधिकारी दफ्तर में तैनाती हुई उक्त निघासन दफ्तर में तैनाती के दौरान अच्छा सिक्का जमा लेने की वजह से बेअंत कौर दोनों सर्कल का नजराना तय रखती है कई बार इस महिला दीवान पर उंगली उठ चुकी है लेकिन क्षेत्रीय नवयुवक से शादी का फायदा उठाकर राजनीतिक दबाव से बच निकलती है समय रहते यदि उचित कार्रवाई न हुई तो पुलिस महकने के लिए प्रश्न चिन्ह बनेगा अब देखना यह है कि जिम्मेदार जन उचित कार्यवाही करते हैं या ऐसे ही काजू कतली का आनंद लेते हैं।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने न्यायालय की पत्रावली गायब करने वालों पर की बड़ी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने न्यायालय की पत्रावली गायब करने के प्रकरण में रविवार को बड़ी कार्यवाही की है। डीएम ने तहसीलदार तरबगंज एवं तहसीलदार (न्यायिक) न्यायालय के 3 कर्मियों के वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया है। इन कर्मियों को 07 दिन का समय दिया गया है। इस दौरान इन्हें गायब पत्रावलियों सहित समस्त अभिलेखों का चार्ज हस्तांतरित करना होगा। जिलाधिकारी ने साफ किया है कि अभिलेखों को निर्धारित समयसीमा में उपलब्ध न कराने की स्थिति में इनके खिलाफ एफआईआर तक दर्ज कराई जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में हुआ खुलासा

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बीते शनिवार को तहसील तरबगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान, डीएम को यह अवगत कराया गया कि तहसीलदार न्यायालय पर कई वाद पत्रावलियां मिसिंग चल रही हैं। जिसके चलते वादकारियों को काफी समस्या हो रही है। पत्रावलियों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार कार्मिकों द्वारा स्थानांतरण के उपरांत चार्ज का आदान प्रदान न किए जाने के कारण वादकारी इधर-उधर भटकने के लिए बाध्य हैं।

### सभी कर्मियों से की पूछताछ

जिलाधिकारी द्वारा इस प्रकरण को बेहद गंभीरता से लिया गया। उनके आदेश पर तत्काल 03 कर्मियों संतोष रावत, अजय कुमार और नीलम श्रीवास्तव को बुलाकर पूछताछ की गई लेकिन, वह इसके संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। जिसके बाद जिलाधिकारी द्वारा सख्त कदम उठाया गया।

### डीएम ने दिए यह आदेश

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने रविवार को इस पूरे प्रकरण में कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी तरबगंज को निर्देशित किया गया है कि वह तहसीलदार तरबगंज एवं तहसीलदार (न्यायिक) न्यायालय पर विगत 01 वर्ष में तैनात रहे कार्मिकों व वर्तमान में तैनात



कार्मिकों को एक साथ बैठाकर गायब पत्रावलियों सहित समस्त अभिलेखों का चार्ज एक सप्ताह में हस्तांतरित कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने साफ किया है कि चार्ज हस्तांतरण कराने के उपरान्त इन कर्मियों से प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया जाए कि उनके द्वारा समस्त पत्रावलियां व अन्य अभिलेखों को वर्तमान पेशकार को दे दिया गया है। यह प्रमाणपत्र पीठासीन अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर उपलब्ध कराया जाएगा। इन सभी कर्मियों का वेतन चार्ज हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पन्न होने पर जिलाधिकारी की अनुमति के उपरान्त ही जारी किया जाएगा।

# 02 शातिर मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद

**मीरजापुर।** थाना पड़री जनपद मीरजापुर वादी अरुण कुमार दुबे पुत्र पंचदेव दुबे निवासी केशवपट्टी थाना पड़री जनपद मीरजापुर तथा दिनांकः18.11.2023 को वादी मनोज कुमार बिन्द पुत्र स्व0 सम्हारू निवासी सिकरी रामनगर थाना पडरी जनपद मीरजापुर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में अज्ञात के विरुद्ध लिखित तहरीर दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर क्रमशः मु0अ0सं0-317/2023 व मु0अ0सं0-321/2023 समस्त धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व वाहनों की बरामदगी करने हेतु थानाध्यक्ष पड़री को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उप-निरीक्षक अनिल कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री क्षेत्र से अभियुक्त 1.करन बिन्द उर्फ कल्लू पुत्र राजू बिन्द निवासी गडैयानाला थाना पड़री जनपद मीरजापुर व एक नफर बाल अपचारियों को पकड़ा गया। जिनके पास से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल तथा निशानदेही पर 02 अदद अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पड़री पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को जेल किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## श्री पट्टी गांव में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन

### वाराणसी के कल्लू ने मुंबई के खली पहलवान को किया चित



**चील्ह, मीरजापुर।** विकासखंड कोन अंतर्गत श्री पट्टी ग्राम सभा में विराट दंगल का आयोजन किया गया। प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी पहलवानों ने भाग लेकर अपने दांव पेंच का प्रदर्शन किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि माया यादव और लाखन सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। चंद्रशेखर यादव चंदु, प्रधान संघ अध्यक्ष कोन ब्लॉक ने पहलवानों का हाथ मिलाकर दंगल का शुरुआत कराया। ?1200 की कुश्ती हिंचू घोड़े शहिद और वीर सिंह यादव मठिया के बीच हुई जो की बराबरी पर छुटी। इस प्रतियोगिता में बड़ी कुश्ती ?21000 की वाराणसी के कल्लू पहलवान और मुंबई के खली पहलवान के बीच हुई जिसमें कल्लू पहलवान ने बड़ी अच्छे दांव पेंच लगाकर खली पहलवान को चित कर दिया। इसके अलावा और कई छोटी बड़ी कुश्ती भी हुई। इस हफ्ते पर ग्राम प्रधान श्री पट्टी शंभू नाथ यादव, नितेश दुबे, लोली दुबे, कल्लू यादव, शिशु मिश्रा, वह आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में दंगल में उपस्थित रहे और कुश्ती का भरपूर आनंद लिये।

## किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई



**मीरजापुर।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक मे पिछले कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की योजना का विस्तार से चर्चा किया गया । जिसमें प्रथम कार्यक्रम नवम्बर माह में जिला स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा जी, विशिष्ट अतिथि शिव कुमार सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा, अतिथि के रूप में भानु प्रताप चतुर्वेदी जी लोकसभा विस्तारक मीरजापुर और मुख्य वक्ता भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं नरायनपुर के ब्लाक प्रमुख चंद्र प्रकाश सिंह जी, एवं संचालन किसान मोर्चा के महामंत्री नागेश्वर तिवारी जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अमर बहादुर सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा, डॉ प्रशान्त कुमार पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, अनिल सिंह, मानस दुबे, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छोटे लाल तिवारी, सहेंद्र मौर्य, नीरज सिंह, संदीप शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, जिला मंत्री राम सागर तिवारी, सिद्धार्थ सिंह, आदर्श बघेल, नीरज तिवारी,मनोज गिरी, देवेन्द्र सिंह, प्रवीण पाण्डेय, संतोष तिवारी, अभिषेक चौबे के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी प्रणेश प्रताप सिंह ने दिया।

## प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 05 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी पिंकी जायसवाल, सदस्यगण डा. कृष्णा सिंह, ओपी सुनीता देवी मौजूद रहीं।

## खोया पाया

फर्म ज्ञान एंड ब्रदर्स मेडिकल एजेंसी नवाबगंज से चार फ्रॉम नंबर 38 2664733 2664737/2664738 एंव 2664739 तथा तीन फ्रॉम सी नम्बर 0958201/0958202 तथा 0958203 वास्तविक खो गए हैं। किसी के द्वारा भी इसका प्रयोग किया जाना अवैध होगा फॉर्म स्वामी प्रेमपाल।

# स्व0 इन्दिरा गाँधी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई की जयन्ती पर भदोही शहर के कांग्रेसियो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर हर्षोउल्लास के साथ उनकी जयन्ती मनाई

स्वतंत्र प्रभात



**आज अपराह्न 2;0** बजे मशाल रोड स्थित कांग्रेस शहर कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे स्थानीय कांग्रेसियो ने स्व इन्दिरा गाँधी एवं रानी लक्ष्मीबाई को याद करते हुए नमन किया

इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने पर बल दिया और कहाकि देश की एकता और अखण्डता के लिए इन्दिरा गाँधी जी की नीतियों पर चल कर ही देशवासियों को एकजुट किया जा सकता है

स्व इन्दिरा गाँधी के शासन काल मे देश का बहुत विकास हुआ कल कारखानों का जाल बिछा और पुरे विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ा । उन्होने कभी भी देश को कमजोर करने वाली साम्प्रदायिक्ति शक्तियों से समझौता नहीं किया

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुशीर इकबाल ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करतें हुए कहाकि स्व इन्दिरा गाँधी जी ने स्वतंत्रता के लिए चलाये जा रहे आन्दोलन मे बढ चढ कर हिस्सा लिया बाल्यावस्था मे ही बच्चो को एक जूटकर बानरी सेना का गठन किया था।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मसूद आलम ने कहाकि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री ने अपने प्रधानमंत्रीत्वं काल मे अपने कूटनीतियो का लोहा पूरे विश्व से मनवाया इसी वजह से पूरा विश्व उन्हें आईरन लेडी के नाम से जानता हैं कांग्रेस नेता डाक्टर महेन्द्र यादव ने कहा कि भदोही की कालीन उद्योग का सबसे ज्यादा विकास स्व इन्दिरा जी के प्रधानमंत्री काल में हुआ वह इस कुटीर उद्योग की महत्व को समझती थी

पूर्व जिला महासचिव स्वालेह अंसारी ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी लक्ष्मीबाई ने देश के आजादी के लिए जो कुर्बानी दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इन दोनो महान नेताओं इन्दिरा गाँधी व रानी लक्ष्मीबाई जैसी कद्दावर नेता की आज देश को ज़रूरत है।

# यातायात जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा 'यातायात जागरूकता कार्यक्रम'

स्वतंत्र प्रभात



**सड़क** के किनारे गलत दिशा में खड़े वाहनों, ओवर स्पीड व नो पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु किया जा रहा जागरूक सभी से वाहन चलाते समय सीटबेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य रुप से प्रयोग करने लिए की गई अपील व वाहनों पर लगाया गया रेट्रोरिफ्लेक्टर साथ ही प्रवर्तन की कार्यवाही के क्रम में दौरान चेकिंग नियमों का पालन न करने पर कुल-712 वाहनों का किया गया चालानयातायात माह नवम्बर-2023 के दौरान यातायात जागरूकता हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

यातायात जागरूकता हेतु आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में आज दिनांक-19.11.2023 को यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा सड़क मार्ग पर गलत दिशा में खड़े वाहनों, स्पीड पार्किंग के विरुद्ध संपूर्ण जनपद में विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमों के शत-प्रतिशत पालन हेतु जागरूक किया गया तथा वाहनों पर रेट्रोरिफ्लेक्टर लगाया गया। यातायात नियमों की जानकारी विषयक जारी हैंडव्हील पम्पलेट को वितरित किया गया। जनपद के सार्वजनिक स्थानों पर यातायात जागरूकता सम्बंधित बोर्ड लगाकर आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जैसे-नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया। सभी को अवगत कराया गया कि सीटबेल्ट का प्रयोग व दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। हेलमेट एक जीवन रक्षक उपकरण है हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग से दुर्घटना के समय आपके जीवन सुरक्षित रखने की 70त्न संभावनाएं विद्यमान रहती हैं।

अपने अमूल्य जीवन को दुर्घटना में नष्ट होने से बचाएं आपका जीवन अमूल्य है इसे व्यर्थ सड़कों पर न गवाएं, यातायात जागरूकता के साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने पर प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल-712 वाहनों का चालान किया गया।

# कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु 'शक्ति दीदी' के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

● समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण



स्वतंत्र प्रभात

**मिशन शक्ति** अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु "शक्ति दीदी " नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक "शक्ति दीदी " के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं के साथ बेहतर/निरंतर संवाद हेतु "शक्ति दीदी" व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जुड़ रही हैं। समस्या कोई भी हो कभी भी, कहीं भी ग्रामीण महिलाएं "शक्ति दीदी " से निसंकोच बात कर सकती हैं। खाकी रंग में कार्यरत शक्ति दीदी चौपाल के दौरान महिलाओं के विभिन्न समस्याओं जैसे- विधवा पेंशन या कोई शोहदा किसी को परेशान कर रहा हो या एफ आई आर की कॉपी मिलने में दिक्कत हो यह सब चीजों का समाधान तुरंत प्रार्थना पत्र के साथ करा सकती हैं एवं f.i.r. की प्रति थाने से प्राप्त कर व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर सकती हैं। आज दिनांक-19.11.2023 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत "शक्ति दीदी " द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में "ग्राम चौपाल " का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं/बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजित ग्राम चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज़-4.0 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात अधेड़ की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात




**सुरियावां।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास रविवार को ट्रेन से कटकर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है। ट्रेन से कटने के बाद अधेड़ का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ था, यात्रियों की सूचना पर रेलकर्मी मौके पर पहुंचे। जानकारी होते ही सुरियावां पुलिस भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई , पुलिस ने मृतक के शव का शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया मगर देर शाम तक मृतक अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम भेज दिया है और शोशल मीडिया की भी मदद से मृतक के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

घटना के संबंध में सुरियावां रेलवे स्टेशन मास्टर सौरभ कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन जंघई से भदोही होते हुए वाराणसी जा रही थी। सुरियावां रेलवे स्टेशन के पास जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक 48 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है, रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर घटनास्थल पर जांच-पड़ताल के लिए स्थानीय पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है, थानाध्यक्ष सुरियावां विनोद दुबे ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है और मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# कृषि निवेश गोष्ठी का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड संवाद,** विकास खण्ड कार्यालय परिसर में किया गया कृषि निवेश गोष्ठी का किया गया आयोजन ।गोष्ठी की मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रही किसानों को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हमारा देश खाद्यान्न में तो आत्मनिर्भर है परंतु दलहन और तिलहन के क्षेत्र में अभी आत्मनिर्भर नहीं हुआ है किसानो का आह्वान किया और कहां की दलहन की खेती से मिट्टी की उर्वरता शक्ति बनी रहती हैश्री अन्न की खेती पर अधिक जोर दिया कहां की किसान भाई अधिक से अधिक मात्रा में श्री अन्न की खेती करें और ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करें उसके उत्पादन की बिक्री हेतु वर्तमान सरकार प्रयास कर रही है जिसके सापेक्ष सरकार द्वारा श्री अन्न का समर्थन मूल्य निर्धारण किया है उन्होंने कहा कि उन्नत किस्म के बीच का प्रयोग करें सरकार किसानो की आय दुगनी करने के लिए तमाम किस्म की सुविधा प्रदान की है उन्होंने किसानों से कहा कि सरकार द्वारा दिए गए सुविधा का लाभ उठाएं उनके द्वारा कुछ किसानों को मिनी किट का वितरण किया गया उक्त गोष्ठी में बिजली की मनमानी कटौती नीलगाय छुट्टा पशुओं का आतंक आदि समस्याओं के बारे में किसानों ने अवगत कराया ।वहीं कृषि जैविक खेती आदि के बारे में लोगों को कृषि उपनिदेशक विकेश पटेल , भाजपा जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने मंच के माध्यम से सम्बोधन किया कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, एडियो पंचायत प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी बीज भडार राहुल देव रोहित, एडीओ कृषि लालबहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष रामलौटन विन्द प्रदेश सचिव राजेंद्र प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष धनंजय सिंह, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार सिंह, महिपाल सिंह, अखिलेश सिंह , क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवेंद्र सिंह सहित कृषि विभाग,पंचायत विभाग,विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री और हजारों की संख्या में किसान व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में सांसद विधायक के साथ अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया।** विकास खंड के पिपरा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान निशा देवी ने चौपाल में आए मुख्य अतिथि राबर्ट्सगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल, छानबे विधायक रिंकी कोल व सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस को बुके देकर स्वागत किया। सांसद पकौड़ी लाल कोल ने पिपरा गांव निवासी तीन शिशुओं शिवम सुनीत सूर्य प्रकाश का अन्नप्राशन व तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम चौपाल में सीएमओ,पीडी,सीवीओ आदि अधिकारियों ने अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीण भजन ने सफाई कर्मी के गांव में नहीं आने की शिकायत सीडीओ से की जिसपर सीडीओ ने एडीओ पंचायत को सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। ग्रामीणों ने एक सुर में छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग की जिसपर सीडीओ ने गुर्गी ग्राम पंचायत में बन रहे पशु आश्रय स्थल पर खेतों में घूम रहे पशुओं का एक सप्ताह के भीतर इंतजाम किए जाने के लिए निर्देशित किया। गौरवा गांव से आई रोशनजहां ने गांव निवासी व्यक्ति पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया सीडीओ ने सीओ लालगंज मंजरी राव को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। उमरिया निवासी गुलाबकली प्रेमलाल आदि ग्रामीणों ने पेयजल संकट की समस्या से अवगत कराया जिसपर सीडीओ ने ग्राम सचिव व जलनिगम के सहायक अभियंता सुनील सिंह को हर घर नल योजना का काम तेजी से कराने तथा खराब हैंडपंप को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। राबर्ट्सगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सभी के सुख शांति और समृद्धि के लिए कृत संकल्प है। मौजूद अधिकारियों से कहा कि सरकार की सुविधा जन जन तक पहुंचाएं।कहा कि समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है जिससे वह आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। सांसद ने ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, पेयजल तथा अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि चौपाल के माध्यम से मिली शिकायतों तथा आवास शौचालय पेंशन राशनकार्ड आदि से वंचित लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। सांसद पकौड़ी लाल कोल व विधायक रिंकी कोल ने प्रधानमंत्री आवास के दस लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चाबी देकर आवास प्रमाण पत्र दिया। वृद्धा पेंशन के सात व शौचालय के दस लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाणपत्र दिया। पांच आयुष्मान लाभार्थियों को प्रतीकात्मक आयुष्मान कार्ड दिया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि धनंजय पांडेय, विकास सोनकर एडीएम वित्त राजस्व शिव प्रताप शुक्ला, सीएमओ सीएल वर्मा,पीडी अजय प्रताप सिंह, एसडीएम लालगंज भरत लाल सरोज सीओ मंजरी राव, बीडीओ डॉ राजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिले के विकास का दावा कर छलावा करने वाले जन प्रतिनिधि को जनता अब बर्दास्त नही करेगी- मनोज श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर,** जिले के विकास का दावा कर छलावा करने वाले जन प्रतिनिधि को जनता अब बर्दास्त नही करेगी। जिले में विकास को कौन कहे जो है उसको भी संरक्षित रखने में मंत्री दंपति नाकाम रहे। लिहाजा गंगा की कटान के चलते लोगों को धन के साथ ही जन की भी हानि उठानी पड़ रही हैं। जिसकी भरपाई असंभव है। अब गलती दोहराने का नहीं बल्कि ठगने वालों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

उक्त विचार कंतित वार्ड के मल्लाह बस्ती में राष्ट्रवादी मंच के सदस्यता अभियान के तहत आयोजित जनसभा में व्यक्त किया। कहा कि जिले में विकास के नाम पर केवल लोगों को ठगने का काम किया गया है। आम जनता पहले भी जिस समस्या से जूझ रही थी, वह आज भी बरकरार है। अस्पताल में जरूरत के मुताबिक डॉक्टर नहीं है। हार्ट अटैक की घटनाएं बढ़ रही है, लेकिन डाक्टर नहीं है। नगर की हालत जस की तस हैं।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि गंगा नदी के कटान को रोकने के लिए अभी तक मंत्री दंपति के द्वारा कोई पहल ही नहीं किया गया। लिहाजा सदर व चुनार तहसील के क्षेत्र में गंगा का कटान आज भी जारी है। गंगा किनारे रहने वाले हादसों में अपनी जान गंवा दे रहे हैं। लेकिन इसकी चिंता जनप्रतिनिधि को नहीं है। कहा कि वादों से ठगी गई जनता अब झांसे में नहीं आने वाली है। इस बार जनता मंत्री दंपति को सबक सिखाएगी।

इस दौरान कार्यक्रम में राष्ट्रवादी मंच के उपाध्यक्ष पंचदेव सिंह पटेल, चंद्रशेखर मौर्य, नागेश्वर मौर्य, राष्ट्रवादी महिला मंच की अध्यक्ष संतोषी निषाद, प्रवक्ता संतोष सिंह पटेल , मनोज दमकल, राजेश सिन्हा, संदीप सोनकर ,श्याम जी निषाद, जगन निषाद, सभासद राजकुमार दुबे , अमरेश दुबे ,पप्पू निषाद, नरेश कौशल, अभिषेक श्रीवास्तव, सौरभ पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता हिन्च लाल निषाद एवं संचालन दीपक श्रीवास्तव ने किया।

# हैहयवंश समाज के पूर्वज भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्राअवतारी

● सहस्त्राबाहु अर्जुन महाराज का कसेरा समाज द्वारा निकाला जन्मोत्सव शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** हैहयवंशी कसेरा युवा संघ के तत्वाधान में आज दिनाँक 19 नवम्बर रविवार को कार्तिक शुक्ल सप्तमी पर हर वर्ष की भांति कसरहट्टी गुदरी सहस्त्राबाहु मन्दिर में भव्य शृंगार पूजन आरती के बाद हवन यज्ञ हुआ जिसमें समस्त भक्तों ने अपनी उपस्थिति देकर महाराज का दर्शन कर प्रसाद प्राप्त किया। उसके बाद सहस्त्राबाहु महाराज का शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग घण्टाघर, तुलसी चौक, गुरहट्टी चौराहा, बसनई बाजार से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर समापन किया गया।

संघ के अध्यक्ष शिवांशु सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति आज पुनः अपने हैहयवंश समाज के पूर्वज आराध्य देव का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजीत हुआ, हजारों भुजाओं वाले महाराज जिन्होंने बलसाली रावण को अपने कांख में दबाकर बंदी बना दिया था। पूर्व अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने बताया कि पूरे देश भर में है, हयवंश समाज के सभी वंशज जैसे जायसवाल समाज, ताम्रकार व कसेरा समाज धूमधाम से जन्मोत्सव कार्यक्रम को मनाते है। सातों दीपों में राज करने वाले सहस्त्राबाहु महाराज को राजराजेश्वर के नाम से भी जाना जाता है, जिनका मन्दिर मध्य प्रदेश खरगौन जिला महेश्वर में मन्दिर है जहां हजारों वर्षो से आज भी 11अखंड दीप प्रज्वलित है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल कोतवाली वार्ड के सभाषदपति श्रीकिशन कसेरा सहित संघ के सरंक्षक सीताराम कसेरा, मुन्नीलाल कसेरा, अतिन कसेरा, ज्ञानेश्वर, बालमुकुंद, दीपक, स्वरूप चंद, डॉ अनुराग कसेरा, सोशन, शिवकुमार, श्रीवल्श, संतोष, महेश, राहुल, नितेश, कृष्ण कुमार, शरद कुमार, आयुष, आशुतोष आदि समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### समर सेबुल की चोरी में अभियक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज के आदेश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फूलपुर पुलिस द्वारा समरसेबल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि वादी विनय सिंह यादव पुत्र मंथ लाल यादव निवासी रसूलपुर मैलहन थाना फूलपुर के खेत में लगे समरसेबल को खोलकर चोरी कर लेने के संबंध में फूलपुर पुलिस द्वारा जिसमें एक व्यक्ति को सुनील कुमार सरोज उर्फ सोनी सरोज पुत्र पन्नालाल सरोज ग्राम कोनार को मौके पर पकड़ लिया था जिसमें फरार दूसरे अभियुक्त राजा बाबू उर्फ अरविंद पुत्र कल्लू निवासी मैलवन थाना फूलपुर को गिरफ्तार किया गया है ।

### मिशन शक्ति के तहत ने किशोरी को किया बरामद

**प्रयागराज।** महिला सिपाही सुष्मिता मिश्रा ने 36 घंटे के अंदर किशोरी बरामद किया। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर पड़ोसी युवक भाग ले गया था। घटना की शिकायत थाना पुलिस में की गई। मिशन शक्ति के तहत महिला सिपाही और दरोगा के अथक प्रयास से नाबालिक किशोरी को 36 घंटे में बरामद कर लिया गया। । 15 नवंबर को थाने का घेराव बजरंग दल ने किया था और उसी दिन मुकदमा लिखा गया था। राजेंद्र पांडेय दरोगा विशाल सिपाही और महिला सिपाही सुष्मिता मिश्रा ने 36 घंटे के अंदर किशोरी को सकुशल तरीके से बरामद किया है। महिला सिपाही की क्षेत्र में लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

### सूर्य को माताओं ने दिया अर्घ्य, पति व बच्चों के लिए छठी मइया से मांगा आशीष



**नैनी प्रयागराज/** छठ मैया पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में छठ मैया की सभी भक्तों का स्वागत,अभिनंदन किया गया ।

छठ मैया का सूर्यास्त होते संगम तट नैनी प्रयागराज अरैल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली इस अवसर पर पूर्वांचल महासभा समिति नैनी अरुण यादव, संरक्षक दयानंद पांडे, पप्पू सिंह, धनेश सिंह ,विजय सिंह, पवन यादव दिलीप यादव, अनिल दीक्षित ,राजेंद्र बाबा,अरुण तिवारी, शिवाजी ,मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, बृजेश यादव व्यास, सरदार पतविंदर सिंह, सुजीत सिंह ,सुधीर शर्मा, राजेश साहू, मीडिया प्रभारी संजय का सहयोग रहा इसके लिए पूर्वांचल महासमिति के अध्यक्ष अरुण यादव ने सभी का धन्यवाद व्यापित किया

### इंदिरा गांधी की जंयती मनाई गई



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को कांग्रेसियों ने पार्टी कार्यालय में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जंयती मनाई गई।जिसमें शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, महासचिव राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज इंजीनियर, विजय पंडित, वीरेंद्र शर्मा, शिव शंकर मिश्रा, मुन्ना जाफरी,राजकुमार कुशवाहा, रामू ,आदि शामिल हुए।

### 48 किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा



**अलीगढ़,।** ऑपरेशन नार्को के तहत थाना इगलास पुलिस टीम ने शातिर मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। थाना इगलास पुलिस टीम द्वारा ग्राम नगला अहिवासी से गणेश शर्मा पुत्र शिव नारायण शर्मा निवासी नगला अहिवासी थाना इगलास को अवैध 48 किलो ग्राम नशीला पदार्थ गांजा मय घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया है ।

# मृत्युभय? मिटाकर भागवत भाव जगाती है भागवत कथा- आचार्य विनोद

स्वतंत्र प्रभात



**इटियाथोक गोंडा।** कस्बा बाजार श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन अयोध्या धाम से पधारे आचार्य विनोद ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि शुकदेवजी महाराज को छह दिन बीत गए,और तक्षकनाग के काटने से मृत्यु होने का समय मात्र एक दिन शेष रह गया,तब भी राजा परीक्षित का शोक और मृत्यु का भय दूर नहीं हुआ। अपने मरने की घड़ी निकट आती देखकर राजा का मन क्षुब्ध हो रहा था। शुकदेवजी महाराज ने परीक्षित से कहा कि राजन ! बहुत समय पहले की बात है, एक राजा किसी जंगल में शिकार खेलने गया। संयोगवश वह रास्ता भूलकर बड़े घने जंगल में जा पहुँचा। उसे रास्ता ढूंढते- ढूंढते रात्रि हो गई और भारी वर्षा होने लगी।जंगल में सिंह व्याघ्र आदि बोलने लगे। वह राजा बहुत डर गया और किसी प्रकार उस भयानक जंगल में रात्रि बिताने के लिए विश्राम का स्थान ढूंढने लगा। रात के समय में अंधेरा होने की वजह से उसे एक दीपक दिखाई दिया।वहाँ पहुँचकर उसने एक बहेलिये की गंदी झोंपड़ी देखी । वह बहेलिया ज्यादा चल-फिर नहीं सकता था, इसलिए झोंपड़ी में ही एक ओर उसने मल-मूत्र त्यागने का स्थान बना रखा था। अपने खाने के लिए जानवरों का मांस उसने झोंपड़ी की छत पर लटका रखा था। बड़ी गंदी, छोटी, अंधेरी और दुर्गंधयुक्त वह झोंपड़ी थी। उस झोंपड़ी को देखकर पहले तो राजा ठिठका, लेकिन पीछे उसने सिर छिपाने का कोई और आश्रय न देखकर उस बहेलिये से अपनी झोंपड़ी में रात भर ठहर जाने देने के लिए प्रार्थना की, बहेलिये ने कहा कि आश्रय के लोभी राहगीर कभी-कभी यहाँ भटकते आ जाते हैं। मैं उन्हें ठहरा तो लेता हूँ, लेकिन दूसरे दिन जाते समय वे बहुत झंझट करते हैं। इस झोंपड़ी की गंध उन्हें ऐसी भा जाती है कि फिर वे उसे छोड़ना ही नहीं चाहते और इसी में ही रहने की कोशिश करते हैं एवं अपना कब्जा जमाते हैं। ऐसे झंझट में मैं कई बार पड़ चुका हूँ।। इसलिए मैं अब किसी को भी यहां नहीं ठहरने देता। मैं आपको भी इसमें नहीं ठहरने दूंगा। राजा ने प्रतिज्ञा की कि वह सुबह होते ही इस झोपड़ी को अवश्य खाली कर देगा। उसका काम तो बहुत बड़ा है, यहाँ तो वह संयोगवश भटकते हुए आया है, सिर्फ एक रात्रि ही काटनी है बहेलिये ने राजा को ठहरने की अनुमति दे दी, पर सुबह होते ही बिना कोई झंझट किए झोंपड़ी खाली कर देने की शर्त को फिर दोहरा दिया। राजा रात भर एक कोने में पड़ा सोता रहा। सोने में झोंपड़ी की दुर्गंध उसके मस्तिष्क में ऐसी बस गई कि सुबह उठा तो वही सब उस राजा को भी परमप्रिय लगने लगा। अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूलकर वहीं निवास करने की बात सोचने लगा। वह बहेलिये से और ठहरने की प्रार्थना करने लगा। इस पर बहेलिया भड़क गया और राजा को भला-बुरा कहने लगा। राजा को अब वह जगह छोड़ना झंझट लगने लगा और दोनों के बीच उस स्थान को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। कथा सुनाकर शुकदेवजी ने महाराज परीक्षित से पूछा,÷ परीक्षित ! बताओ, उस राजा का उस स्थान पर सदा के लिए रहने के लिए झंझट करना उचित था ? परीक्षित ने उत्तर दिया,"भगवन् ! वह कौन राजा था, उसका नाम तो बताइये ? वह तो बड़ा भारी मूर्ख जान पड़ता है, जो ऐसी गंदी झोंपड़ी में, अपनी प्रतिज्ञा तोड़कर एवं अपना वास्तविक उद्देश्य भूलकर, नियत अवधि से भी अधिक रहना चाहता है। उसकी मूर्खता पर तो मुझे आश्चर्य होता है। "श्री शुकदेव जी महाराज ने कहा,"हे राजा परीक्षित ! वह बड़े भारी मूर्ख तो स्वयं आप ही हैं। इस मल-मूल की गठरी देह ( शरीर ) में जितने समय आपकी आत्मा को रहना आवश्यक था, वह अवधि तो कल समाप्त हो रही है। अब आपको उस लोक जाना है, जहाँ से आप आएं हैं। फिर भी आप झंझट फैला रहे हैं और मरना नहीं चाहते। क्या यह आपकी मूर्खता नहीं है ?" राजा परीक्षित का ज्ञान जाग पड़ा और वे बंधन मुक्ति के लिए सहर्ष तैयार हो गए। एक जीव अपनी माँ की कोख से जन्म लेता है तो अपनी माँ की कोख के अन्दर भगवान से प्रार्थना करता है कि हे भगवन् ! मुझे यहाँ (इस कोख) से मुक्त कीजिए, मैं आपका भजन-सुमिरन करूँगा। और जब वह जन्म लेकर इस संसार में आता है तो (उस राजा की तरह हैरान होकर) सोचने लगता है कि मैं ये कहाँ आ गया (और पैदा होते ही रोने लगता है) फिर उस गंध से भरी झोंपड़ी की तरह उसे यहाँ इस संसार की गंध ऐसी भा जाती है कि वह अपना वास्तविक उद्देश्य भूलकर यहाँ से जाना ही नहीं चाहता है। "जीवन का सत्य, आत्मकल्याण है ना की भौतिक सुख !" जिस प्रकार मैले दर्पण में सूर्य देव का प्रकाश नहीं पड़ता है उसी प्रकार मलिन अंतःकरण में ईश्वर के प्रकाश का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता है, अर्थात मलिन अंतःकरण में शैतान अथवा असुरों का राज होता है ! अतः ऐसा मनुष्य ईश्वर द्वारा प्रदत्त अनेक दिव्य सिद्धियों एवं निधियों का अधिकारी नहीं बन सकता है ! "जब तक मन में खोट और दिल में पाप है, तब तक बेकार सारे मन्त्र और जाप है !" सच्चे संतो की वाणी से अमृत बरसता है, आवश्यकता है उसे आचरण में उतारने की ।

# अलीगढ़ की 852 ग्राम पंचायतों में जाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा:मुख्य सचिव

**● - मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**● - विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिलेगा पात्रों को योजनाओं का लाभ**

धर्मेन्द्र राघव

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़, ।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। रविवार को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गा शंकर मिश्र ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों का जायजा लिया। एनआईसी सभागार में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयुक्त अलीगढ़ मंडल रविन्द्र, डीएम इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त अमित आसेरी, एडीएम वित्त एवं प्रशासन समेत संकल्प यात्रा से संबंधित मंडलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने मंडल आयुक्त एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह संकल्प यात्रा में सहभागी बनें। मंडल आयुक्त सप्ताह में कम से कम एक दिन एवं जिलाधिकारी दिन में दो बार संकल्प यात्रा की समीक्षा करें। जनपदों में ओवरऑल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। उन्होंने बताया कि यात्रा के माध्यम से प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो जाना चाहिए।

मंडल आयुक्त रविन्द्र ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखीमपुर के ग्राम धुसकिया से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश के सफल आयोजन के साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचितों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यात्रा के दौरान स्वयं अनुभव के आधार पर ष्मेरी कहानी मेरी जुबानीष् के तहत व्यक्तिगत सफलता की गाथाओं को भी शामिल किया जाएगा।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि जनपद की 852 ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 7 एलईडी प्रचार वाहन भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही 7 ड्रोन के माध्यम से समस्त प्रकार की गतिविधियों को कैद कर पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। जिले में वैन की उपलब्धता एवं आगमन के आधार पर भारत विकसित संकल्प यात्रा आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए आयोजन एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व एवं जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकारी भवन, कार्यालय के साथ अन्य सार्वजनिक उपयोग की परिसंपत्तियों पर ग्राम स्तरीय आयोजन किए जाएं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि तीन चरणों में यात्रा होगी। प्रथम चरण में 14 दिन में 196 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण संवाद यात्रा रथ या एलईड वैन जाएगी। एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश, थीम गीत प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं पर वीडियो, ब्रोशर, योजनाओं पर पॉकेट बुकलेट एवं स्टैंडिज रहेगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जेडीसी, डीसी एनआरएलएम, जेडी एग्रीकल्चर, एडी हेल्थ, सीएमओ, डीपीओ, डीआईओएस, जिला कृषि अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीपीआरओ, डीआईओ एनआईसी, डीएसओ, सीवीओ, उपनिदेशक उद्यान, उपनिदेशक कृषि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

12 अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियाँ

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीडी डीआरडीए को लोधा, डीपीओ को धनीपुर, अधिशासी अभियंता आरईडी को जवा, सहायक निबंधक सहकारिता को अतरौली, जिला उद्यान अधिकारी को बिजौली, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को गंगीरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को खैर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को चंडौस, डीडीओ को टप्पल, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम को आकराबाद, उप आयुक्त श्रम एवं रोजगार को इगलास और अधिशासी अभियंता नलकूप खंड द्वितीय को गोंडा विकासखंड की जिम्मेदारी सौंप गई है।

शिविरों का भी होगा आयोजन

ग्रामीण संवाद यात्रा रथ अर्थात एलईड वैन जाएगी वहाँ

1- पेंशन स्टाल
2- बैंकिंग स्टाल
3- कृषि एवं संबंध विभाग स्टाल
4- एनआरएलएम स्टाल
5- स्वास्थ्य विभाग स्टाल

लगेगें। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के लाभार्थियों द्वारा अपनी कहानी अपनी जुबानी सुनाई जाएगी।

## क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा थाना कार्यालय पर लगाई जन चौपाल

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति के तहत जागरूकता एवं जनसम्पर्क , जन चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशन आगरा जोन आगरा द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन जागृति के एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना कार्यालय पर जन चौपाल का आयोजन किया गया, चौपाल में सम्भ्रान्त व्यक्तियों व महिलाएं सम्मिलित हुयी ।

मिशन शक्ति अभियान के तहत वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है ।

वहीं गुण्डे,हिस्ट्रीशीटरों,माफियों, अवैध शराब/गाँजा/शस्त्रों की तस्करी करने वालों व अन्य अपराध करने वाले व्यक्तियों की जानकारी देने हेतु बताया गया, सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा । तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी अपराधों के बारें में जागरूक किया गया । किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि न साझा करें, खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में 1930 पर कॉल करें ।

### पैदल जा रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे के अतर्रा रोड डाकघर के पास पैदल जा रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, महिला गंभीर रूप से घायल परिजनो ने अस्पताल भर्ती कराया है।

बबेरू कस्बे के अतर्रा रोड नेता नगर की रहने वाली महिला, तुलसा देवी पत्नी साधु प्रसाद उम्र करीब 60 वर्ष, यह पैदल सड़क के किनारे अपने घर जा रही थी। तभी बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे तुलसा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, जैसे ही राहगीर में देखा तो परिजनों को सूचना दिया, मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# बिना लाइसेंस बेच रहे खाद विक्रेता को जिला कृषि अधिकारी ने पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात



**कोराव, प्रयागराज ।** बिना लाइसेंस के बेंच रहे एक खाद व्यापारी को जिला कृषि अधिकारी ने शनिवार को उस समय पकड़ा जब वह पीकअप गाड़ी से लेकर कोरांव की तरफ जा रहा था कि रास्ते में देवीवांध के सामने जिला कृषि अधिकारी ने गाड़ी को रोक लिया और देखा गया तो 70 बोरी आईपीएल डीएपी लदी थी जिसमें संलिप्तता पाई गयी।'

पिक अप ड्राइवर इसरार अहमद के बताने के आधार पर ही खीरी थाना क्षेत्र के महुली में एक अवैध दुकान मे 21 बोरी पोटाश, 5 बोरी डीएपी चंबल की बोरी में, दयाल का जिंक 20 बोरी और 120 बोरी दानेदार जिप्सम जो संदिग्ध स्थिति के साथ दुकान को सील किया गया । पता करने पर महेंद्र केसरवानी निवासी खीरी की दुकान बताई जा रही है। और उन्हीं की पिकअप गाड़ी मे लदा माल भी है। वह अपने गोदाम में रखने के लिए ले जा रहा था। जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्य ने बताया कि मै अचानक जमुना पार की कुछ दुकानों का निरीक्षण करने निकला था। उसी समय खीरी की तरफ से आ रही एक पिकअप रास्ते में मिली जिसे रोकने पर पिकअप में लदा माल जो संदिग्ध था और महुली में भी एक दुकान को अवैध खाद के साथ सीज किया गया। मुख्य अभियुक्त महेंद्र केसरवानी के खिलाफ खीरी थाने में मुकदमा पंजीकृत कर गाड़ी लदी खाद को पुलिस ने जप्त कर लिया है। गाड़ी में दो मोबाइल फोन भी मिले हैं। "

## यमुनापार में पर्वतारोहण प्रतियोगिता का आयोजन 10 दिसंबर को

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव, प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर यमुनापार क्षेत्र मे आयोजित होने वाले पर्वतारोहण कार्यक्रम के सम्बन्ध मे क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को अक्षरधाम शिक्षण संस्थान बड़ोखर मे सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए हुए यमुनापार विकास समिति के महासचिव सुरेश कुशवाहा ने बताया कि प्राकृतिक सम्पदा को बचाने के साथ ही पर्यटन विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामाजिक जागरूकता हेतु पर्वतारोहण प्रतियोगिता का कार्यक्रम 10 दिसम्बर दिन रविवार को बड़ोंखर पहाड़ पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया जो क्षेत्रीय सामाजिक जागरूकता का परिचायक है। बैठक में यमुनापार विकास समिति, यमुनापार पर्यटन विकास समिति तथा हरित भारत फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का संचालन अक्षरधाम शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार केसरी ने किया।

इस अवसर पर सर्वश्री प्रमोद तिवारी प्रदेश सचिव भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, सुधीर कुमार केसरी शिक्षक एमएसडी पब्लिक स्कूल बड़ोखर , समाजसेविका सुमन शुक्ला, गुलाब कली कुशवाहा, प्रियांशू कुमार, विकास केसरी, पत्रकार अरुन कुमार सिंह एवं विश्वनाथ प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी ने इतिहास ही नहीं भूगोल बदला था। अरशद अली

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इन्दिरा गांधी जी की जन्यति पर सर्किट हाउस चौराहा पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और और करेली स्थित कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में पीसीसी सदस्य फुजेल हाशमी द्वारा उन महिलाओं को सामाजिक उत्थान के प्रयास एवं योगदान के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इन्दिरा गांधी जी ने बैंको के राष्ट्रीयकरण, प्रिवीपर्स व परमाणु परीक्षण जैसे अपने कड़े फैसलों और दृढ़ प्रतिज्ञ इरादों के साथ भारत को विश्वशक्ति बनाने वाली थी।

तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन व हेनरी किसिंजर जैसे विदेश मंत्री को भी पाक सहित कई मसलों पर अपनी कूटनीति से अचंभित कर देने वाली व विचारों एवं कर्मो से शक्ति का एहसास कराने वाली, भारत को सच्चे मायनों में आत्मनिर्भर बनाने वाली, पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाने वाली, लगभग 93,000 युद्ध बंदियों के साथ वास्तव में पाकिस्तान को जीतकर नया इतिहास रचने व वैश्विक भूगोल बदलने का अदम्य साहस और असीम क्षमता रखने वाली बेहद विनम्र एवं दूरदर्शी थी। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अरशद अली, पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी, शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी, नाज़ खान, शाहीन बेगम,तालिब अहमद, महफूज अहमद, जाहिद नेता, मुख्तार अहमद, गुलाम वारिस, आदि मौजूद रहे।

## 19 नवम्बर को गोण्डा में लोजपा (रामबिलास) नेताओं की मंडलीय बैठक आयोजित.. के. बी. भारती

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा** में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख एजेंडे को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के.बी.भारती ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि पार्टी संगठन की मजबूती सहित 2024 के चुनाव की रणनीति को लेकर 19 नवंबर को गोंडा जनपद के सिंचाई विभाग डाक बंगले में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारीयो सहित देवी पाटन मंडल के सभी जनपदों के जिला अध्यक्ष ,महासचिव एवं ब्लॉक लेवल पर कार्यरत सभी पदाधिकारीयो के साथ समीक्षा बैठक की गई और तमाम महत्त्वपूर्ण विषयो पर चर्चा करके योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। मंडलीय बैठक के संयोजक जिला अध्यक्ष काशीराम मौर्य द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष के. बी. भारती, बहन कु0कमल राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्रदेश सचिव व देवीपाटन मंडल के प्रभारी अरुण कुमार कोरी, विशिष्ट अतिथि महासचिव डॉ. कल्पराम त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जटाशंकर वाल्मीकि, प्रदेश महासचिव महेश कुमार भदोरिया, अश्वनी श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, राजाराम तिवारी , प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता शिव बहादुर पासवान , प्रदेश सचिव व हरदोई के प्रभारी अशरफी लाल वर्मा, प्रवेश मंडली बैठक में सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष /सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें। वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के बी भारती ने कहा भी कि देश में मोदी की सरकार और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आम जनता से जुड़े मुद्दों पर बहुत ही संजीदा तरीके से काम कर रही है व सभी सहयोगी दलों के नेताओं को निगमों और परिषदों मे जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। अब पूरे प्रदेश से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पदाधिकारी अपने शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश में योगी की सरकार से यह उम्मीद करते हैं कि लोक जन शक्ति पार्टी (रामबिलास) के नेताओं और पदाधिकारी को भी उचित स्थान का प्रतिनिधित्व दिया जाए ताकि लोजपा के पदाधिकारी भी अपने समाज के लोगों के उत्थान के लिए सरकार के साथ मिलाकर काम कर सकें । इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर सभी को मिलकर जिले के भीतर पार्टी को मजबूत करना है और आम जनता के हितों के लिए हमेशा काम करना है। समीक्षा बैठक व जनपद के सामाजिक समस्याओं सहित राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे ।सभी लोग चिराग पासवान के विचारों को आम जनता तक पहुंचाएंगे और मिलकर साथ हमेशा चलते रहेंगे और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लेते है। और 2024 के चुनाव में अपने प्रत्याशी और गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर पुनः मोदी की सरकार बनाएंगे। और अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को मजबूत करेंगे। ताकि आम जनमानस के दुख और दर्द को हमेशा हमेशा के लिए दूर किया जा सके और सरकार की मनसा के अनुरूप कार्य किया जा सके।

मुझे पूरा विश्वास है कि देवीपाटन मंडल की मंडलीय बैठक से उत्साहित होकर समस्त पदाधिकारी पूरे मंडल में बहुत ही जिम्मेदारी और योजना के साथ तरीके से अपने कार्यो का निर्वहन करेंगे वहीं महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पूनम विश्वकर्मा, कुसुम पांडे मंडल अध्यक्ष, मोनिका, दुर्गेश जायसवाल, अनुराग चौधरी, अजीज अहमद एडवोकेट, आदि मौजूद रहे।

## अपर एसपी ने किया महिला थाना का किया गया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**● - निरीक्षण के दौरान दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात




**बांदा।** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा महिला थाना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन का भ्रमण एवं मालखाने का निरीक्षण किया गया। असलहों की साफ-सफाई को देखा गया तथा थाने में नियुक्त उपनिरीक्षक से असलहों को खुलवाकर पुनः जोड़वाया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन, मालखाना, असलहों एवं अभिलेखो के रख-रखाव के संबंध में थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी महिला थाना को निर्देश दिये गये।

## अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महा सभा का प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**मनकापुर (गोंडा)**– अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महा सभा का प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को मिलन मैरिज हाल फार्म मसकनवा में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप कुमार गुप्ता, प्रबंधक पवन कमलापुरी, प्रेम कमलापुरी ने समारोह का उद्घाटन मां सरस्वती और मां कमला की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया।उन्होंने कहा की किसी भी समाज को चलाने के लिए संगठन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा की कमलापुरी समाज और संगठन सैकड़ों वर्ष पुराना है। देश की आजादी में समाज के लोगों का प्रमुख स्थान रहा।उन्होंने कहा कमलापुरी समाज को राजनीति में सम्मान और उचित स्थान मिलना चाहिए। प्रांतीय कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष जग प्रसाद कमलापुरी, महामंत्री रामदीन गुप्त, उपाध्यक्ष पूरनचन्द्र गुप्त सहित पूरे कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।प्रांतीय अध्यक्ष ने संगठन के विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों को भी शपथ दिलवाया।रिंकू गुप्ता ने कमलापुरी समाज को पिछड़ी जाति में शामिल करने की मांग की। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्रेया और रक्षा ने समसामयिक विषयों पर अपना विचार रखा। बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थानीय अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक पवन कमलापुरी, हरिप्रसाद गुप्ता , नीरज गुप्ता, सुधांशु गुप्ता ,विष्णु गुप्त,सुभाष चंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्त, राजेश कमलापुरी, धुव्र गुप्ता, संतोष, नीरज, अजय, विजय, राधेश्याम,बहरैची गुप्ता , लालू, राम जी, अंशू आदि उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भुरकुंडा छठ घाट में विधायक मद से बनी पीसीसी सड़क, अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन



**भुरकुंडा** नलकारी नदी के समीप छठ मंदिर से छठ घाट तक विधायक मद से दो लाख की लागत से निर्मित ईट सोलिंग एवं पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन छठ पूजा के दिन विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया। छठ व्रतियों को छठ घाट जाने में हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने विगत दिनों उक्त पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था एवं छठ पूजा के पूर्व निर्माण कार्य संपन्न हुआ, जिसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। भुरकुंडा छठ घाट पहुंचे विधायक अंबा प्रसाद में छठी मैया से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं कल्याण हेतु प्रार्थना की। इस दौरान विधायक ने कई छठ घाट पहुंचकर नारियल प्रदान की एवं छठ घाट का जायजा लिया। मौके पर मुख्य रूप से राजू पांडे, चंदन साव, जयंत तुरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### विद्युत करंट से एक युवक झुलसा

**शिकोहाबाद।** ट्रक से बालू उतारते समय एक युवक को करंट लग गया, जिससे वह झुलस गया। युवक को करंट लगने की जानकारी होते ही परिजन उसको लेकर अस्पताल आए। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। अस्पताल स्टाफ ने बताया कि उपेंद्र पुत्र श्रीप्रकाश निवासी नगला पूसा जसराना हाल निवासी बुढ़रई रोड शिकोहाबाद अपना मकान बनवा रहा है। मकान बनवाने के लिए उसने एक ट्रक बालू का खरीदा था। ट्रक से बालू उतारते समय ऊपर से जा रही हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे उसे करंट लगा और वह झुलस गया। जानकारी होते ही परिजन उसको लेकर अस्पताल आए। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### आरपीएफ ने एक आरोपी और जेल भेजा

**शिकोहाबाद।** बनारस स्पेशल एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने वाले एक आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। सीनियर उप निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि 27 अक्टूबर को गाडी संख्या 09183 बनार सस्पेशल एक्सप्रेस पर कोसमा फिरोजाबाद के बीच पत्थर फेंकने पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट शिकोहाबाद ने एक मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना के दौरान वांछित चल रहे आरोपी संजीव कुमार निवासी बीरपुर थाना अछल्दा जिला औरैया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### सहादत नगर की इंडियन बैंक के विवाद का मामला थाने पहुंचा

**पिहानी** नसीमुद्दीन ,इस्माइल, लालाराम, अशोक कुमार, सर्वेश कुमार ,अजय वर्मा रामेंद्र यादव सहित एक दर्जन से अधिक खाता धारक ने आरोप लगाया है कि सहायक बैंक मैनेजर कमलेश यादव व बीसी विवेक सिंह गार्ड के माध्यम से करते हैं दलाली, किसानों से 20त्र किसान क्रेडिट कार्ड व पासबुक के लेते हैं ?500 वहीं दूसरी तरफ बैंक कर्मचारी विवेक सिंह व कमलेश कुमार ने कहा कि उक्त खाता धारक बैंक में करते हैं गुंडागर्दी व गाली गलौज। आए दिन बैंक में गलत काम का दबाव बनाकर रौब दिखाते हैं जिसका सीसीटीवी कैमरे में फुटेज है। कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी करते हैं इस संबंध में कोतवाल धर्म दास सिद्धार्थ ने कहा कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है एक दूसरे पर आरोप लगाए जा रहे हैं । मामले की जांच हलका इंचार्ज अरविंद कुमार को दी गई है । दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया है, जो भी दोषी होगा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने छठ महापर्व को लेकर कांके डैम और हटनियाँ तालाब छठ घाट में चल रही तैयारियों का किया निरीक्षण

**रांची** लोक आस्था और उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांके डैम और हटनियाँ तालाब छठ घाटों की साफ- सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने नदी, तालाबों, डैमों और अन्य जलाशयों में जलस्तर और गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा की विशेष व्यवस्था और सभी घाटों पर विद्युत की व्यवस्था करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर पूरी सहूलियत और सुविधा मिले। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पाण्डु मुखिया सकीबा खातून ने छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण

स्वतंत्र प्रभात



**केरेडारी हज़ारीबाग़ झारखण्ड-** केरेडारी। हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाण्डु कि मुखिया सकीबा खातून द्वारा पंचायत क्षेत्र के छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित किया गया। पिछले साल की भांति इस साल भी मुखिया सकीबा खातून द्वारा रविवार को बालेदेवरी, नकटीचट्टी, तरहेसा, पाण्डु पंचायत क्षेत्र के महिला छठ व्रतियों के बीच फल, नारियल, अनानास, सेव, संतरा, आदि पूजा सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर पाण्डु पंचायत के पूर्व मुखिया रब्बानी मियां ने कहा कि व्रतियों का सेवा एवं सहयोग करना मेरे लिए प्राथमिकता में शामिल है। किसी भी पर्व-त्योहार एवं धार्मिक अवसर पर लोगों को यथा संभव सहयोग करने से मेरे मन को शांति, संतुष्टि एवं खुशी मिलती है। मैंने हमेशा अपने पंचायत सहित पूरे पंचायत क्षेत्र को अपना घर तथा लोगों को अपने ही घर-परिवार के एक-एक सदस्य के रूप में मानता हूं। मौके पर पूर्व मुखिया रब्बानी मियां, संजय दुबे, रामचंद्र दास, सरवन दास, राहुल दास, सोनू दास, पप्पू दास, मोहम्मद साजिद, सुशील ओझा, सद्दाम हुसैन, कोलेश्वर दास, मोहम्मद अफसर, अमरनाथ दुबे समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कटकमसाण्डी़ प्रखण्ड के ग्राम हेदलाग मे पानी के उपर अदभूत छठ माँ की प्रतिमा

स्वतंत्र प्रभात

**कटकमसाण्डी़, हजारीबाग, झारखंड-** कटकमसाण्डी़ प्रखण्ड के ग्राम हेदलाग मे छठ पर्व के पावन अवसर पर हेदलाग छठ तालाब के बीचो बीच मे छठ माता की प्रतिमा लगाई गई जो प्रतिमा पानी के उपर हवा से भरी हुई गाडी की टीव के उपर स्थापित किया गया है जो काफी सोभनीय एवं अदभुत है। छठ श्रद्धालु लोगो का कहना है कि छठ पर्व जो है वह एक प्राकृतिक पर्व जिसमे हमलोग सुर्य भगवान का पुजा करते है जो कि एक वास्तविक प्राकृतिक पर्व है अर्थात सूर्य जो हमलोग देखते हैं वो वास्तविक मे यह एक सच हैं। इस पर्व का शुरुआत और समापन कुल चार दिनो मे होता है, नहाय खाय, खरना पहला अर्घ और दुसरा अर्घ तक आज सूर्य भगवान को हमलोग सारे श्रद्धालु सूर्यास्त होते ही पहला अर्घ संध्या 05:02 बजे देगें और कल सूर्योदय की



पहली किरण दिखते ही दुसरा अर्घ प्रात 06:06 बजे देकर समापन करेंगें।

# राजकीय इंटर कॉलेज आगरा में जनपद की प्रतिभाएं करेंगी अपने विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद-** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में 51 वीं जवाहरलाल नेहरु बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का जनपद स्तरीय आयोजन किया गया था। संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल आगरा आर पी शर्मा ने समस्त जनपदों के प्रतिभागियों को निर्देशित किया है कि वे सभी अपने मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी में दिनाँक 20, 21 एवं 22 नवंबर 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज, पंचकुइया आगरा में प्रातः 10 बजे प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है। मण्डल स्तरीय प्रदशनी हेतु जनपद के बेसिक, जूनियर, माध्यमिक, डायट सभी विभागों के सभी वर्ग एवं उपविषयों पर प्राची, दीपक कुमार, काजल, चाँद सागर, ज्योति, सोनी कुमारी, वर्षा, मधु, लक्ष्मी, प्रिंस यादव, पार्थ मिश्रा, विशिष्ठा श्रीवास्तव, राखी यादव, कशिश शुक्ला, सदफ, मोनिका शर्मा, कीर्ति, अनुष्का, प्रभव यादव, सुमित कुमार, अंजली, शगुन शुक्ला, मोनिका तोमर, पुष्पेन्द्र कुमार, जौली, नितिन, कृष्णा सारस्वत, आर्जव जैन, दीपा, मनीष, न्यासा वलेचा, ईशू कुमार, देवांश, रंजीत, अयान, कार्तिक, शिक्षा, इशिका कुलश्रेष्ठ, इक्षिता जैन, सदफ, आराधना, मोहिनी, आनन्द वर्धन, रजनेश कुमार, अंशू, नयाजा, अजीत सिंह,अश्वनी कुमार जैन एवं भुवनेश का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी में 20 नवंबर को रजिस्ट्रेशन, 21 नवंबर को मॉडल प्रदर्शन एवं 22 नवंबर 2023 को समापन होगा। सभी चयनित प्रतिभागी निर्दिष्ट कार्यक्रम के अनुसार अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ ससमय प्रतिभाग अवश्य करें।

# 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए वोट बढ़ाबने के काम में लग जाए बसपा कार्यकर्ता

**● - भारत निर्वाचन आयोग के संक्षिप्त पुन निरीक्षण अभियान में 25 व 26 नवंबर एवं 2 व 3 दिसंबर को वोटर लिस्ट में नाम चेक करने एवं वोट बढ़ाने में सहयोग करें कार्यकर्ता-सौली भईया**

स्वतंत्र प्रभात



**फिरोजाबाद-** बहुजन समाज पार्टी की फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक बैठक का आयोजन आगरा मंडल प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता सतेंद्र जैन सौली की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मंडल सचिव राजीव वर्मा जिला सचिव मुरारी लाल विधानसभा प्रभारी पवन जैन आयुष वार्ष्णेय विनय वर्मा प्रवीण वार्ष्णेय प्रेमचंद अग्रवाल पुलकित जैन आलोक कुमार जीतेश अग्रवाल बालकिशन जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर आगरा मंडल प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता सतेंद्र जैन सौली ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर वोट बढ़ाने का काम करना है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी विधानसभा के पोलिंग बूथों पर जहां आप अपना वोट डालते हैं पर ,25 व 26 नवंबर एवं 2 व 3 दिसंबर 2023 को विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक फोटो मतदाता सूची प्रदर्शित की जायेगी,जिसे देखकर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं, कि आपका नाम मतदाता सूची मे है, या नहीं,यदि है तो उसमे कोई गलती तो नहीं है,यदि कोई गलती है, तो आप सुधारने हेतु फार्म भर सकते हैं,इसके अतिरिक्त नए वोटर कार्ड के लिए नए फॉर्म भरा जाएगा। इस मौके पर मंडल सचिव राजीव वर्मा ने कहा कि नया वोटर कार्ड बनवाने के लिए ये कागजात साथ लेकर जाएं

(1) दो रंगीन पासपोर्ट साइज फ़ोटो।
(2) राशन कार्ड की फ़ोटो कॉपी।या
(3) आधार कार्ड की फ़ोटो कॉपी। या
(4) जन्मतिथि प्रमाण-पत्र की फ़ोटो कॉपी।

1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की होनी चाहिए)

(5) घर के किसी एक सदस्य के वोटर कार्ड की फ़ोटो कॉपी।

इस अवसर पर जिला सचिव मुरारी लाल ने कहा कि वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर चैक कर लें,इस भरोसे में न रहें कि पिछले चुनाव में हमने वोट डाला था,तो हमारा लिस्ट में नाम तो होगा ही, ऐसा नहीं है,जो अब नई लिस्ट आई है,उसमें बहुत लोगों के नाम नहीं हैं। यदि आपका वोटर लिस्ट मे नाम नहीं है,तो 6 नम्बर फार्म भर कर अपना नाम जरूर जुड़वा लें। उन्होंने कहा कि वोटर कार्ड से सम्बंधित किसी अन्य समस्या के लिए भी इसी दिन अपने बूथों पर बीएलओ से सम्पर्क किया जा सकता है।

## वेरावल -वाराणसी ट्रेन के टूण्डला रेलवे स्टेशन पर ठहराव को मिली मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद-** क्षेत्रीय सांसद डॉ. चन्द्रसेन जादौन एवं राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री काउंसिल एनआरयूसीसी रेल मंत्रालय के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम के लगातार अथक प्रयास से वाराणसी से वेरावल गुजरात तक 13 सितम्बर 2023 से चलाई गई विशेष सुपरफास्ट रेल गाड़ी संख्या 12945/ 12946 के टूंडला रेलवे स्टेशन पर ठहराव के आदेश रेल मंत्रालय द्वारा जारी कर दिए गए हैं। एनआरयूसीसी रेल मंत्रालय के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम एवं फिरोजाबाद के सांसद द्वारा रेल मंत्री को पत्र सौंपकर अवगत कराया गया था कि रेल मंत्रालय द्वारा वाराणसी से गुजरात के वेरावल रेलवे स्टेशन तक प्रारंभ की गई सुपर फास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी का ठहराव टूंडला रेलवे स्टेशन पर न करके आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से सीधा इटावा जंक्शन पर कर दिया गया है। जिससे इस स्टेशन से यात्रा करने वाले एटा, जलेसर ,मथुरा, वृंदावन एवं फिरोजाबाद के लोगों को काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वाराणसी एवं वेरावल रेलवे स्टेशन से 5 किमी दूरी पर स्थित सोमनाथ मंदिर दर्शन के लिए तीर्थयात्री वंचित हो जाएंगे। टूंडला रेलवे स्टेशन गाजियाबाद एवं कानपुर ट्रंक लाइन का एक प्रमुख स्टेशन है, जहां से गाड़ियों का ऑटोमेटिक संचालन होता है। उक्त गाड़ी के



ठहराव के सम्बंध में रेल मंत्री ने स्वयं फोन करके फिरोजाबाद सांसद को अवगत भी करा दिया है। शीघ्र ही इस गाड़ी को फिरोजाबाद सांसद द्वारा हरी झंडी दिखाकर ठहराव प्रारंभ किया जाएगा।

### छठ पूजा के मद्देनजर एसडीएम खजनी व सीओ खजनी ने घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**● - खजनी क्षेत्र में घाटो पर पुलिस ने संभाला कमान, अर्ध देती महिलाए**

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** आस्था के महापर्व छठ पर्व को छठ व्रती महिलाएं घाटों पर अपने-अपने त्यौहार को कुशलता पूर्वक मनाए जिसको लेकर खजनी तहसील के उपजिलाधिकारी राजू कुमार, सर्किल क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पांडेय नदी, पोखरा तालाब के तट पर छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। खजनी क्षेत्र जमुरापुल आमी नदी पर व ग्रामीण क्षेत्र के तालाब पोखरों के घाट साहित्य अन्य घाटों पर बनाए गए छठ व्रती महिलाओं बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने हेतु ग्राम प्रधानों निर्देश दिए , घाट पर रविवार को शाम से सोमवार के सुबह तक मौजूद रहकर सभी थानां प्रभारी मय फोर्स के साथ महिला पुलिस अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए निरीक्षण करेंगे, जहां किसी प्रकार की अनहोनी होने की घटना ना हो सके

घाटों पर साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा, लाइटिंग, खतरे के निशान पर बैरिकेडिंग आदि लगाई गई हैं ,किसी चिकित्सकीय आपात



स्थिति से निपटने के लिए खजनी पीएचसी पर सीएचसी हरनहीं ,सिकरिगज आदि स्वास्थ्य विभाग ने पुख्ता व्यवस्था है, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इस दौरान एसडीएम खजनी राजू कुमार ,सीओ खजनी अंजनी कुमार पांडेय , थानाध्यक्ष गौरव कन्नौजिया, अन्य संबंधित अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

# भारतीय मानवाधिकार मजदूर परिषद की कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

स्वतंत्र प्रभात



**शिकोहाबाद-** भारतीय मानवाधिकार परिषद की एक बैठक नेहा अतिथि गृह के सभागार में संस्थापक आरपी शाक्या और राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें परिषद की प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के नवगठित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र,कार्ड एवं प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय मानवाधिकार मजदूर परिषद विभिन्न प्रांतों में अपना संगठन मजबूत करने के बाद उत्तर प्रदेश में भी संगठन को खड़ा कर रही है। इसी श्रृंखला में रविवार को दोपहर एक बजे स्टेशन रोड स्थिति नेहा गैस्ट हाउस में नवीन कार्यकारिणी को प्रतिष्ठापित किया गया। मंचासीन अतिथियों में संस्थापक आरपी शाक्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी, प्रदेश प्रभारी ई. गिरंद सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पीएस राना,प्रदेश सचिव दिनेश वशिष्ठ, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह और मंडल महासचिव लवलेश मित्तल मौजूद रहे। संचालन प्रदेश अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर संस्थापक ने परिषद के गठन के उद्देश्य और उसके कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि परिषद का काम गरीब, मजदूरों की सहायता करना है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से तालमेल बना कर वंचितों को हक दिलाना है। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को निष्ठा एवं लगन से कार्य कर संस्था को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संस्था के साथ जो पदाधिकारी कार्य करेगा, संस्था उसके साथ सदैव कंधे से कंधा मिला कर खड़ी रहेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रभारी ने सभी सभी को संबोधित करते हुए अपने दायित्वों का सही निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष अंकित कुलश्रेष्ठ, रविंद्र सिंह, महेश माथुर, नरेंद्र सिहं,ब्रजमोहन, निर्मला जादौंन, प्रियंका सिंह,अमला राजपूत, पूनम जादौंन,रंजना, कुसुम शर्मा के अलावा निजसराना तहसील से सत्यप्रकाश राजपूत, पीएसराजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समाज सेवी स्व.अमर पाल सिंह की पुण्य तिथि पर किया कवि सम्मेलन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** नगर के समाज सेवी स्व. अमर पाल सिंह टैगोर की 24 वी पुण्य तिथि पर रविवार को अमर पुष्पांजलि सभा व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन टूण्डला पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.भानु प्रताप सिंह रहें,व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व दीप प्रज्ज्वलित नगर पालिका चेयरमेन चौ.भंवर सिंह ठेकेदार और ईओ नगर पालिका आशुतोष त्रिपाठी ने कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संचालन कवि दिलीप गॉड ने किया। कार्यक्रम में सभी आगुंतक अतिथियों ने समाज सेवी स्व.अमर पाल सिंह टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक लक्ष्य अमर टैगोर प्रदेश मीडिया प्रभारी भा.कि. यू.भानु और सुनील टैगोर प्रदेश संगठन मंत्री.राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उप्र.ने मुख्य अतिथि विशिष्ठ अतिथि, कवियों,व नगर के प्रबुद्ध जन मीडिया बंधुओ गणमान्य जनों का माला व साफा पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नगर व दूर दराज से आएं कवियों ने अपनी काव्य धारा से सभी का मन मोह लिया दर्शको ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी खूब हौसला अफजाई की जिससे कवियों में जोश भर गया और उन्होंने देश भक्ति और आज के परिवेश में राजनीति को लेकर काव्य पाठ कर दर्शको में जोश भर दिया। कार्यक्रम में कवि चेतन बिहारी सक्सेना, बनबारी लाल विप्र. सुबोध सुलभ,दीपक दिव्यांशु रवि सक्सेना,अंशु छौंकर अवनी, गौरांगी रजनीश,साकेत कुलश्रेष्ठ,किरन सिंह, विष्णु उपाध्याय, बीना टैगोर, दर्पण सिंह टैगोर,मोक्ष अमर टैगोर,व नगर के समाज सेवी गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# ट्रक की चपेट में आने से पति पत्नी की दर्दनाक मौत

**● - चालक को पुलिस ने घेरकर लिया हिरासत में**

**सुबह 8:45 बजे हुआ हादसा**

सुबह 8:45 बजे मदनपुर थाना क्षेत्र में रास्ते में ही थे कि तेज रफ्तार ट्रक ने उनको कुचलता चला गया। पकड़े जाने के भय से ट्रक चालक रुकने की बजाय रफ्तार बढ़ाकर ट्रक समेत भागने लगा। दंपति की स्कूटी ट्रक में फंसी रही। लोगों ने इसकी सूचना-112 को दी। आनन फानन में 10 मिनट में पुलिस ने उसे घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर पकड़ लिया। दर्घटना में पति-पत्नी दोनों के शव एक किलोमीटर तक बिखर गया था।

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। बेटी के निकाह का कार्ड देने ससुराल जा रहे दंपती को बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया। जिससे दोनों की बॉडी के कई टुकड़े हो गए और करीब एक किमी मीटर तक शरीर के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। इसके बाद भी ट्रक चालक नहीं रुका। वो ट्रक में फंसी स्कूटी को करीब 1 किमी तक घसीटता ले गया। लोगों ने स्कूटी फंसी देख पुलिस को सूचना दे दी। तब जाकर ट्रक को पुलिस ने एक किमी दूर जाकर रोका।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे से शहनाई वाले घर में मातम पसर गया। हादसा जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह हुआ। मदनपुर के रमईपुर वार्ड निवासी मुर्तजा अंसारी ने अपनी पुत्री की शादी बिहार के गोपालगंज जिले के सबेया निवासी फारूक अंसारी से तय की थी। 5 दिसंबर को बारात आनी है, जिसके लिए मुर्तजा अंसारी अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से अपनी ससुराल बरहज थाना क्षेत्र महेन में निमंत्रण देने जा रहे थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देकर व्रतियों ने मांगा आशीष

**● - क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, सेवतरी छठ घाट पर छठ माता का प्रतिमा बना आकर्षण का केंद्र**

**● - उगते सूर्य को अर्ध्य देकर आज होगा छठ पर्व का समापन**

(मनोज पाण्डेय)

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** नौतनवां तहसील क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रविवार को सूर्य उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन आस्था, उल्लास और समर्पण का अनूठा समन्वय छठ घाटों पर नजर आया। नदी के घाट व गांव के पोखरों पर मंगल गीत गातीं व्रती महिलाओं की शुरू आमद देर शाम तक चलती रही। वहीं हर मंडप में दिव्य आभा से देव लोक सा दृश्य प्रस्फुटित हो रहा था। हर छठ घाटों पर पुलिस व सम्बंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की टीमें मुस्तैद रहीं। नौतनवां क्षेत्र के बरगदवा महाव नदी तथा श्यामकाट रोहिन नदी के घाट पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने पहुंची। व्रतियों की टोली छठ उपासना में तल्लीन दिखीं, जिसमें उनकी कठोर तपस्या के साक्षी व सहयोगी बनने को लालायित परिवार के लोग तत्पर थे। सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। पर्याप्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। सुरक्षा के दृष्टिगत बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी भी नदी व अन्य घाटों पर तैनात नजर आई। निर्जला व्रत रहकर महिलाओं परंपरिक गीत गाती छठ मैया की विधिवत पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात व्रती वापस वेदिका के सामने पहुंचीं। वेदी के सम्मुख कंद, मूल और फल के साथ ही पूजन के लिए तैयार पकवान रख महिलाओं ने आरती उतारी तथा सूर्य भगवान व छठी मैया को प्रणाम कर उनसे मनवांछित फल मांगा।

ग्रामीण क्षेत्र में भी धूमधाम से हुई सूर्य की उपासना

नौतनवां। तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम के साथ छठ व्रत धारी महिलाओं ने पुत्र और परिवार की कुशलता के लिए अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना कर पूजन अर्चन किया। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी, सेखुआनी, परसामलिक, शिवपुरी, निपनिया, लुठहवा समेत लगभग हर ग्राम पंचायतों के पोखरों व नदियों पर छठ व्रती महिलाओं की भीड़ से मेले जैसा माहौल रहा। ग्राम सभा सेवतरी के छठ घाट पर जलाशय के अंदर स्थापित छुठी माता का प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं व्रती महिलाओं के परिजन बारी-बारी से छठ माता के प्रतिमा के समक्ष मन्नतें मांगते व सेल्फी लेते नजर आए। सेवतरी निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय द्वारा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था के साथ पंडाल आदि लगाया गया था तथा ग्राम प्रधान जीतबहादुर यादव तथा पंचायत सहायक अमित अग्रहरि की ओर निश्शुल्क चाय स्टाल लगाकर लोगों को चाय पिलाया गया। चक्कर आने से मुर्छित होकर पानी में गिरी महिला, परिजन व अन्य लोगों ने बाहर निकाला

परसामलिक। थाना क्षेत्र के सेवतरी छठ घाट पर स्थानीय निवासी जानकी पत्नी सोमनाथ (25) मुर्छित होकर जलाशय के अंदर गिर पड़ी। गनीमत रहा कि मौके पर मौजूद परिजन व अन्य लोगों ने तुरंत महिला को पानी से बाहर निकाल लिया जिससे कोई भी हताहत होने से बच गया। महिला का पति सोमनाथ ने बताया कि महिला का तबियत कुछ दिनों से खराब चल रहा था। सोमनाथ ने बताया कि पत्नी को व्रत रहने से मना किया था लेकिन पत्नी छठ माता के प्रति प्रेम व विश्वास को कायम रखते हुए व्रत रखने पर अड़ी रही।

## मिर्गी अंधविश्वास से नहीं, इलाज से ठीक हो सकती है

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर (मस्तिष्क सम्बन्धी विकार) है, जो अत्यधिक नशीले पदार्थों के सेवन करने, मस्तिष्क में गहरी चोट लगने, ब्रेन ट्यूमर और मानसिक सदमे से भी हो सकता है। मरीज को झटके आने पर उसे जूता, मोजा सुंघाने से बचना चाहिए, इससे और नुकसान होता है। इसका इलाज संभव है। मेडिकल साइंस में इसकी दवाएं मौजूद हैं। समय रहते अगर इलाज शुरू करा दिया जाए तो मरीज ठीक हो सकता है। लिहाजा अंधविश्वास से दूर रहें और इलाज कराएं। उक्त बातें राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर लोगो को ऑनलाइन संबोधित करते हुए केयर और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के पूर्व स्ज्ञ्ज्ञ सह सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा। उन्होंने कहा कि इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 17 नवंबर को राष्ट्रीय मिर्गी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी इंसान को झटके आने को हल्के में न ले, क्योंकि बार बार झटका आने से बीमारी गंभीर हो सकती है। झटके आ जाने के बाद बेहोश हो जाना, मुंह से झाग आना ये मिर्गी का लक्षण है। जागरूकता का ही असर है कि लोग अब नीम हकीमों और अंधविश्वास को छोड़कर अस्पताल पहुंचने लगे है। मिर्गी के लक्षण पाए जाने के बाद तुरंत इलाज कराना चाहिए। बार बार झटके आने से बीमारी भयावह हो सकती है। ऐसे मरीजों को बाइक चलाने, कुएं, नदी, नहर, और आग के पास जाने से बचना चाहिए। मानसिक रोग विशेषज्ञ डा रवि राणा ने बताया कि 90 फीसदी झटके 2 मिनट का होता है और अगर झटका 5 मिनट से ज्यादा का है तो नाक के जरिए दवा दी जाती है। मुंह के जरिए कुछ भी नहीं देना चाहिए तथा मरीज को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाना चाहिए। मिर्गी के रोगी महज आधे घंटे में ठीक हो जाता है।

# डीपफेक -चरित्र हनन का औजार जिसने प्रधानमंत्री मोदी को भी नहीं छोड़ा

पांच नवंबर को अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस वीडियो का विरोध करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। वहीं अभिनेत्री के समर्थन में अमिताभ बच्चन आए और कानूनी कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद इस फेक वीडियो पर रश्मिका की भी प्रतिक्रिया सामने आई थी । दरअसल, यह वीडियो असल में जारा पटेल का था । अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीप फेक वीडियो के बाद हर कोई सकते में था । पर इस मामले में ज्यादा तूल तब पकड़ा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को इस बारे में चेतावनी दी। मोदी ने कहा कि एक तरफ नई-नई टैक्नोलॉजी जिंदगी को जहां आसान बना रही है, वहीं नई टैक्नोलॉजी के अपने खतरे भी हैं। ऐसे खतरे, जो किसी की जिंदगी बर्बाद कर सकते हैं, सामाजिक ताने-बाने को खराब कर सकते हैं, समाज में तनाव पैदा कर सकते हैं, इसलिए इससे सावधान रहने की ज़रूरत है। मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस के आने के बाद अब जागरूकता जरूरी है क्योंकि आर्टिफीशियल इंटैलीजेंस असली-नकली का फर्क खत्म कर देती है, पता ही नहीं चलता कि क्या सच्चा है और क्या नकली। मोदी ने फेक वीडियो की बात की। कहा कि आजकल सबके हाथ में फोन है, हर फोन में तमाम तरह के एप हैं, सबमें सोशल मीडिया एप हैं और अगर एक फेक वीडियो आता है तो वो कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों तक पहुंच जाता है, लोग उसे सही समझ लेते हैं। इससे किसी व्यक्ति या समाज का बड़ा नुकसान हो सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पत्रकारों के साथ एक दीपावली मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि कैसे एक नकली वीडियो में उन्हें महिलाओं के साथ गरबा डांस करते हुए दिखाया गया। मोदी ने बताया कि स्कूल के दिनों के बाद से उन्होंने कभी गरबा डांस किया ही नहीं। लेकिन इस वीडियो को देखकर कोई नहीं कह सकता कि वीडियो में जो व्यक्ति गरबा कर रहा है, वो प्रधानमंत्री नहीं। ये एक डीप फेक वीडियो है। चूंकि टैकनोलॉजी इतनी आगे बढ़ गई है कि किसी भी व्यक्ति को कुछ भी करते हुए, कहते हुए दिखाया जा सकता है। चेहरा भी उसी का होगा, आवाज़ भी उसी की होगी, लेकिन सब नकली। और क्या असली है, क्या नकली है, इसकी पुष्टि करने के लिए आम लोगों के पास कोई ज़रिया नहीं है। इसलिए जो दिखता है, लोग उसी पर भरोसा कर लेते हैं। मोदी ने कहा कि अभी भले समझ में न आए लेकिन आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस का खतरा भविष्य में बड़ी परेशानियां पैदा कर सकता है, इसलिए इसके प्रति लोगों को सावधान करने की जरूरत है।

फेक वीडियो का कैसे दुरूपयोग हो सकता है, इसका उदाहरण मध्य प्रदेश के चुनाव में हुआ। चुनाव के दौरान फेक वीडियो का खूब इस्तेमाल हुआ। कांग्रेस और बीजेपी ने इसको लेकर चुनाव आयोग में एक दूसरे के खिलाफ खूब शिकायतें कीं। शुक्रवार को वोटिंग खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान नकली, झूठे वीडियो दिखाए और जनता को गुमराह करने की कोशिश की। दरअसल, बीजेपी ने झूठे प्रचार और गलत तरीकों से प्रचार के करीब दो दर्जन शिकायतें की हैं, इनमें ज्यादातर शिकायतें उन वीडियो की है, जो दूसरे वीडियो पर नकली आवाज़ और ग्राफिक्स सुपरइंपोज करके बनाए गए हैं। इस तरह के कई वीडियो मध्य प्रदेश में सोशल मीडिया के जरिए खूब फैलाए गए। एक वीडियो में दिखाया गया कि शिवराज सिंह कैबिनेट की मीटिंग के दौरान मंत्रियों और अफसरों से कह रहे है कि 'जनता बहुत नाराज है.।बीजेपी भारी अंतर से हार सकती है...इसलिए कुछ भी करो...हर गांव में जाओ, बूथ पर जाओ...जो करना है करो. अभी वक्त है...सब ठीक करो...मैनेज करो...' असली वीडियो चुनाव के एलान से पहले शिवराज सिंह चौहान की आखिरी कैबिनेट मीटिंग का है। वीडियो असली था, लेकिन इसमें आवाज शिवराज सिंह चौहान की नहीं है। चौहान की आवाज की हुबहू नकल करके इसे वीडियो पर सुपर इंपोज किया गया। इस वीडियो को जिन व्हॉट्सऐप ग्रुप्स के जरिए फैलाया गया, उनकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने जांच करके इस तरह के वीडियो को तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया। इस तरह के वीडियो कांग्रेस से जुड़े लोगों की तरफ से सर्कुलेट किए गए। ऐसे दर्जनों वीडियो बनाए गए ।

'कौन बनेगा करोड़पति' की ओरिजनल क्लिप से छेड़छाड़ की गई। होस्ट और कंटेस्टेंट की आवाज़ बदलकर सारा कटेंट बदल दिया गया। इस वीडियो से ये मैसेज देने की कोशिश की गई कि शिवराज सिंह सिर्फ घोषणाएं करते हैं, उन पर अमल नहीं करते। कौन बनेगा करोड़पति शो के होस्ट अमिताभ बच्चन थे, लेकिन आवाज सबकी नकली थी। आवाज सुपरइंपोज करके, ग्राफिक्स डालकर ऐसा दिखाने की कोशिश की गई जैसे वाकई में 'कौन बनेगा करोड़पति' में सवाल पूछा गया और शिवराज सिंह चौहान को घोषणा मुख्यमंत्री बताया गया। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे मध्य प्रदेश में खूब सर्कुलेट किया। %कौन बनेगा करोड़पति% को टेलीकास्ट करने वाली कंपनी सोनी टीवी को सफाई देनी पड़ी जिसमें कहा गया कि ये नकली वीडियो है, होस्ट और कंटेस्टेंट्स की आवाज़ से छेड़छाड़ की गई है, साइबर क्राइम सेल में शिकायत की गई है। सोनी टीवी ने लोगों से अपील की कि इस तरह के वीडियो शेयर न करें। इसी तरह मशहूर एक्टर कार्तिक आर्यन को भी इस तरह के गुमराह करने वाले एक नकली कैम्पेन में लपेट लिया गया। कांग्रेस के ब्लू टिक वाले किसी समर्थक ने कार्तिक आर्यन का एक वीडियो शेयर कर दिया और उसके साथ कैप्शन लिखा कि अब तो कार्तिक आर्यन भी कांग्रेस का समर्थन करने लगे हैं। चूंकि कार्तिक आर्यन मध्यप्रदेश के ही रहने वाले हैं, इसलिए जानबूझकर उनका वीडियो इस फर्जी कैम्पेन के लिए इस्तेमाल किया गया। इस वीडियो की खास बात ये थी कि इसमें कांग्रेस का चुनाव निशान पंजा भी लगाया गया था। कार्तिक आर्यन ने अगले ही दिन स्पष्टीकरण जारी कर दिया और कहा कि जिस वीडियो से छेड़छाड़ कर सियासत की जा रही है वो तो एक ह्रञ्ज्ञ प्लेटफॉर्म का एड है, जिसे डॉक्टर्ड करके कांग्रेस का विज्ञापन बना दिया गया। दुष्प्रचार और अफवाहें किस कदर खतरनाक हो सकती हैं इससे हम सब वाकिफ हैं।ये झुंझलाहट पैदा करती है तो इनसे दुनिया में जंग तक की नौबत आ सकती है।कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं जब इनकी वजह से समाज में फूट पड़ी और बड़े पैमाने पर कलह- झगड़ा हुआ है।ये झूठी होने के बाद भी इस कदर मजबूत होती हैं कि चुनावों के नतीजों तक असर डालने का दम रखती हैं ।

सोशल मीडिया के दौर में ये खतरा बेहद बढ़ा हुआ है।जब भू-राजनीतिक आकांक्षाओं वाले साइबर हैकर, किसी विचारधारा को पागलपन की हद तक मानने वाले लोग, हिंसक चरमपंथियों और पैसे लेकर खतरों पर खेलने वाले लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल अपने गलत मकसद के लिए करते हैं।इस तरह से भ्रामक और झूठे तरीकों से गलत सूचनाओं को फैलाने वाले लोगों के हाथ डीपफेक के तौर पर अब एक नया हथियार लगा है। आखिर ये डीपफेक है क्या है ?यह जानना भी जरूरी है । दरअसल डीपफेक का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- एआई के जरिए डिजिटल मीडिया में हेरफेर करना है।एआई के इस्तेमाल से शरारती तत्व वीडियो, ऑडियो, और फोटोज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर हेरफेर यानी मनिप्युलेशन और एडिटिंग को अंजाम देते हैं।एक तरह से देखा जाए तो ये बेहद वास्तविक लगना वाला डिजिटल फर्जीवाड़ा है, इसलिए इसे डीपफेक नाम दिया गया है । वैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से पैदा किया गया सिंथेटिक मीडिया या डीपफेक कुछ क्षेत्रों में बेहद फायदेमंद साबित होता है।उदाहरण के लिए शिक्षा, फिल्म निर्माण, आपराधिक फोरेंसिक और कलात्मक अभिव्यक्ति में ये बहुत काम की चीज है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मतलब एक मशीन में इंसान की तरह सोचने-समझने और निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना है ।

यही वजह है कि इसे कंप्यूटर साइंस में सबसे बेहतरीन और टॉप माना जाता है।इसमें कंप्यूटर को इस तरह से तैयार किया जाता है कि वो बिल्कुल इंसान की तरह से सोच कर काम कर सकें।इस सबके साथ इसका बहुत बड़ा नुकसान भी है।जैसे-जैसे सिंथेटिक मीडिया में टेक्नोलॉजी का दखल बढ़ रहा है, वैसे-वैसे



इसके जरिए शोषण का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।रोबोट्स, कंप्यूटर्स से लेकर मोबाइल एप्लीकेशन में एल्गोरिदम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस्तेमाल में लाई जाती है। इतना ही नहीं यह बड़े पैमाने और रफ्तार से हो सकता है।इसमें माइक्रो टारगेटिंग के जरिए नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन डेटा इकट्ठा किया जा सकता है।इसके जरिए आसानी से डिजिटल मीडिया में कोई भी बदलाव लाया जा सकता है। इतना सब घट जाने के बाद केंद्र सरकार भी अब कड़ाई से हरकत में आई है । केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मो को चेतावनी दी कि सूचना और प्रौद्योगिकी अधिनियम में 'सुरक्षित बंदरगाह' खंड के तहत उन्हें जो छूट प्राप्त है, वह लागू नहीं होगी यदि वे डीपफेक को हटाने के लिए कदम नहीं उठाते हैं।धारा के अनुसार, किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ताओं द्वारा उस पर पोस्ट की गई सामग्री के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में सभी बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है और उनसे डीपफेक की पहचान करने और सामग्री को हटाने के लिए कदम उठाने को कहा है।उन्होंने कहा कि प्लेटफार्मों ने प्रतिक्रिया दी और वे कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हमने सभी प्लेटफॉार्मों से इस दिशा में और अधिक आक्रामक होने के लिए कहा है.÷ वैष्णव ने कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर कंपनियों को नोटिस जारी किया था और प्लेटफार्मों ने जवाब भी दिया।उन्होंने कहा कि लेकिन कंपनियों को ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने में अधिक आक्रामक होना होगा।वैष्णव ने कहा है कि वे कदम उठा रहे हैं, लेकिन हमें लगता है कि कई और कदम उठाने होंगे ।



**अशोक भाटिया,**
**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक एवं टिप्पणीकार**

# संपादकीय

## धमाकेदार वापसी की इबारत लिखती कांग्रेस

जिस साम्प्रदायिक व संकीर्ण विचारधारा ने ब्रिटिश दौर-ए-हुकूमत में अंग्रेज़ों की ख़ुशामद परस्ती में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। जिनके 'आदर्श महापुरुष' अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगते फिरे यहां तक कि जिस विभाजनकारी विचारधारा के लोग राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की हत्या में शामिल रहे, उसी विचारधारा के नेताओं ने विगत एक दशक से देश को 'कांग्रेस मुक्त' बनाने का एक महाअभियान छेड़ रखा है। गांधी की हत्या को सही ठहराने,गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे को महिमामण्डित करने , देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित नेहरू की चरित्र हत्या करने व उन्हें अपमानित करने, महात्मा गाँधी व भगत सिंह के तथा पंडित नेहरू व सुभाष चंद्र बोस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल व बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के मध्य मतभेद के मनगढंत क़िस्से गढ़ने व इसे प्रचारित करने में इस दक्षिणपंथी विचारधारा ने अपनी पूरी ताक़त झोंक रखी है। विश्व में गांधी-नेहरू के क़द को छोटा करने के मक़सद से ही कांग्रेस के ही नेता सरदार पटेल की 182 मीटर की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा "स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी " गुजरात राज्य की नर्मदा घाटी के केवड़िया इलाक़े में स्थापित की गयी। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को भी अपमानित करने व इन्हें भयभीत करने व विदेशी व बौना साबित करने तक के सभी प्रयास पूरी क्षमता के साथ किये जा रहे हैं। और इन दिनों कांग्रेस के विरुद्ध पार्टी के राम विरोधी,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रचार हथकंडा इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा यह इस्तेमाल किया जा रहा है।

निश्चित रूप से गत एक दशक से भी लंबे समय से चलाई जा रही इस कांग्रेस विरोधी मुहिम का लाभ भी दक्षिणपंथियों को काफ़ी हद तक मिला। यहां तक कि दर्जनों ऐसे बड़े कांग्रेस नेता इसी ना उम्मीदी,सत्ता मोह व भय के चलते दक्षिणपंथी ख़ेमे में जा मिले जिन्हें देश 'कांग्रेस मुक्त' होते दिखाई देने लगा था। परन्तु शायद ही कभी किसी ने सोचा हो कि देश के सर्व सुविधा संपन्न एवं सर्वोच्च राजनैतिक घराने में परवरिश पाने वाले राहुल गांधी 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग 3,6श्श्श्र श किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा पर पैदल ही निकल पड़ेंगे? और तेज़ धुप बारिश व कड़ाके की ठण्ड का सामना करते हुये देश के 12 राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुज़रने वाली 136 दिवसीय यह भारत जोड़ो यात्रा एक जन आंदोलन का रूप ले लेगी? ख़ासकर उस वर्तमान दौर में जबकि देश का मीडिया सत्ता के समक्ष षाष्टांग हो चुका हो। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के ख़िलाफ़ देश को एकजुट करना था। राहुल गांधी ने अपनी इस यात्रा को केंद्र की मूल्य वृद्धि, बेरोज़गारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से ÷भय, कट्टरता÷ की राजनीति और ÷नफ़रत÷ के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए एक सशक्त माध्यम बनाया। इस यात्रा में कांग्रेस के नेताओं के अतिरिक्त भी दक्षिणपंथी नीतियों का विरोध करने वाले तमान प्रमुख लोग जगह जगह शामिल हुये। इसी यात्रा में राहुल गांधी ने एक प्रचलित वाक्य कांग्रेस को दिया - हम नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।



इसी यात्रा के बाद कांग्रेस के बढ़ते क़द की वजह से ही विपक्षी गठबंधन I. N. D. I. A अस्तित्व में आया जिसने सत्ता की नींदें उड़ा कर रख दीं। अब अपनी ज़मीन खिसकने के डर से सत्ता द्वारा प्रवर्तन निदेशालय,केंद्रीय जांच ब्यूरो व आयकर विभाग जैसी निष्पक्ष समझी जाने वाली सरकारी संस्थाओं का कथित रूप से दुरूपयोग किया जा रहा है। और इनके कथित 'दुरूपयोग ' के बाद देश को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस सहित पूरा का पूरा विपक्ष ही न केवल राम विरोधी है,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी है बल्कि भ्रष्ट भी है। जबकि अपनी 'परसाई' का ढिंढोरा पीटने वाली इसी भाजपा में कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के ऐसे अनेक नेता शामिल हो चुके हैं जो भ्रष्टाचार के आरोपी थे और ई डी व सी बी आई की संभावित कार्रवाई से भयभीत थे। इन विषम एवं विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस का पुनः अपने प्राचीन तेवरों में आना किसी राजनैतिक चमत्कार से कम नहीं।

भाजपा के साथ साथ I. N. D. I. A गठबंधन के अखिलेश यादव,ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता भले ही कांग्रेस की बढ़ती ताक़त से होने दूरगामी राजनैतिक स्वार्थवश चिंतित क्यों न हों परन्तु कांग्रेस ने I. N. D. I. A गठबंधन की गतिविधियों को राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना जैसे राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों तक फ़िलहाल स्थगित रखने का जो सन्देश दिया है उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस अब इन राज्यों में आने वाले परिणामों के बाद पार्टी अपनेI. N. D. I. A सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा शुरू करेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस एक बड़ा खेल खेलने की तैयारी में है। संजय गांधी के सुपुत्र एवं भाजपा सांसद वरुण गांधी से गत 7 नवम्बर को केदारनाथ मंदिर के प्रांगण में मंदिर के पुजारी के घर एकांत में हुई संक्षिप्त गुप्त वार्ता के बाद इस चर्चा ने ज़ोर पकड़ लिया है कि वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। यदि वरुण कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति अपेक्षकृत काफ़ी मज़बूत हो सकती है। हालांकि भाजपा ने शुरूआती दौर में वरुण गाँधी द्वारा दिये गये उनके कुछ विवादित बयानों के बाद उन्हें हिन्दू युवा नेता के रूप में प्रचारित करने की कोशिश ज़रूर की थी। परंतु वरुण भाजपा की उस उम्मीद पर इसलिये खरे नहीं उतर सके क्योंकि उनके डी एन में ही नेहरू गांधी परिवार का धर्मनिरपेक्षता का रक्त प्रवाहित हो रहा है न कि संघ की विचारधारा का। वैसे भी नेहरू-गांधी परिवार को इस हद तक अपमानित करने के बाद वरुण गांधी का भाजपा में और देर तक बने रहना भी स्वाभाविक प्रतीत नहीं होता।

इसी तरह कांग्रेस पार्टी,तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर भी कोई चौंकाने वाला क़दम उठा सकती है। ग़ौर तलब है कि इस समय उद्योगपति गौतम अडानी की कथित आर्थिक अनियमिताओं को लेकर जितना राहुल गांधी मुखरित हैं उतना किसी अन्य घटक का कोई नेता नहीं। हाँ दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के बाद सांसद महुआ मोइत्रा ने ज़रूर इस विषय पर अपनी आवाज़ बुलंद की। इसके बाद राहुल की संसद की सदस्यता समाप्त करने से लेकर संजय सिंह का जेल जाना,अरविन्द केजरीवाल पर जेल जाने की तलवार लटकने से लेकर महुआ मोइत्रा की सांसदी छीनने के प्रयास तक,सब कुछ देश देख रहा है। साथ ही यह भी सर्वविदित है कि महुआ मोइत्रा के समर्थन में उनके साथ खड़े होने की जो भूमिका उनकी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अदा करनी चाहिये वह भूमिका राहुल गांधी ने अदा की। ख़बरों केअनुसार अडानी पर ममता की ख़ामोशी उनकी मजबूरी है क्योंकि अडानी बंगाल में विश्व के दूसरे सबसे बड़े कोल ब्लॉक को हासिल करने की कोशिश में हैं।वीरभूम ज़िले का देउचा पचामी कोयला ब्लॉक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कोल ब्लॉक है। इसे लेकर ममता के साथ अडानी व उनके पुत्र की भी मुलाक़ात होने की ख़बर आई थी। इसीलिये तृणमूल कांग्रेस न तो महुआ के समर्थन में सामने आई न ही उनका विरोध किया जबकि राहुल गांधी इस मुद्दे पर पूरी तरह महुआ मोइत्रा के साथ खड़े दिखाई दिये। तभी से इस चर्चा ने भी ज़ोर पकड़ लिया है कि क्या महुआ मोइत्रा कांग्रेस में शामिल होकर बंगाल में दशकों बाद कांग्रेस को एक आक्रामक व जुझारू नेता मिलने की संभावना है ? यदि ऐसा हुआ तो बंगाल में भी कांग्रेस की स्थिति पहले से काफ़ी बेहतर हो सकती है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना आदि राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों में कांग्रेस के बुलंद हौसले और संगठनात्मक मज़बूती के लिये उत्तर प्रदेश से लेकर बंगाल तक कांग्रेस द्वारा रचे जा रहे चक्रव्यूह से यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या कांग्रेस धमाकेदार वापसी की इबारत लिखने जा रही है ?



**तनवीर जाफ़री**

# फ्री की घोषणा चुनाव वाले राज्यों में ही क्यों?




ताज्जुब की बात है कि हर पार्टी दूसरी पार्टियों की फ्री की घोषणाओं का विरोध करती है और वही पार्टी दूसरे राज्यों यानि कि जहां चुनाव होने हैं वहां फ्री की घोषणा करने की लाइन लगा देती है। हालांकि फ्री का कल्चर नया नहीं है। जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय से ही गरीबों के लिए तमाम फ्री या सस्ते दामों में सामान देने की योजनाएं चलाई जाती रही हैं। और उस समय पर किसी ने इसका विरोध भी नहीं किया था। आज फिर से ये योजनाएं चुनावों को जीतने में हथियार के रुप में प्रयोग में लाई जाने लगी हैं। इसमें सबसे बड़ी हास्यास्पद स्थिति यह है कि जहां एक पार्टी फ्री की घोषणाएं करती है तो दूसरी पार्टी उसका विरोध करती है और विरोध करने वाली पार्टी दूसरे राज्यों में जहां चुनाव होने हैं वहां स्वयं फ्री की घोषणाएं करते में आगे रहना चाहती है। फ्री की घोषणाओं में सर्वाधिक लाभ अरविंद केजरीवाल ने लिया है। जब उन्होंने मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी और दिल्ली की महिलाओं को बस में फ्री की यात्रा की घोषणा कर कांग्रेस से दो राज्य दिल्ली और पंजाब छीन लिया।

इस समय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। और राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में चुनाव होने हैं। लेकिन इन चुनावों के दौरान सभी दलों के द्वारा खूब फ्री की रेवड़ियों की घोषणा की गई। अब यह जरूरी नहीं है कि ये घोषणाएं किस हद तक पूरी होगी। लेकिन जनता को आश बराबर लगी रहती है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस और भाजपा द्वारा तमाम ऐसे घोषणाएं महिलाओं के लिए की गई जिसमें महिलाओं को नकद धनराशि उनके खाते में पहुंचाने का वायदा किया गया। इसी तरह राजस्थान में गैस सिलेंडर, सस्ती बिजली और नगद राशि की तमाम घोषणाएं की गई। तेलंगाना की 119 सीटों पर 30 नबंवर को मतदान होना है और उससे पहले कांग्रेस ने वहां अपना घोषणापत्र % अभय हस्तम% जारी कर दिया। तेलंगाना के लिए पार्टी ने 42 पन्ने वाला घोषणा पत्र जारी किया जिसमें 6 गारंटी सहित तमाम घोषणाएं की गई। महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500, वहां 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा, सभी घरों में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी, 10 लाख के स्वास्थ्य बीमा की घोषणा की गई है। चेयुता के तहत पात्र लाभार्थियों को 4000 की सामाजिक पेंशन मिलेगी, रायतू भरोसा के तहत हर साल किसानों को 15000 की निवेश सहायता दी जाएगी। खेतों में काम करने वाले मजदूरों को 12000 रूपए दिए जाएंगे।

बात यहां तक तो सही है कि बेसहारा, गरीब और मजलूमों को सरकारी सहायता मिलना चाहिए। लेकिन 200 यूनिट तक बिजली फ्री क्यों। बिजली के रेट कम करके ये सुविधा सभी को प्रदान की जा सकती है। यह निश्चित है कि ये जितनी फ्री की घोषणाएं हैं इनका सीधा इफेक्ट मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। अब वो चाहे टैक्स के रुप में हो टोल के रुप में हो या महंगाई के रुप में हो। सहना मध्यम वर्ग को ही है। जब कि इन गरीबों की योजनाओं की सही से क्रियान्वयन न होने के कारण तमाम मध्यम वर्ग भी ऐसे हैं जो धोखा देकर इसका लाभ उठा रहे हैं। और गरीबों के पेट पर लात मारने का काम कर रहे हैं। यदि कांशीराम आवास योजना को ही देख लें तो इसमें बहुत से ऐसे लोगों को लाभ मिला है जो वास्तव में नहीं मिलना चाहिए। और वो इन आवासों को किराए पर उठाकर अपने मकान में रह रहे हैं। इस तरह के तमाम मामले देखने को मिले हैं।

इन पांच राज्यों के चुनावों में तीन में मुकाबला सीधे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के ही बीच में है और दोनों और से ताबड़-तोड़ फ्री की घोषणाओं की लाइन लगा दी गई। कांग्रेस शासित राज्यों में जो कांग्रेस नहीं कर सकी वह उन राज्यों में घोषणा कर रही है जहां दूसरी पार्टियों की सरकारें हैं। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी जो मध्यप्रदेश में नहीं कर सकी वो घोषणा वह अन्य राज्यों में कर रही है। कहने का मतलब केवल चुनाव जीतने की लिए फ्री की घोषणाओं का अंबार लगाया जा रहा है। गरीबों के लिए फ्री राशन को 5 वर्षों के लिए और बढ़ाने की घोषणा कर दी गई है। क्यों इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद लोकसभा चुनाव होने हैं अतः भारतीय जनता पार्टी किसी वर्ग को नाराज़ करने के पक्ष में नहीं है।

कांग्रेस की सरकार दिल्ली और पंजाब में थी उस समय कांग्रेस को कुछ भी फ्री देना अच्छा नहीं लग रहा था। लेकिन इन घोषणाओं से आम आदमी पार्टी ने दोनों राज्यों को कांग्रेस से छीन लिया। अब जब भी दिल्ली और पंजाब में चुनाव होंगे तो निश्चित ही कांग्रेस फ्री की तमाम घोषणाएं लेकर चुनाव में कूद जाएगी। अब यह प्रचलन चल गया है कि कोई भी दल इन घोषणाओं से नहीं बच सकता। और यह निश्चित है कि इसका काफी असर देश की मध्यम वर्ग पर ही पड़ेगा।



**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

# दैनिक राशिफल 20/11/2023




1.मेष

जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबारी बड़े निर्णय ले सकते हैं। स्थायी संपत्ति में वृद्धि तथा बड़ा लाभ हो सकता है। नौकरी में प्रमोशन तथा रोजगार की प्राप्ति संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। बाहरी व्यक्ति पर ध्यान दें।

2.वृष

घर के वृद्धजनों पर विशेष ध्यान देना होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धनार्जन होगा। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। व्यस्तता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए काम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्र व संबंधी सहयोग प्रदान करेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

3.मिथुन

प्रॉपर्टी के कार्य लाभदायक रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। जल्दबाजी न करें।

4.कर्क

दांपत्य जीवन में खुशी रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिल सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कारोबारी क्षमता तथा आमदनी में वृद्धि के योग हैं।

5.सिंह

थोड़ी कोशिश से ही कार्यसिद्धि होगी। समाज में पूछ-परख बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बाहर जाने का मन बनेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रतिष्ठित व्यक्ति सहयोग करेंगे।

6.कन्या

मित्र, संबंधी व परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। यात्रा सफल रहेगी। बौद्धिक कार्य पूर्ण लाभ देंगे। थकान रहेगी। विरोध होगा। मातहतों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। कोई अपरिचित मार्गदर्शक मिल सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। गरीबों को भोजन कराएं।

7.तुला

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। किसी के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। अपरिचितों पर अतिविश्वास बड़ी हानि दे सकता है। पार्टनरों से मतभेद तनाव दे सकता है। समय पर काम पूर्ण नहीं होने से चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

8.वृश्चिक

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए काम प्रारंभ करने का मन बनेगा। प्रसन्नता रहेगी। परिवार में मतभेद हो सकता है। विवाद न करें।

9.धनु

पारिवारिक मित्र व संबंधियों का आगमन होगा। अच्छी खबर प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। विवाद से क्लेश हो सकता है। पुरानी व्याधि उठ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। संपत्ति व मशीनरी आदि के नवीनीकरण पर खर्च अधिक हो सकता है जिसका तत्काल लाभ नहीं होगा।

10.मकर

घर में सहयोग नहीं मिलेगा। उत्तेजना व क्रोध पर नियंत्रण रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें। भागदौड़ रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेमतलब आरोप लग सकते हैं। व्यवसाय धीमा चलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

11.कुंभ

अपनों का व्यवहार पसंद नहीं आएगा। बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कार्यों में अवरोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रयास करते रहें।

12.मीन

घर-बाहर मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत रंग लाएगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर से दूर प्रवास की योजना बनेगी। आय में वृद्धि होगी। आकांक्षाएं पूर्ण होने के योग हैं। मित्र व संबंधी के साथ समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार**

# संक्षिप्त ख़बरें

## जटहां थाना परिसर की हुई सफाई, ग्राउंड के फूल पौधे लगा रहे चार चाँद



**कुशीनगर।** आज लोक आस्था का महापर्व डाला छठ के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के थाना जटहां बाजार इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी एवं समस्त पुलिस स्टॉप द्वारा श्रमदान कर बेहतरीन तरीके से थाना परिसर की स्वच्छ साफ-सफाई की गयी। यहा परिसर में विभिन्न प्रकार के लगे फलदार पेड़ पौधे क्यारियों में लगे कृत्रिम फूल पत्तियों की स्वच्छ सफाई होने पर, थाना परिसर की खूबसूरत फुलवारी वन पर्यावरण वातावरण सबको मनमोहक और आकर्षित कर रही है, थाना परिसर तो अपना आकर्षण बिखेर ही रहा है ग्राउंड हर तरफ स्वच्छता की प्रतिक बनी परिसर हर तरफ बागवानी की हरियाली और छटा बिखेर रही कृत्रिम फूल पौधे थाने आने वाले लोगों के दिलों पर छा रही है।

## नौ बोरी आलू से निकला 44 पेटी केन बीयर, तीन तस्कर गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना कोतवाली प्रभारी सुशील कुमार शुक्ला उप निरीक्षक गौरव कुमार वर्मा चौकी प्रभारी बांसी मुख्य आरक्षी सुनील कुमार सिंह देवेन्द्र यादव उपेन्द्र सिंह आरक्षी ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी की पुलिस टीम द्वारा बहद ग्राम चौकी बांसी से बिहार बार्डर के बैरियर की तरफ पिकअप वाहन यूपी 52 एटी 5936 से नौ बोरी आलू के साथ छिपाकर ले जायी जा रही कुल 44 पेटी में 1056 केन बीयर शराब प्रत्येक 500 ग्राम कुल 528 लीटर वाहन सहित कुल कीमत लगभग 09 लाख 55 हजार रुपये के साथ अभियुक्त राजू सिंह पुत्र बच्चा सिंह साकिन बिनकटवा थाना सुगौली जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 1108/2023 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## छठ घाट पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया गया जागरूक

**देवरिया 19 नवंबर।** चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत एईआरओ विधानसभा 337- देवरिया सदर विजयपाल नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में अध्यापकों ने विभिन्न छठ घाटों पर बैनर लगवाकर मतदाता बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। प्रमुख छठ घाट लक्षीराम पोखरा, देवरही मंदिर घाट, सोमनाथ मंदिर घाट पर स्वयं की देख रेख में बैनर लगवाया तथा लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित किया? तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी हेतु यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो जुड़वाने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क कर फार्म 6 के माध्यम से नाम जुड़वा लें। यदि वे अपने विधानसभा से इतर विधानसभा में निवास करते हैं तो फार्म 8 के माध्यम से नाम को स्थानांतरित करा लें। एसडीएम देवरिया सदर विपिन द्विवेदी ने बताया कि स्वीप के अन्तर्गत गतिविधियों से मतदाताओं में जागरुकता आती है। जो युवा अभी तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए हैं वे इस अभियान का लाभ उठाए।

## व्रती महिलाओं ने अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मुरादें



**देवरिया।** व्रती महिलाओं ने सूर्य षष्ठी पर अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की कुशलता को लेकर मुरादें मांगी। पतित पावनी सरयू नदी के तट सहित पूरे जिले के घाटों पर व्रती महिलाओं ने भगवान सूर्य की उपासना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था समेत घाटों की साफ सफाई का नगर पालिका प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था कराई गई थी। शहर के परमार्थी पोखरा, लक्षी राम पोखरा सहित हनुमान मंदिर पोखरे पर व्यापक मंच व ड्रोन कैमरों से मानिट्रिंग कराई गई। इस दौरान मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि जनपद के विभिन्न घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस को चुस्त दुरुस्त रखे जाने का निर्देश दिया गया है। घाटों पर व्रती महिलाओं समेत आम जन की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। ड्रोन कैमरों से भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कराई जा रही है।

# खजनी में व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी।** छठमहापर्व पर रविवार सायं तहसील क्षेत्र अंतर्गत नदी, नालों, तालाबों, सरोवरों एवं जलाशयों के किनारे बने घाटों पर व्रत धारियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की आराधना कर अपने एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुये जल में प्रवेश कर सूर्य को अ?र्घ्य दिया। इस दौरान घाटों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीएम राजू कुमार एवं सी ओ अंजनी कुमार पांडेय अपनी -अपनी टीम के साथ चक्रमण करते देखे गये। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की ओर से निगरानी की जा रही थी। घाट पर हर तरफ छठ मैया के गीत गूंज रहे थे। लोग ढोल-नगाड़े की थाप पर नृत्य कर रहे थे। वहीं सोमवार सुबह को व्रतधारियों द्वारा दूसरा अर्घ्य फल के साथ उगते हुए सूर्य को दिया जाएगा।

ऐसे की पूजा ~ इसअवसर पर व्रतधारियों ने लोटे में दूध या गंगाजल मिले जल से सूर्य छठी मइया को अर्घ्य दिया गया। 5 से 7 बार प्रदक्षिणा भी की। इसके उपरांत बांस से बने सूप में ठेकुआ, सेव, केला, संतरा, नारियल, पताशा, सिंघाड़ा, हल्दी, अदरक, मूली, गन्ना कचवनिया को सजा कर दीपक जला कर अस्त होते सूर्य की आरती कर सुख समृद्धि की कामना की। रात में छठ घाट पर सुंदरकांड पाठ कि क्षेत्र के अक्टहवा बाबा मंदिर जमुरा नाला, भरोहियां गांव के जएश्वरनाथ शिव मंदिर,



बिहारी बुजुर्ग, डोड़ो, सतुआभार, कटया, सुरैनी, सिसवा-सोनबरसा, खजूरी, रकौली, बंग्ला पांडेय, हरनहीं, आशापार, उसवां, कोटियाडाड़, रामपुर पांडेय, जताई, रेक्सानारा सरया तिवारी, भीटी-भगवानपुर, भखरा, भेलंदरी समेत दर्जनों गांवों के जलाशयों पर उमड़ा आस्था का जन-सैलाब उमड़ पड़ा।

# कुशीनगर- पुलिस की नजर में संपन्न होगी छठ घाटों पर लगने वाली भीड़ की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात



**पडरौना,कुशीनगर।** लोक आस्था का छठ महापर्व पर घाटों पर लगने वाली भीड़ पर सुरक्षा व्यवसथा के मद्देनजर सीओ सदर उमेश कुमार भट्ट ने शुक्रवार को सदर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक कर सौहार्दपूर्ण ढंग से छठ पर्व मनाने का निर्देश दिए । सीओ ने पर्व को लेकर मातहतों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने बताया कि छठ घाट की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। ड्रोन कैमरे से पूरे त्योहार को कैमरे में कैद कर होने वाली घटना पर नजर रखी जाएगी। उन्होने कहा की हाइकोर्ट के आदेश के अनुपालन के साथ नई परंपरा की शुरुआत न करने की बात कही। छठ घाट पर मौजूद रहने वाले आयोजकों से वार्ता कर उनकी समस्या जानी।

**बोले कोतवाल- आपकी सुरक्षा के लिए पुलिस हर समय तैयार**

नवागत कोतवाल सुशील कुमार शुक्ला ने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है। कहा की आप लोग भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाए। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई तय है। पडरौना शहर के राम धाम पोखर छठ घाट और बेलवा जंगल छठ घाट समेत नवका टोला छठ घाट कला में छावनी और ग्रामीण क्षेत्र के छठ घाट स्थल पर पुलिस लगाई गई है,जहां पर पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक अनुराग शर्मा, बासी चौकी इंचार्ज,गौरव वर्मा, उत्तम सिंह,महिपाल चौहान,दूधनाथ वर्मा, सुशील श्रीवास्तव श्रीनिवास चौहान, संतोष श्रीवास्तव,रवि श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि वाजिद अली,ग्राम प्रधान अनवर, राजकुमार यादव,कर्मवीर यादव, प्रेमचंद रौनियार, आदित्य विश्वकर्मा, सत्येंद्र जायसवाल, मनोज अग्रवाल, अर्जुन कुशवाहा, नितेश कुमार सिंह, नागेश्वर कुशवाहा, विशाल श्रीवास्तव, रमेश पटेल ,आलोक चौरसिया ,दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# देवेंद्र कुमार सिंह को हिंदू महासंघ के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य बनाये जाने से क्षेत्र खुशी

स्वतंत्र प्रभात

**सिकरीगंज /गोरखपुर** विश्व हिंदू महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अस्मिता भंडारी ने उरुवा ब्लाक के ग्राम पंचायत दुघरा निवासी विश्व हिंदू महासंघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह को अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी समिति का सदस्य नियुक्त किया है। देवेंद्र कुमार सिंह विश्व हिंदू महासंघ दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष को नेपाल राष्ट्र के काठमांडू केंद्रीय कार्यालय से जारी पत्र में अस्मिता भंडारी ने कहा है कि देवेंद्र कुमार सिंह ने विश्व हिंदू महासंघ को बढ़ावा देने के लिए अनेक पुनीत कार्य किए है। महासंघ में विशेष योगदान के लिए इन्हें अंतर्राष्ट्रीय कार्य समित का कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया गया है। हिंदी हिंदुत्व को बढ़ावा देना जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय कार्य समिति कार्यकारी सदस्य नियुक्त होने पर श्री देवेंद्र कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, उपाध्यक्ष डा जयहिंद मौर्या, स्मपूर्णानंद सिंह, कैलाश सिंह, अनिल अग्रहरी, पूनम कसौधन, प्रदीप कसौधन्न,दुर्गेश पटवा,हरी प्रसाद,ओंकार गुप्ता, दीपक पूरी,अमित पांडेय, कृष्णा सिंह,



रामकेश सिंह,उमेश जायसवाल,मनोज निगम, वीके प्रजापति, यतींद्र सिंह,आदि ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

# बौद्ध संग्रहालय में विश्व धरोहर छाया चित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत संग्रहालय द्वारा 19 नवम्बर को विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवम्बर के अवसर पर स्मारकों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ विवेक श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षण संकाय, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर द्वारा किया गया।उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप मे बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के शिक्षण संकाय डॉ चन्द्र प्रकाश सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने विरासत और धरोहरों की सुरक्षा तथा संरक्षण करना हम सभी का दायित्व हैं।वे हमें अपने गौरवपूर्ण अतीत का बोध कराती है।प्रदर्शनी में भारत एवं विश्व के प्रमुख स्मारकों जैसे माचू पिचू,चीन की दीवार, रोम का कोलोसियम,मिस्त्र के पिरामिड, एफिल टावर, लाहौर का मुगल गार्डेन, ताजमहल और देश के विविध धार्मिक स्मारकों, किलों,मकबरों आदि को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया है।दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित मन्दिर एवं राजस्थान के किलों के छायाचित्र विशेष आकर्षण का केंद्र है।प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों में सांस्कृतिक विरासत और स्मारकों की सुरक्षा तथा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।उक्त जानकारी राजकीय बौद्ध संग्रहालय अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने दी हैं। कार्यक्रम का संचालन तेज प्रताप शुक्ला ने किया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार



संग्रहालयाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने किया।उक्त प्रदर्शनी 25 नवम्बर तक प्रत्येक कार्यदिवसों में जनसामान्य के अवलोकनार्थ हेतु जारी रहेगी।इस अवसर पर श्रवण कुशवाहा, धीरेंद्र मिश्रा, महेश कानू, गोविंद, दिलीप निगम, हरिचंद यादव, नितेश कुमार, ललित कुमार,रामप्रकाश सोनकर, विकास एवं विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती,दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर-बुदहट कैंप कार्यालय पर भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में आयरन लेडी इंदिरा गांधी को विशेष रूप में याद रखा जाता है।

उनकी महानता इतनी थी कि विपक्ष के नेता होते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने ने उन्हें दुर्गा का अवतार की संज्ञा दी थी। इसी क्रम में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ शुक्ला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक तेज तर्रार,त्वरीत निर्णयक क्षमता और लोकप्रियता ने इंदिरा गांधी को देश और दुनिया की सबसे ताक़तवर नेताओं में शुमार कर दिया। इंदिरा गांधी के तीन कार्य के लिए देश सदैव याद करता है। पहला बैंको का राष्ट्रीयकरण, दूसरा पाकिस्तान को पराजित कर बंग्लादेश का करने एवं तीसरा राजा-राजवाड़ी प्रथा को समाप्त करना। और इसके साथ देश को विकास गति प्रदान करने का एतिहासिक कार्य रहा । इस अवसर पर सुदर्शन शुक्ला, देवी शरण यादव, ज़ाहिद अंसारी, राममिलन शर्मा, संजय कुमार, मनोज पाल, हमीर हमजा, विजय शुक्ल, गुड्डु गुप्ता, विवेक कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# अवैध कमला पसंद गुटका फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलास

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जनपद के थाना रामकोला प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह उप निरीक्षक कन्हैया लाल यादव ,मृत्युंजय सिंह मुख्य आरक्षी राजनाथ सिंह लक्ष्मन सिंह आरक्षी वृजेश सिंह शिवा सिंह शुभेन्द्र उपध्याय शिवबदन यादव हिमान्सु सिंह जय हिन्द यादव जितेन्द्र कुमार महिला आरक्षी मोनिका सिंह द्वारा चन्दरपुर लक्षिया के पास से थाना रामकोला पुलिस टीम द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त सुरेश कुशवाहा पुत्र बसन्त कुशवाहा ग्राम चन्दरपुर बरवा छावनी, रामनगीना कुशवाहा पुत्र रामजीत कुशवाहा ग्राम कुसुम्हा टोला भगवानापुर, भानू प्रताप कुशवाहा पुत्र रामचन्दर कुशवाहा निवासी चन्दरपुर लक्षिया थाना रामकोला को गिरफ्तार कर उनके पास से 215 पैकेट जर्दा केपी डबल ब्लैक, 182 अदद कमला पसन्द खाली पैकेट रेपर, 16 किग्रा एक बोरी मे तैयार शुदा गुटखा, 9 किग्रा सुपारी कटी तथा गुटखा बनाने का अवैध उपकरण जिसकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं 460/23 धारा



419/420/467/468/ 471/473/486 भादवि व 63 कॉपी राईट एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गोरखपुर में छ्ठ व्रती महिलाएं डूबते हुए सूरज को दि अर्ध

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** आस्था के महापर्व छठ पर्व पर व्रती महिलाएं अपने-अपने नजदीकी घाटों पर पहुंचकर डूबते हुए सूर्य को अर्ध दी इस दौरान जनपद के आला अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए निगरानी कर रहे थे राजघाट रामगढ़ ताल गोरखनाथ मंदिर मानसरोवर महेशरा मीरपुर जंगल बाकी भट्ठा चौराहा सहित अन्य जगहों पर वर्ती महिलाओं ने डूबते सूरज को अर्ध दी जहां सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था एनडीआरएफ और एसडीआरएफ गोताखोर पुलिस के जवान बराबर निगरानी बनाए हुए रहे इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार आईजी रेंज जे रविंद्र गौड़ मंडलायुक्त अनिल ढींगरा जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई अपर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा निरंकार सिंह शिवपूजन यादव एसपी दक्षिणी अरुण कुमार



सिंह एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी सहित जनपद के सभी सी ओ अपने अपने सर्किल में क्षेत्र में मुस्तादी के साथ अपनी दायित्व का निर्वहन करते हुए घाटो पर मुस्तैद रहे।

# देवरिया में दिल दहलाने वाला हादसा

**● - ट्रक चालक ने स्कूटी सवार पति-पत्नी को रौंदा,मौत**

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** देवरिया जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में छठ महापर्व के दिन एक दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई। रोड एक्सीडेंट में ट्रक चालक ने स्कूटी सवार पति-पत्नी को रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनगर के ललाटोली वार्ड निवासी मुर्तजा अपनी पत्नी सकीना खातून को लेकर बेटी की शादी का कार्ड देने अपने रिश्तेदारी में कपरवार घाट जा रहे थे। अभी वे महेन पहुंचे थे कि सामने से आ रही बालू लदे ट्रक के ड्राइवर ने सामने से ठोकर मार दी। जिससे पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी ट्रक में फंसकर लगभग 4 किलोमीटर दूर बरांव तक आ गई। अनियंत्रित ट्रक ड्राइवर ने बंराव चौराहे पर ट्राली में टक्कर मारी। सूचना पाकर



पहुंची मदनपुर पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 19 नवंबर 1988 को जनपद का हुआ था स्थापना

**● - जनपद के स्थापना दिवस कार्यक्रम का मुख्य विकास अधिकारी ने किया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ** के मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा जनपद के स्थापना दिवस का कार्यक्रम जीवन राम छात्रावास के मैदान (सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज) में सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोक कल्याण तथा जन जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर बताया गया कि जनपद की स्थापना 19 नवंबर 1988 को हुआ था, तब से जनपद निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है उन्होंने बताया कि अच्छे कार्य के निर्माण में अच्छे व्यक्ति के व्यक्तित्व की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिस प्रकार जनपद के स्थापना में स्व0 कल्पनाथ राय की रही। जनपद के विकास की कड़ी में उन्होंने बताया कि मऊ जनपद से कई अन्य जनपद विकास के मामले में पीछे हैं। जिस प्रकार जनपद का विकास हो रहा है निश्चित रूप से स्व0 कल्पनाथ राय जी का सपना एक न एक दिन पूरा होता हुआ दिखाई देगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय मनोज राय द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का सुप्रसिद्ध एवं औद्योगिक दृष्टि से समुन्नत जनपद मऊ का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि इसी तमसा तट पर कवि महर्षि वाल्मिकी का आश्रम था। जब यह इलाका घोर घना जंगल था। यहाँ बहने वाली नदी के आस-पास जंगली व आदिवासी जातियाँ निवास करती थीं। यहाँ के सबसे पुराने निवासी नट माने जाते है। इस इलाके पर उन्हीं का शासन भी था। उन दिनों इस क्षेत्र में मऊ नट का शासन था। कब्जे को लेकर मऊ नट एवं मलिक बंधुओं के बीज भीषण युद्ध हुआ, जिसमें मऊ नट का भंजन (मारा गया) हुआ और इस क्षेत्र को मऊ नट भंजन कहा गया जो कालान्तर में मऊनाथ भंजन हो गया। स्वर्गीय कल्पनाथ राय द्वारा मऊ को जनपद बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी, लम्बे प्रयासों के बाद 19 नवंबर 1988 को इसकी स्थापना स्व0 कल्पनाथ राय द्वारा की गई। उनकी सोच थी कि मऊ को कमिश्नरी बना दिया जाए लेकिन उनका सपना अधूरा रह गया उन्होंने कहा



कि अगले वर्ष जनपद के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम कराए जाएंगे, जिससे जनपद के आसपास के लोग भी जागरूक होंगे। अंत में छठ त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जनपद वासियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को बधाई दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी/प्रोवेशन अधिकारी अनुज कुमार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। सोनी धापा बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री, जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं तथा जनपदवासी उपस्थित रहे।

## मऊ में अस्था का पर्व छठ पूजा पर घाटों पर उमड़ा जनसैलाब महिलाओं ने अस्तगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ** जनपद के विभिन्न जगहों पर छठ पूजा आयोजन हुआ जिसमें, कोपागंज, कसारा,महुआर,रईसा,अदरी, बाड़ा, शाहपुर, अलीनगर सहित तमाम छठ घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। तमाम छठ घाटों पर श्रद्धा व भक्ति के इस संगम से माहौल में भक्ति का रस घुला रहा। उदीयमान भास्कर को अ?र्घ्य दिए जाने के साथ ही सोमवार को चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत का समापन हो जाएगा। रविवार को ग्रामीण इलाके में मौजूद छठ घाटों पर व्रत धारण करने वाली महिलाएं छठ गीत गाती पहुंची। इस बीच व्रत धारण करने वाली महिला ने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचकर छठी मईया व भगवान सूर्य की पूजा अर्चना की। शाम के चार बजे से ही पूजा अर्चना का यह दौर प्रारंभ हो गया। शाम तक तमाम छठ घाटों पर महिलाएं पूजा अर्चना में लगी रहीं। भगवान सूर्य के अस्त होने के समय महिलाओं ने उन्हें अ?र्घ्य अर्पित किया। इस बीच परिवार के सभी सदस्य भी पूजा अर्चना के दौरान बनाए गए घाट पर मौजूद रहे। छठ पूजा के दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे छठी मइया के गीतों से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहा। मान्यता व पौराणिक कथाओं के अनुसार सूर्य षष्ठी की उपासना का अलग महत्व है। पुत्र की रक्षा, उन्नति एवं सुख व शांति के लिए माताएं अस्ताचल व उदीयमान सूर्य को अ?र्घ्य देकर व्रत को पूरा करती हैं।

**दोपहर बाद तक चलती रही खरीदारी**

छठ को लेकर रविवार को दोपहर तक लोग खरीदारी करते देखे गए। छठ पूजा को लेकर बाजार में सामानों की खरीद में एक ओर जहां लोग लगे रहे वहीं दूसरी ओर कोसी पूजन के लिए ईख के इंतजाम में परिवार के बढ़े बुजुर्ग लगे दिखे। शाम के चार बजे तक कोसी पूजन को लेकर लोग दूर दराज के इलाकों से ईख



लेकर आते दिखे।

**रात में घरों में किया गया कोसी पूजन**

रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अ?र्घ्य दिए जाने के बाद रात में महिलाओं ने घरों में कोसी का पूजन किया। पूरी रात महिलाओं ने अपने घर में गन्ना रखकर छठी मइया की पूजा अर्चना की। इस बीच घरों में भी छठी मईया के गीत के कारण माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर कोपागंज नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि अरशद वारसी, श्रीराम जयसवाल, बुद्धिराम राजभर, लक्ष्मण गुप्ता, सत्यम जयसवाल, आदि रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

स्वतंत्र प्रभात

**मऊ करहाँ,** मुहम्मदाबाद गोहना, मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक के देवरिया खुर्द गांव के प्राचीन शिव मंदिर व जलाशय के पास भव्य कलश यात्रा के साथ सप्तदिवसी य भागवत कथा की शुरुआत हुई। यह अमृत ज्ञान कथा रविवार को हवन, पूर्णाहुति व महाभंडारे के साथ संपन्न होगी। यह कलश यात्रा रविवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे पंडित पवन गौतम शास्त्री के नेतृत्व में शुरू हुई। यज्ञ के मुख्य यजमान धर्मनाथ सिंह ने पत्नी सहित गांव कुटुंब के साथ लड्डू गोपाल का अभिषेक अर्चन किया। इसके बाद कलश माथे पर रखी पीत वस्त्र धारण की हुई 108 कन्याओं के साथ गांव के प्राचीन शिवालय के जलाशय पर विधिविधान पूर्वक वरुण पूजन किया गया। पूजन उपरान्त जल भरकर गाजे-बाजे, ध्वज-पताके सहित जयघोष करते हुए इस कलश यात्रा ने गांव का चक्रमण किया। वापस आकर वैदिक रीति से आचार्य ने जल कलश की यज्ञ मंडप में प्रतिष्ठा कराई एवं यजमान को मंडप प्रवेश कराके खोडशोपचार विधि से वेदी पूजन कराया। भव्य कलश यात्रा में मुख्य रूप से जगन्नाथ पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, विद्यावती देवी, जीउत यादव, रमाकांत सिंह,



मिंटू देवी, बृजेश यादव, नीतू सिंह, रामजी सिंह, शिवशंकर बारी, अवधेश सिंह, राधा रानी, प्रवीण सिंह, कन्हैया कश्यप, मनोज कुमार, रानू सिंह, अंजली सिंह, रामदुलार यादव, रामसागर, सत्यम सिंह, आदित्य प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

# छठ महापर्व पर आस्था के साथ व्रती महिलाओं ने विधि विधान से भगवान सूर्य की किया उपासना

स्वतंत्र प्रभात

**सलेमपुर, देवरिया।** छठ पूजा के पर्व पर रविवार शाम को नदावर घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ा। लोगों ने विधि विधान से पूजन कर एक दूसरे को त्योहार की बधाई दी। हर किसी में पर्व का उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर सूर्य देवता को नमन किया। उक्त अवसर पर राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने नदावर घाट एवम लार में बने वेदी पर पूजा अर्चन किया। अस्त होते हुए सूर्य को दीप दिखाकर प्रसाद अर्पित कर दूध व जल चढ़ाया गया एवं दीप जल में प्रवाहित किए। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि छठ पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भारी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा करने के लिए पहुंचते है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सूर्य उपासना के लिए किया जाता है, ताकि पूरे परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहे।

छठव्रती या श्रद्धालु श्रद्धाभाव से छठव्रत करते हैं तो उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर रामेश्वर सिंह,अवधेश



यादव,अमरनाथ सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादवअजय दूबे वत्स,नागेन्द्र गुप्ता,अमित गुप्ता,पुनीत यादव,विजयबहादुर गुप्ता,चन्द्रशेखर कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# तिहरे खतरे के खिलाफ जापान की तैयारी

**स्वतंत्र प्रभात**

जापान ने रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया की जुगलबंदी से बढ़ रहे खतरे के खिलाफ सैन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार से जापान की फौज ने देश के दक्षिण-पश्चिम द्वीप टोकुनोशिमा पर स्पेशल मिलिट्री यूनिट को 11 दिन की एक्सरसाइज के लिए भेज दिया।

यह आईलैंड पूर्वी चीन की सीमा के काफी करीब है और चीन की नेवी अकसर इस क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश करती है। नॉर्थ कोरिया की कुछ मिसाइलें टेस्ट के दौरान इसी इलाके में गिरी थीं और जापान ने इस पर सख्त ऐतराज जताया था।

### चीन पर ही फोकस

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस एक्सरसाइज के जरिए जापानी सेना का पहला मकसद चीन को काउंटर करने की तैयारी करना है। इसकी वजह यह है कि साउथ चाइना सी की तर्ज पर चीन की नेवी इस इलाके में भी धीरे-धीरे दायरा बढ़ाने की कोशिश कर रही है। अब तक चार मौके ऐसे आए जब जापान की फिशिंग ट्रॉलर्स को चीन की सेना ने रोकना चाहा। हालांकि, बाद में बातचीत से मामला सुलझ गया था।

जापान सेना ने इस एक्सरसाइज 'मुस्तैदी' नाम दिया है। इसके साथ ही नेवी और एयरफोर्स भी अलग-अलग इलाकों में मिलिट्री ड्रिल कर रही हैं। कुछ दिन पहले इसके लिए कोड नेम 05जेएक्स नाम दिया गया था। इस एक्सरसाइज का मकसद जापान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को महफूज रखने के अलावा न्यूक्लियर प्लांट्स का फूल प्रूफ प्रोटेक्शन भी है।

जापान की सेना के चीफ ऑफ स्टाफ योशिहिदे योशिदा ने कहा- ड्रिल के जरिए हम यह परखने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर इमरजेंसी के हालात बनते हैं, बाहर से कोई हमला होता है तो हमारा जवाब और तैयारी कैसी रहेगी।

### देश में बनी स्पेशल बोट्स का इस्तेमाल

जापान की मिलिट्री इस एक्सरसाइज में दो और बड़े काम करने जा रही है। इस एक्सरसाइज में उसके साथ अमेरिकी सेना नहीं है। जापान ने हाल ही में कुछ नेवी व्हीकल या कहें मिलिट्री बोट्स तैयार की हैं। ये हाईली एडवांस्ड और सिक्स्थ जेनरेशन वाली बोट्स हैं। इन्हें सेल्फ डिफेंस फोर्स यूनिट के हवाले किया गया है और इस एक्सरसाइज में इन बोट्स का पहली बार इस्तेमाल किया जाएगा।

इन बोट्स या मिनी शिप्स के अलावा जापान की नेवी खास तरह की रबर बोट्स का भी ऑन ग्राउंड टेस्ट करेगी। इन बोट्स में अहम ये है कि इन्हें कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है और जरूरत होने पर काफी तेजी से पैक भी किया जा सकता है।



**नेवी पर फोकस ज्यादा- चीन रूस और नॉर्थ कोरिया मिलकर दे रहे हैं चैलेंज**

नेवी एक्सरसाइज के दौरान खास तरह के हूवरक्राफ्ट भी परखे जाएंगे और ये आसमान से इस एक्सरसाइज पर नजर रखने के साथ डेटा भी जुटाएंगे।

### फौज पर फोकस बढ़ा रही जापान सरकार

» जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पिछले साल दिसंबर में एक मिलिट्री प्लान पेश किया था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार था जब जापान ने सैन्य तैयारियों को लेकर ब्लू प्रिंट तैयार किया और इसकी डेडलाइन के बारे में भी जानकारी दी। जापान सरकार डिफेंस बजट भी दोगुने से ज्यादा कर चुकी है। इसके अलावा वॉर टेक्नोलॉजी में सबसे आगे रहने की तैयारियां भी बहुत तेजी से की जा रही हैं।

» पांच साल का एक डिफेंस प्रोग्राम बनाया गया है और इससे संबंध रखने वाले तमाम विभागों, सेना के तीनों अंगों और अमेरिका को भी इस प्रोग्राम की जानकारी दी गई है। पांच साल के दौरान करीब 290 अरब डॉलर डिफेंस पर खर्च किए जाएंगे। फाइटर जेट्स, वॉर शिप और सबमरीन्स खरीदे जाने हैं। अमेरिका और फ्रांस को ज्यादातर ऑर्डर दिए गए हैं। आर्मी के लिए सिक्योर्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम बनाया गया है। अमेरिका में बने चिनूक हेलिकॉप्टर पहली बार किसी एक्सरसाइज में जापानी सेना इस्तेमाल करेगी।

# रामास्वामी बोले- मैं हिंदू हूं, मेरे लिए शादी पवित्र रिश्ता

**स्वतंत्र प्रभात**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवारी की रेस में शामिल भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने कहा है कि मैं एक हिंदू हैं और मेरी आस्था ने ही मुझे इस प्रेसिडेंशियल कैंपेन तक पहुंचाया है। मेरा मानना है कि दुनिया में एक भगवान हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने हम सबको किसी न किसी मकसद से यहां भेजा है।

रामास्वामी ने आगे कहा- मैं एक पारंपरिक घर में पला-बढ़ा हूं। मेरे माता-पिता ने मुझे सिखाया कि परिवार ही नींव है। अपने माता-पिता का सम्मान करें। शादी बहुत ही पवित्र रिश्ता है। इसका अपमान करना बेहद गलत है। हम कभी भी तलाक को अपनी प्राथमिकता बनाकर नहीं चुन सकते। हम भगवान के सामने शादी करते हैं। उनके और अपने परिवार को शपथ देते हैं।

### रामास्वामी बोले- सभी के अंदर एक भगवान मौजूद हैं

अमेरिका में चुनाव के लिए कैंपेन के दौरान आयोवा में फैमिली फोरम में हिस्सा लेने पहुंचे रामास्वामी ने आगे कहा- भगवान में मेरी आस्था मुझे सिखाती है कि हम सबका एक कर्तव्य है और उसे पहचानना बेहद जरूरी है। हम सब बराबर हैं क्योंकि सभी के अंदर भगवान बसते हैं। यही बात मेरी आस्था की बुनियाद भी है।

रामास्वामी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म ङ्ग पर भी इस इंटरव्यू का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- पिछली रात मुझसे मेरी हिन्दू आस्था के बारे में पूछा गया। मैंने पूरी ईमानदारी से इसका जवाब दिया।

### रामास्वामी, निक्की हेली, डीसैंटिस में दोस्ताना बातचीत

रामास्वामी के अलावा निक्की हेली और रॉन डीसेंटिस भी आयोवा में हुए फैमिली फोरम में पहुंचे थे।ह्लक्की रिपोर्ट के मुताबिक, इस इवेंट में सभी उम्मीदवारों ने एक-दूसरे को उनके नाम से बुलाया और कई बार वो एक-दूसरे की बात से सहमत भी नजर आए। सभी उम्मीदवारों ने इजराइल, चीन और रूस-यूक्रेन जंग पर अपनी विदेश नीतियों के लेकर चर्चा की। हालांकि, इस चर्चा का ज्यादातर हिस्सा दोस्ताना ही रहा।

38 साल के विवेक रामास्वामी का जन्म ओहायो में हुआ था। उनके माता-पिता भारत के अप्रवासी थे। विवेक ने हावर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की।

येल में पढ़ाई के दौरान ही उनकी मुलाकात अपूर्वा से हुई थी। दोनों ने साल 2015 में शादी की थी।

2014 में उन्होंने अपनी खुद की बायोटेक कंपनी, रोइवंत साइंसेज की स्थापना की, जिसने उन दवाओं के लिए बड़ी कंपनियों से पेटेंट खरीदे। रामास्वामी ने 2021 में ष्टश्वह्र पद से इस्तीफा दे दिया था।



**कहा- इसका अपमान करना गलत, मेरी आस्था ने ही मुझे यहां तक पहुंचाया**

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात द्वारा किया गया छठ घाट का निरीक्षण



**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा गोपालगंज जिले में छठ महापर्व के पूर्व तैयारी को लेकर हजियापुर छठ घाट, सदर ब्लॉक छठ घाट, वी0एम0 इंटर कॉलेज छठ घाट आदि घाटों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में निम्नलिखित निदेश दिया गयाः- छठ घाट पर साफ-सफाई की व्यवस्था।, भीड नियंत्रण हेतु विशेष ध्यान।, गहरे पानी में बैरिकडिंग।, संवेदनशील घाटों परै क्त्थ्, गोताखोर, नाव की व्यवस्था।, छठ घाटो से कुछ दूरी पर वाहनों की पार्किंग की सुविधा।, वॉच टावर नियंत्रण कक्ष।

सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी को अपने निर्धारित स्थल पर रहने का निदेश दिया गया। उक्त निरीक्षण में सदर एस0डी0ओ0 एस0डी0पी0ओ0,प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, गोपालगंज आदि उपस्थित थे।

### तहसील दिवस में पहुंचे एडीएम प्रशासन सुनी शिकायतें शीघ्र निस्तारण का निर्देश



**बरेली/नवाबगंज** संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एडीएम प्रशासन दिनेश पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश कुमार मिश्रा दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस के अंतर्गत आए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया यहां पर चक मार्गो से लेकर पट्टों की जमीन पर अवैध कब्जे विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन जैसे आदि मामले छाए रहे एडीएम प्रशासन ने सभी शिकायतों के निस्तारण करने हेतु अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए यहां पर छे दर्जन से अधिक शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें पुलिस से संबंधित मामलों में भी थाना प्रभारी को निस्तारण का निर्देश पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मिश्रा ने दिया इसी क्रम में सहायक पुरी की लक्ष्मी देवी पत्नी छत्तरपाल थाना भोजीपुरा ने जगह पर जबरन निर्माण होने की शिकायत की इस पर भी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया तहसील दिवस में उपस्थित रहे एडीएम प्रशासन दिनेश पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश कुमार मिश्रा एसडीएम नहने राम तहसीलदार आशीष कुमार सिंह क्षेत्राधिकार नवाबगंज चमन सिंह छाबड़ा खंड विकास अधिकारी भदपुरा भगवान दास बाल विकास परियोजना अधिकारी नवाबगंज सुषमा राठौर गन्ना समिति सचिव मेधा द्विवेदी समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे तहसील दिवस के समापन के बाद अधिकारियों ने अधीनस्थों को कड़े निर्देश देते हुए समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया

## यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन का वर्षगांठ हजारों फार्मासिस्टों ने मनाया

**» संगठन आगामी वर्षों में अपने 6 मुद्दो पर कार्य करेगा और संगठन मजबूत करेगा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ** संस्थापक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिती में संगठन का प्रथम वार्षिक अधिवेशन लखनऊ के एक प्रतिष्ठित होटल (हाइफा कॉन्टिनेंटल, गोमती नगर, लखनऊ) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक, सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त (औषधि) रमाशंकर जी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन पुरे देश में बहुत ही मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है जल्द ही सभी राज्यों में संगठन का विस्तार कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनित त्यागी जी ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन आगामी वर्ष में भिन्न भिन्न मुद्दों पर कार्य करेगा-

1-उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के सभी प्रदेशों में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन एक्ट 2015 जिन राज्यों में अभी तक लागू नहीं हुआ है, उन सभी राज्यों में पर 2015 जल्द से जल्द लागू करने के लिए संगठन प्रयास करेगा।

2- संगठन का दूसरा लक्ष्य उत्तर प्रदेश में फार्मासिस्टो के कैडर पुनर्गठन का रहेगा, जिसके लिए संगठन की तरफ से पांच सदस्यों की टीम बनाकर हाई कोर्ट लखनऊ बेंच में एक रिट दाखिल की जाएगी।

3- पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जी अपने सहयोगी साथियों के साथ सरकार से अपनी मांगे रख रहे हैं इसके बावजूद भी सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है, उन मांगों को लेकर यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन आगामी कुछ माह बाद लखनऊ में एक धरना प्रदर्शन प्रस्तावित किया जाएगा।

4.- आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में संगठन की तरफ से एक प्रदेश कार्यालय स्थापित करने का विचार हुआ है, जिसके लिए संगठन की तरफ से सरकार से पत्राचार की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है जल्द ही संगठन का कार्यालय बनाया जाएगा।

5 उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के समस्त कार्यों को समय पर न होने के कारण फार्मासिस्ट भाई बंधु में काफी रोष है, इसका मुख्य कारण आज तक फार्मेसी काउंसिल में सरकार की तरफ से 5 सदस्य नामित नहीं किए गए हैं जिसके फल स्वरुप आज तक कार्उसिंल में कोई भी फार्मासिस्ट किसी पद पर नहीं है। जल्द ही काउंसिल में सरकार से वार्ता करके कौंसिल अध्यक्ष और रजिस्ट्रार का पद फार्मासिस्ट को दिया जाए इसके लिए संगठन प्रयास करेगा।

6. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजना पीपीपी-मॉडल का लाभ फार्मासिस्ट भाई बंधु को मिले इसके लिए संगठन की पांच सदस्य की टीम उत्तर प्रदेश सरकार से वार्तालाप करेगी। ऐसे ही सभी पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बातें रखीं और मजबूती से संवर्ग को आगे बढ़ाने का प्रण लिया। वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे संगठन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश कार्यकारिणी के सहयोग से हम 54 जनपदों में मजबूती के साथ काम कर रहा है। कौंसिल से सम्बंधित औषधि विभाग से संबंधित जो भी समस्याएं हमारे तक आती है उनका शत-प्रतिशत निवारण हमारी टीम के माध्यम से कराई जाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थापक सदस्य दुर्गा शंकर शुक्ला, मुजफ्फर अली ,प्रदीप कुमार शुक्ला, अमरदीप सिंह, अर्चना दत्ता, अभय कुमार वर्मा, रमेश चंद्र बघेल, रिजवान अहमद, उत्तर प्रदेश प्रभारी इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक ईश्वर चंद्र गिरी, प्रदेश अध्यक्ष आईटी सचिन सैनी, प्रदेश अध्यक्ष महिला पूर्णिमा चौधरी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, सम्पूर्णानंद, मीडिया इंचार्ज कामरान खान सहित समस्त मंडल अध्यक्ष व समस्त जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।



## भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य की जनता का जताया आभार

**स्वतंत्र प्रभात**

**रांची, झारखंड-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा ने झारखंड की जनता के प्रति आभार जताया है । भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा विशेष कर आदिवासी समाज के प्रति आभार प्रकट करती है, जिन्होंने लाखों की संख्या में खूंटी पहुंचकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना । कहा कि आजादी के 76 वर्षो के इतिहास में नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर पहुंचकर उन्हें नमन किया । राज्य की जनता, प्रदेश का जनजाति समूह उनके इस सम्मान को कभी भूल नहीं पाएगा । आने वाली पीढ़ियां उसे युगों तक याद करेगी। आदित्य साहू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर प्रधानमंत्री ने झारखंड में सौगातों की बारिश की है पीएम के हाथों से इतना बड़ा उपहार पाकर झारखंड की जनता,आदिवासी समाज खुशियां मना रहा है, लेकिन राज्य की जनता को ठगने वाले और जल, जंगल, जमीन की लूट मचाने वाले कांग्रेस, झामुमो के नेता हताश और निराश हैं. उन्हें कार्यक्रम की सफलता पच नहीं रही इसलिए उल्टी सीधी और असंवैधानिक बातें कर रहे हैं । इनसे राज्य की जनता अच्छे सोच की उम्मीद भी नहीं करती है इन्हें अपने खिसकते जनाधार को लेकर चिंता सताने लगी है रात की नींद और दिन में चैन खत्म हो गया है ।

## घरेलु विवाद के चलते महिला ने गटका जहर, मौत

बांदा। चादर धोने को लेकर पति से विवाद होने के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे को जानकारी हुई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पिपराहरी गांव निवासी अभिलाषा (24)पत्नी अवधेश ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर ष्घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो ने चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि चारपाई मे चादर पड़ी थी। जिसे बिल्ली ने गददा कर दिया था। अभिलाषा को धोने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। वह खुद ही चादर धोने लगा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर अभिलाषा ने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया। उधर मृतका के पिता श्यामलाल ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी मई 2022 में की थी। उसके एक पुत्र है। अभिलाषा नवरात्रि में बड़े भाई के दहिनवारा संस्कार में आई थी। दशहरा में वह ससुराल चली गई थी। अरोप है कि सास से अक्सर विवाद होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह आगे की कार्रवाई करेगा।

## चंपा नदी छठ घाट पर कर्ण भी दान दिया करते थे, पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव





**नाथनगर (बिहार)** पूजा शांति समिति के सभी लोग रात दिन एक कर पूरे छठ घाट को दुल्हन की तरह तैयार किए थे। नाथनगर चंपा नदी घाट ऐतिहासिक घाट है। बीच गंगा में सूर्य भगवान का प्रतिमा स्थापित किया गया था।1983 से ही शांति सद्भाव भाईचारे के साथ छठ को मनाया गया।काफी संख्या में छठ व्रतियों का जन सैलाव देखने को मिला। कर्ण ने भी दान दिया करते थे। पूजा शांति समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि जिला प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला। आगे कहते हैं कि हमारे समिति के सभी लोग दिन रात मेहनत कर छठ घाट को तैयार किया गया। दुल्हन की तरह छठ घाट को सजाया गया था। पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव महामंत्री देवाशीष बनर्जी, संरक्षक भावेश यादव, अशोक राय, अमरकांत मंडल अन्य समिति के लोग उपस्थित थे ।

# 10 साल में कितनी सुधरी रेलवे की दशा- किराया आसमान पर, वेटिंग लिस्ट हजारों में

**स्वतंत्र प्रभात**

**भारत** में ट्रेन हर रोज लाखों लोगों को उनके गंतव्य पर पहुंचाती है. यह यातायात का बड़ा साधन है और देश में ज्यादातर व्यक्ति लंबी दूरी के लिए रेलवे को सबसे सस्ता और तेज विकल्प मानते हैं. अलग-अलग ट्रेन से सफर करने वाले लाखों यात्री तो ऐसे हैं जो हर रोज ट्रेन से ही ऑफिस से घर और घर से ऑफिस का सफर तय करते हैं.

रेलवे में कौन सी ट्रेन किस वक्त चलेगी, किस बर्थ में सीट है इन सभी जानकारियों के लिए लोग रेलवे या फिर आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर आते हैं. आईआरसीटीसी की ये वेबसाइट दुनिया भर में सबसे ज्यादा हिट होने वाली वेबसाइटों में से एक है, यहां हर मिनट औसतन 12 लाख हिट होते हैं.

हालांकि भारतीय रेलवे द्वारा दिए जा रहे तमाम सुविधाओं के बाद भी त्योहारों के समय यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. कई यात्रियों का तो कहना है कि 3 महीने पहले टिकट बुक किए जाने पर भी उन्हें कन्फर्म सीट नहीं मिल पाता. भारतीय रेल ने अब इस समस्या को खत्म करने के लिए एक योजना तैयार कर ली है.

### क्या है अगली योजना?

दरअसल त्योहार के दौरान वेटिंग लिस्ट वाले टिकटों की स्थायी समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने अगले 4-5 सालों में अपने नेटवर्क पर 3,000 अतिरिक्त मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है. सरकारी रिपोर्ट की मानें तो फिलहाल हर साल लगभग 800 करोड़ व्यक्ति ट्रेन में सफर करते हैं और यह संख्या आने वाले पांच सालों में 1,000 करोड़ तक भी पहुंच सकता है, जिसके लिए बड़े पैमाने पर विस्तार की आवश्यकता होगी.

रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार वर्तमान में हर रोज 10748 ट्रेनें चल रही हैं. कोरोना महामारी से पहले इन्ही ट्रेनों की संख्या 10,186 थी. लेकिन आने वाले 4-5 सालों में इस संख्या को बढ़ाकर 13000 करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे हर साल ट्रैक को बढ़ा रही है. अभी 4 से 5 हजार किलोमीटर ट्रैक का नया जाल बनाया गया है. रेलवे मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार आने वाले 3- 4 सालों में 3000 और नई ट्रेनों को ट्रैक पर उतारने की योजना है.

### बढ़ते किराए से भी यात्री परेशान

त्योहार के वक्त घर जाने के लिए हर कोई उत्सुक होता है. ऐसे में लंबी वेटिंग लिस्ट तो लोगों के परेशानी का कारण है ही लेकिन इसके अलावा पिछले कुछ सालों में त्योहार के दौरान ट्रेन का बढ़ता किराया भी लोगों को सफर करने से रोकने का एक बड़ा कारण बनता जा रहा है. इस बार तो स्थिति और भी बदतर लग रही है. ट्रेन के किराए प्लेन को मात दे रहे हैं. त्योहारों के बाद भी किराए आसमान पर हैं.

उदाहरण के तौर पर हमने भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट आईआरसीटीसी पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से लेकर पटना जंक्शन के लिए 21 नवंबर की ट्रेन के लिए इंक्वायरी की. इस दौरान पहली ट्रेन सामने आती है मुंबई-पटना सुविधा एक्सप्रेस. 21 नवंबर के लिए स्लीपर क्लास में वेटिंग 20 पर है और किराया 2,625 रुपये पर. वहीं फेयर का ब्रेक अप चेक करने पर पता चलता है कि इस ट्रेन से सफर करने का मूल किराया 857 रुपये है. उसमें 20 रुपये का रिजर्वेशन चार्ज और 30 रुपये का सुपर फास्ट चार्ज लग रहा है.

अब किराया बढ़ने में जिस चीज से सबसे बड़ा फर्क पड़ रहा है, वह है डायनामिक फेयर. ब्रेक अप में डायनामिक फेयर 1,714 रुपये दिखाए जा रहे हैं. जो कि मूल किराए का सीधा डबल है. टोटल किराया इस तरह से मूल किराए के तीन गुने से ज्यादा हो जा रहा है.

### थर्ड एसी का किराया सुनकर रह जाएंगे हैरान

वहीं इसी ट्रेन में थर्ड एसी में 36 टिकट मौजूद थे. थर्ड एसी के मामले में बेस फेयर 2,083 रुपये मिल रहा है. उसके ऊपर टिकट बुक करने वाले को 40 रुपये का रिजर्वेशन चार्ज और 45 रुपये का सुपर फास्ट चार्ज भी देना अनिवार्य है. वहीं डायनामिक किराए की बात करें तो इस मामले में भी मूल किराए का डबल यानी 4,166 रुपये हो जा रहा है. थर्ड एसी के टिकट में 317 रुपये की जीएसटी लग रही है. इस तरह 21 नवंबर के लिए टोटल किराया 6,655 रुपये पर पहुंच जा रहा है.

### पिछले 10 साल में कितनी बदली भारतीय रेलवे की स्थिति

साल 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में आई थी. अब 2024 में उनके शासनकाल को 10 साल पूरा हो जाएगा. ऐसे में रेलवे द्वारा जारी किए गए आंकड़े में बताया गया है कि साल 2014 में देश में 1561 किलोमीटर के रेलवे ट्रेक बिछाए गए थे. जो अब 2023 में 5243 किलोमीटर हो चुका है.

इसके अलावा साल 2014 में हल्के यात्री कोच (ख्रुक्क ष्थ्इड्ढष्द्ध) की उत्पादन क्षमता 543 थी जो कि 10 सालों में बढ़कर 5869 हो गई है. साल 2014 में इलेक्ट्रिक लोको की क्षमता भी केवल 264 थी जो कि अब बढ़कर 1185 हो गई है.

ख्रुक्क कोच यानी लिंक हॉफमैन बुश कोच को भारतीय रेलवे में पहली बार साल 1999 में शामिल किया गया था. वर्तमान में इस कोच का निर्माण कपूरथला रेल कोच फैक्ट्री में किया जाता है. ये कोच पैसेंजर्स के लिए काफी आरामदायक होते हैं. किसी तरह की दुर्घटना होने पर इस कोच में बैठे यात्री कम क्षतिग्रस्त होते हैं और इससे पैसेंजर्स के सुरक्षित रहने की संभावना बढ़ जाती है.

### क्या कहती है आम जनता

पटना के रहने वाले 25 साल के विवेक पिछले 5 सालों से दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं. उन्होंने एबीपी से बात करते हुए बताया कि छठ या दिवाली दो ऐसे त्योहार है जिसमें उनका पूरा परिवार एक दूसरे से मिलता है. विवेक भी कोशिश करते हैं कि हर साल वह कम से कम इस त्योहार पर तो घर जाने की कोशिश करते ही है. उन्होंने कहा कि दिल्ली से पटना का ट्रेन दो महीने पहले टिकट करवाने के बावजूद इस बार उनका टिकट कन्फर्म नहीं हुआ और अंतत उन्हें बस का सहारा लेना पड़ा. उन्होंने कहा कि आम दिनों पर भी टिकट का एक बार में कंफर्म होना बहुत मुश्किल हो जाता है ऐसे में त्योहार के वक्त क्या ही बोला जाए, हां हमें अपने घर जाने में बहुत दिक्कत होती है और बिहार सरकार और केंद्र सरकार से यही गुजारिश करेंगे कि कम से कम इन दो पर्वों में ऐसी सुविधा देने की कोशिश की जाए कि लोग बिना किसी परेशानी के अपने घर चले जाए.



वहीं 22 साल कि अनमोल पाठक ने एबीपी के इसी सवाल के जवाब में कहा कि ट्रेन का किराया इतना महंगा है कि हमें टिकट करवाने से पहले भी सोचना पड़ता है. उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए सरकार को कुछ छूट तो देनी ही चाहिए. हम दिल्ली में भी जैसे तैसे ही घर का किराया और कॉलेज की फीस दे पाते हैं. ऐसे में जब घर जाने के लिए 5 हजार की टिकट करवाना हो तो सोचना पड़ जाता है.

54 साल के धीरेंद्र कुमार ने एबीपी से बातचीत में कहा कि त्योहार के सीजन में ट्रेन से लेकर बस हर जगह का किराया बढ़ जाता है, भीड़ इतनी हो जाती है कि ट्रेन या बस में सांस लेने की भी जगह नहीं बचती, ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों की हो जाती है. मेरा परिवार हर छठ- दिवाली पर घर जाना तो चाहता है लेकिन इसी भीड़ से बचने के लिए हम कोशिश करते हैं कि या तो त्योहार की शुरुआत से 10 दिन पहले चले जाएं या फिर त्योहार के बाद ही जाए. उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क है इसलिए सरकार को यात्री करने वाले यात्रियों के सुविधा का ख्याल रखना चाहिए. वर्तमान में जितने ट्रेन हादसे हो रहे हैं उससे ये तो साफ है कि कही न कही रेलवे प्रशासन धीमी पड़ रही है.

### भारतीय रेल के बारे में सबसे ज्यादा गूगल किए जाने वाले सवाल

#### भारत में कब हुई ट्रेन की शुरुआत

16 अप्रैल 1853 को भारत में सबसे पहली बार ट्रेन की शुरुआत हुई थी. पहली ट्रेन मुंबई के बोरी बंदर से ठाणे के बीच चलाई गई थी. इस रूट की लंबाई करीब 34 किलोमीटर थी.

#### दिल्ली और कोलकाता के बीच ट्रेन सेवा कब शुरुआत कब हुई ?

साल 1864 में पहली बार दिल्ली और कोलकाता के बीच ट्रेन सेवा की शुरुआत हुई थी. उस समय प्रयागराज में यमुना नदी पर कोई पुल नहीं था, इसलिए ट्रेन के डिब्बों को नाव के जरिए नदी के उस पार ले जाया जाता था.

#### मुफ्त में यात्रा करने वाली ट्रेन?

भाखड़ा और नांगल के बीच एक ट्रेन चलाई जाती है, जिसके लिए टिकट नहीं लगता. भाखड़ा और नांगल पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर मौजूद है. इस ट्रेन से मुफ्त में यात्रा कर सकते हैं. यह सफ़र क़रीब 13 किलोमीटर लंबा है.